ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • वैशाख शुक्ल पक्ष 13 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 03 मई 2023 • वर्ष-29 • अंक-196 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



'जुबली' के लिए जीनत अमान से मिली प्रशंसा से ... पेज 10 पर

झारखण्ड के इतिहास में पहली बार
शिक्षा क्रांति में जुड़ा नया आयाम

80 उत्कृष्ट विद्यालय का हुआ शुभारंभ

प्रवेश प्रारंभ

325 प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालय | 4,091 ग्राम पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय

- अत्याधुनिक आधारभूत संरचना
- डिजिटल स्मार्ट क्लास
- CBSE मान्यता प्राप्त अंग्रेजी माध्यम स्कूल
- सूचना प्रौद्योगिकी का मजबूत ढांचा
- विज्ञान एवं भाषा लैब्स
- राष्ट्रीय स्तर का खेल प्रशिक्षण



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड











PR No. 296374 (IPRD) 2023-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

NEWS इन ब्रीफ

## संत मरियम के कराटेकारों का शानदार प्रदर्शन

**मेदिनीनगर।** मुम्बई में आयोजित नेशनल ओपेन अमेच्योर मिक्सड मार्शल- आट्र्स चैम्पियनशिप में संत मरियम विद्यालय के एम0 एम0 ए0 खिलाड़ियों ने चुस्ती-फुर्ती के साथ अपने- अपने वेट कटेगरी में फाईट करते हुए एक सिल्वर ओर दो ब्राउज मेडलो की जीत अपने नाम किया। विजयी प्रतिभागियो में शिव दयाल सिंह वेट 28 ै सिल्वर मेडल, शशिकांत कुमार सिंह वेट 25 ै एंव आनंद कुमार वेट 52 ै शामिल है ।यह प्रतियोगिता प्रो0 एम0 एम0 लीग के तत्वावधान में 28 - 29 अप्रैल को मड आईलैंड मुम्बई में किया गया। विदित हो की इस चैम्पियनशिप में 21 राज्यों के खिलाड़ीयों ने हिस्सा लिया था । जीते हुए संत मरियम विद्यालय के खिलाड़ीयों को एम एम ए डायरेक्टर निमित्त सहानी ने मेंडल व प्रशस्ति - प्रत्र देकर सम्मानित किया । यह जानकारी एम एम ए कोच शिहान संतोष कुमार ने दिया ।कराटेकारों के सफलता पर बधाई देते हुए स्कूल के चेयरमैन श्री अविनाश देव ने कहा कि छात्रों की सफलता से स्कूल गौरवान्वित है । प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया । निश्चित तौर पर आने वाले समय में अपने लक्ष्य को केंद्रित करते हुए ,अथक परिश्रम और सही मार्गदर्शन में सभी छात्र गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल समेत पूरे जिले का नाम रौशन करेगें।

## उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को अपने कार्यालय वेश्म में जनता दरबार का आयोजन किया। आज के जनता दरबार में लगभग 30 आवेदन प्राप्त हुये जिस उपायुक्त ने सभी आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी के पास भेज 15 दिनों के भीतर निष्पादन करने का निर्देश दिया ।उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे के कार्यालय वेश्म में जनता दरबार का आयोजन किया गया।

# कलश यात्रा के साथ मां देवी प्राण प्रतिष्ठा व शतचंडी महायज्ञ शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत के दिनेश सिंह चौक स्थित चार धाम में मां देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ सोमवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा मे हजारों की संख्या मे महिलाएं ,पुरुष व बच्चे शामिल हुए। कलश यात्रा का उद्घाटन स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता रविंद्र कुमार सिंह, बिनोद कुमार सिंह व कर्नल संजय सिंह ने संयुक्त रूप से कलश यात्रियों को रवाना कर किया। जो शहर के मुख्य चौक चौराहों पर होते हुए देवरी सोन नदी पहुंचा। जल यात्रा के दौरान जय श्री राम के उद्घोष से पूरा वतावारण भक्ति मय हो गया। सोन नदी पहुँचने पर अयोध्या से पहुँचे पंडित दुर्गेश शास्त्री जी महाराज ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर कलश में जल भरी की रस्म पुरा कराई। जल भरी के बाद लोगो कलश के साथ यज्ञ स्थल पर पहुंच। मौके पर दुर्गेश शास्त्री महाराज ने कहा की यज्ञ के आयोजन से सिर्फ मनुष्य ही नहीं, बल्कि जीव जंतुओ का भी कल्याण होता है। मनुष्य के सभी कर्मो मे यज्ञ श्रेष्ट कर्म है। उन्होंने कहा की यज्ञ में होने वाले हवन से वातावरण शुद्ध होता है। मौके पर भाजपा नेता रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह के सनातनी कार्यो से हिंदू धर्म में लोगों की आस्था बढ़ती है। साथ ही लोगों मे एक अच्छे संस्कार का वास होता है और एक समाज के नवनिर्माण मे सहयोग होता है। मौके पर यज्ञ समिति चार धाम के अध्यक्ष पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने बताया की बुधवार को मां देवी की प्राण प्रतिष्ठा और समापन 5 मई को पूर्णहुति सह महाप्रसाद वितरण के साथ होगी। इस मौके पर अजय गुप्ता, रमेश यादव, मुन्ना कुमार देव, अर्जुन साव, भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, रणविजय सिंह, बिनोद चौधरी, महेंद्र प्रसाद, नंदा विश्वकर्मा, सतेंद्र प्रसाद गुप्ता, कुंदन साव, समेत कई धर्म प्रेमी शामिल थे। वहीं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को नगर भ्रमण किया गया। कई लोग शामिल हुए।

## श्रम कानून की उड़ रही है धज्जियां : कर्नल संजय

**हुसैनाबाद।** मई दिवस पर भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश के संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ। संजय कुमार सिंह ने गांवों में मजदूरों के साथ उनकी समस्या को साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत देश की अर्थव्यवस्था मजदूरों के हाथों में है। उनकी कड़ी मेहनत से कल कारखानों के पहियों को घुमाने से देश आगे बढ़ता है। किन्तु मजदूरों को काम की उचित मजदूरी नहीं मिलती। श्रम कानून का दुरुपयोग किया जा रहा है। सरकार की तय मजदूरी से उनका जीवन यापन नहीं चलता। उनके कल्याण के कामों में योगदान, मजदूरों के बच्चों के पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था सुनिश्चित करना, आपदा के घड़ी में सरकारी राहत उनके परिजनों तक उचित माध्यम से पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक इस देश का मजदूर खुशहाल नहीं होंगे तब तक देश खुशहाल नहीं हो सकता है। उन्होने मजदूरों को उचित शिक्षा, स्वास्थ्य सहित कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास तत्काल प्रभाव से करने की भी मांग श्रम मंत्रालय से की है।

## किरण प्रसाद अनुसूचित जाति महासभा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष बनी

**हरिहरगंज।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में बैठक हुयी। इसमें पिपरा प्रखंड के बभंडी गांव निवासी किरण प्रसाद को अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के महिला मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। किरण प्रसाद क्षेत्र की सक्रिय समाजसेवी है। वे गत पंचायत चुनाव में पिपरा जिला परिषद सदस्य के लिए चुनाव भी लड़ चुकी है। वहीं किरण प्रसाद ने कहा वह पूरी निष्ठा तथा बगैर भेदभाव किए समाज व संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रयत्नशील रहेंगी। इस अवसर पर महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष आरपी रंजन, संस्थापक सदस्य नागेंद्र प्रसाद, पलामू जिला अध्यक्ष कृष्णा राम, गढ़वा जिला अध्यक्ष चंदन सिंह गौतम, हजारीबाग जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार, रांची जिला अध्यक्ष वीरेंद्र रंजन, संतोष कुमार, डॉ रिशु नायक सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के केवालपर गांव में नवनिर्मित मंदिर में राधा-कृष्ण तथा हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को गाजे-बाजे, जयघोष के साथ कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमे राजद नेता सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव, अमरेश यादव उर्फ रवि जी सहित सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु भाग लिये। शोभायात्रा केवाल पर गांव के विभिन्न रास्तों से होते हुए बटाने नदी पहुंची। जहां आचार्य धनंजय मिश्रा के द्वारा मंत्रोच्चारण के बाद कलश में जल भरकर मंदिर लाया गया। इस मौके पर कमलेश कुमार यादव ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से क्षेत्र में सुख शांति एवं समृद्धि आती है। मौके पर श्रोता उमेश यादव, विजय यादव, संदीप कुमार, संजय, उदय, सुरेंद्र, ललन, मोहन, मदन ठाकुर, गीता देवी सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

## इंडियन पब्लिक स्कूल नए भवन में हुआ शिफ्ट

**हरिहरगंज।** थाना के दुर्गा मंदिर समीप संचालित इंडियन पब्लिक स्कूल अब बंजारी मजार समीप सतगांवा रोड स्थित नए भवन में शिफ्ट हो गया है। डायरेक्टर फरहा नाज ने बताया कि इंडियन पब्लिक स्कूल नए भवन में नई टेक्नोलॉजी के साथ सीसीटीवी कैमरा, हवादार रूम, आकर्षक क्लास, अनुभवी शिक्षकों द्वारा पढ़ाई के अनुकूल वातावरण के साथ शुभारंभ किया गया है। वही प्रिंसिपल इंजीनियर राशिद फैजी ने कहा कि विद्यालय एक ऐसी संस्था है, जहाँ बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं नैतिक गुणों का विकास होता है। इंडियन पब्लिक स्कूल में नर्सरी से कक्षा 8 तक की पढ़ाई की जाती है। इस अवसर पर कुटुंबा विद्यालय के प्रधानाध्यापक फैजुल रहमान, जुबेर अंसारी, मैनेजिंग डायरेक्टर मो इसरार आलम, शिक्षक सत्येंद्र सिंह, फिरोज, अकरम, उदय, मो अख्तर, शिकिया खान, गौसिया प्रवीण, आफरीनाज ,नाजिया, फलक, नाजनीन, प्रिया कुमारी सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## स्व. हरिहर सिंह की प्रतिमा का विधायक ने किया अनावरण

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड परिसर स्थित मुख्य द्वार के समीप स्थापित पूर्व विधायक स्व. हरिहर सिंह की प्रतिमा का मंगलवार को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अनावरण किया। अनावरण के उपरांत विधायक कमलेश कुमार सिंह समेत अन्य लोगों ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के मौके पर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि स्व. हरिहर सिंह का व्यक्तित्व आदर्शवादी था। वह समाज के सभी लोगों में प्रिय रहे। यही वजह है कि उनकी प्रतिमा अनावरण के इस कार्यक्रम में सभी दल सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हरिहर बाबू के आदर्शो पर चलकर ही बेहतर समाज की कल्पना की जा सकती है। उन्होंने हरिहर बाबू को नमन किया और उन्हे श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम में ओवर ब्रिज निर्माण कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर देवेंद्र प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, पप्पू सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, चंदन सिंह, टुन्ना सिंह, विनय पासवान, बुधन राम, धनंजय सिंह, प्रिंस शर्मा, विजय राजवंशी, राजकुमार ठाकुर के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पति पत्नी राजी खुशी लौटे घर
## एलएडीसी डिप्टी चीफ ने करायी सुलह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पति पत्नी के बीच चल रहे विवाद को जिला विधिक सेवा प्राधिकार में रिटेनर व एलएडीसी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय के प्रयास से सुलह करा दिया गया है । ज्ञात हो कि लड़की ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आवेदन देकर ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए तथा भरण पोषण नही देने को लेकर मामले में करवाई की गुहार लगाई थी। मामला को प्री लिटिगेशन के तहत विविध आवेदन संख्या 38/2023 दर्ज कर लड़के के ससुराल वालों को नोटिस भेजकर कर बुलाया गया था। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने इस मामले की मध्यस्थता कराने हेतु एलएडीसी को आगे अग्रसारित किये थे तथा लड़का को पक्ष रखने को कहा गया था। लड़का व लड़की दोनो पक्ष एलएडीसी कार्यालय में उपस्थित हुए। दोनों पक्षों से बातचीत की गई। दोनों पति पत्नी साथ रहने पर सहमति व्यक्त किये। दोनों पक्ष के द्वारा संयुक्त सुलहनामा दाखिल किया गया। इस प्रकार पति पत्नी के दरकते रिश्ते को बचा लिया गया व पति पत्नी दोनों अपने बच्चे के साथ चले गए। गौरतलब है कि यह मामला पाटन थाना अंतर्गत सेमरी गांव का था। एलएडीसी इस तरह के मामले के अलावे गरीबों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करा रहे हैं। डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि मामला समझौता हो जाने से एक घर बस गया साथ ही आर्थिक मानसिक परेशानी से लोगों को राहत मिल गयी। विवाद का समाधान भी शीघ्र हो गया।

# बीस सूत्री सदस्यों ने मोर्चा खोला

**छतरपुर।** प्रखंड के एमओ निर्मल सिंह के खिलाफ बीस सूत्री सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है यह जानकारी बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह एवं उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। जिसमें कि बीस सूत्री की दूसरी बैठक में उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने प्रखंड में जिले से आवंटन नहीं मिलने के बावजूद भी लाभार्थियों को अनाज वितरण किए जाने एवं जिस माह में अनाज प्राप्त हुआ है उस माह में वितरण नहीं किए जाने के मुद्दे को उठाया। जिसके जवाब में एमओ निर्मल सिंह ने कहा कि यह सारा घालमेल सरकार के द्वारा किया जा रहा है । जो बेहद गैरजिम्मेदाराना है ।पूरे छतरपुर प्रखंड में जन वितरण में भ्रष्टाचार चरम पर है। लाभुकों को अनाज के जगह पर ईंट एवं पत्थर डालकर पर्ची निकाला जाता है एवं बाद में उन्हें कम अनाज दिया जाता है। अभी भी सैकड़ों लाभुक ऐसे हैं जिनके पास 5 से 6 माह का पर्ची पड़ा हुआ है और उन्हें अनाज नहीं दीया गया है जो लोग इसका विरोध करते हैं उनका कार्ड पंद्रह से बीस किलोमीटर दूर डीलर के यहां ट्रांसफर करके परेशान किया जाता है और अपने पाप को छुपाने के लिए एमओ के द्वारा सरकार को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है जो कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कॉमर्शियल गैस के दाम घटे, घरेलू गैस के दाम यथावत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मजदूर दिवस को आम ग्राहकों के लिए बेहतर खबर आई। जो भी उपभोक्ता कॉमर्शियल सिलेंडर का उपयोग करते है। उनके लिए गैस ऐजेंसी ने राहत दी है। एलपीजी सिलेंडर सस्ता हो गया है। इस बार कॉमर्शियल सिलेंडर 171.50 रुपये सस्ता हो गया है। नये रेट अपडेट हो गए हैं। सिलेंडर के दाम में कमी सिर्फ कॉमर्शियल सिलेंडर में हुई है। घरेलू गैस के दामों में अभी भी कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। पलामू में घरेलू गैस की कीमत 1160 रुपये है। जबकि घरों तक लाने के लिए ऐजेंसी के द्वारा 40 रुपये अलग से लिये जाते है। पलामू के लोगो को कुल 1200 रुपये का खर्च होता है। कॉमर्शियल सिलेंडर भी अलग अलग राज्यो में अलग अलग दर से मिलता है। जैसे दिल्ली में 1856.50 रुपये, कोलकाता में 1960.50 रुपये, मुंबई में 1808.50 रुपये और चेन्नई में 2021.50 रुपये में मिलेगा।

## विधायक ने एक करोड़ 26 लाख की योजनाओं का दी सौगात

**पाटन।** प्रखंड के ग्राम सुठा व पचकेडिया में उप स्वास्थ्य केंद्र, भवन निर्माण और ग्राम सातौआ, सतहें में कब्रिस्तान की चारदीवारी के निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक पुष्पा देवी ने किया ।इस मौके पर पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार भी उपस्थित थे। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतरी के लिए हमलोग लगातार सजग रहे है। चाहे वह चिकित्सको की बहाली हो या आवश्यक संसाधन। यह भी सत्य है कि हेमन्त सरकार में स्वास्थ्य सेवाएं निर्बाध गति से नही चली है। अब आम जनता को बहुत कुछ बताने की जरूरत नही है। जनता भलीभांति जानती है कि राज्य के मुख्यमंत्री और उनका कैबिनेट किन कामों में मशगूल है। इस कार्यक्रम में पकड़िया मुखिया बसंती देवी, वार्ड सदस्य हेमंती देवी, धनेश्वर मेहता, सुरेश महतो, मुहाफिज अंसारी, जैनेंद्र यादव, नंदकिशोर यादव, नागेंद्र प्रसाद, रमेश चौधरी, विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, शुभम क्रांति, कुंदन दुबे, नवीन दुबे, कार्यसमिति सदस्य, अशोक तिवारी एवं सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में बघमंवा का युवक घायल

**विश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के बघमंवा तीखे मोड़ पर हुई सड़क दुर्घटना में बघमंवा का एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसकी पहचान 18 वर्षीय बघमंवा निवासी बिमलेश कुमार पिता शिव गुप्ता के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार,युवक अपने तीन साथियों के साथ विश्रामपुर से बाइक द्वारा अपने घर बघमंवा जा रहा था। तभी बघमंवा तीखा मोड़ पर पांडु की ओर से आ रही कमांडर जीप से युवक की बाइक से भीषण टक्कर हो गई। जिसमें बाइक चला रहे बिमलेश का दाहिना पैर पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसे अविलंब सीएचसी विश्रामपुर में लाकर भर्ती कराया गया। जहां कि चिकित्सीय टीम ने युवक के प्राथमिक उपचार के तुरंत बाद स्थिति की नजाकत को समझते हुए 108 एंबुलेन्स की मदद से जिला अस्पताल मेदनीनगर रेफर कर दिया। वहीं बाइक सवार अन्य दो युवकों को मामूली चोटे आई है।

## जहर खाने से युवक की मौत

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर पूर्वी पंचायत मुख्यालय के बाजार क्षेत्र अंतर्गत पवन कुमार मेहता के 20 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार की मौत एमएमसीएच मेदनीनगर ले जाने के दौरान रास्ते में पड़वा मोड़ के समीप हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार धीरज कुछ दिनों से मानसिक तनाव में था। वह नेटवर्किंग के माध्यम से विभिन्न सामग्री के क्रय विक्रय का काम एक वर्ष से करता रहा है। सोमवार को परिवारों को बिना कुछ बताये जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे इसकी हालत खराब होने की भनक लगते ही स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेजा गया। वहां भी समुचित इलाज के बाद गंभीरावस्था में मेदनीनगर रेफर किया गया था। इसी दौरान वहाँ ले जाने के क्रम में उक्त युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। इसके बाद भी परिजन शव को लेकर मेदनीनगर अस्पताल पहुंचे। जहां पोस्टमोर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इसकी सूचना मिलते ही मुखिया संतोष कुमार सिंह, उपमुखिया पवन कुमार, पंचायत समिति सदस्य शैलू जयसवाल, समाजसेवी डॉ. अजय जयसवाल, रामप्रवेश मेहता, कपिलदेव मेहता, उमेश मेहता, मंटू मेहता सहित कई लोग मृतक के घर पहुँचकर शोकाकुल परिवारों को दिलासा देने में जुटे हैं। सोमवार शाम शव घर पर आते ही परिजनों का रोना बिलखना थमने का नाम ही नहीं लिया। अंततः रात्रि दस बजे स्थानीय मरघाटिया रोड स्थित श्मसान घाट पर शव का दाह संस्कार किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पड़ोस के लोग, पंचायत प्रतिनिधियों व रिश्तेदारों ने भाग लिया।


**Government of Jharkhand**
**District Health Society, Chatra**
**Department of Health, Medical Education & Family Welfare**
**Mail ID: cs-chatra@jharkahndmail.gov.in**

**Tender Notice No. 01/2023(DH)**

**Short Term E- Tender notice**

Civil Surgeon cum CMO, Chatra invites separate Technical and price Bids (Two Bid System) through E-tender from the registered and eligible bidders for Fire Safety Work at Sadar Hospital, Chatra.

**e-Tender For Fire Safety Work at Sadar Hospital, Chatra**

**DETAILED TENDER NOTICE**

| | |
|---|---|
| Date of Publication of Bid | 02.05.2023 |
| Bid Submission Start Date | 02.05.2023 |
| Bid Submission Closing Date & Time | 18.05.2023 till 05.00 PM |
| Bid Opening Date for Technical Proposal | 19.05.2023 at 3.00 PM |
| Date of Opening of Financial Proposal | To be notified Chatra |
| Application Fee (Non-Refundable) | 5,000.00 in favour of Civil Surgeon cum CMO , Chatra, Payable at Chatra. |
| Earnest Money Deposit | 1,00,000.00 in favour of Civil Surgeon cum CMO , Chatra, Payable at Chatra. |
| Contact/Helpline No. | 9431333181 |

Note: 1. The purchase committee reserves the rights to reject or make the necessary Changes. The same shall be informed to the tendered as and when required.
2.Detailed Bid document can be seen, downloaded and applied through website http://jharkhandtenders.gov.in only. Hard copies of Technical Bid & Financial Bid will not be entertained except original/Application Fee & Earnest Money Deposit.

Civil Surgeon cum CMO, Chatra.

PR 296337 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)#D



**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**
**E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, पलामू के नियंत्रणाधीन बहुदेशीय भवन एवं डाक बंगला की बंदोबस्ती तीन वर्षो के लिए खुली डाक के द्वारा निम्नांकित तिथि को उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के डी0आर0डी0ए0 स्थित कार्यालय प्रकोष्ट में की जायेगी।

| क्र0 | सैरात का नाम | प्रखण्ड | तीन वर्षो के लिए डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि 25% | डाक की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नया डाक बंगला, पाँकी | पाँकी | 288000.00 | 72000.00 | 12-05-2023 | अपराह्न 01:00 बजे |
| 2 | डांक बंगला, नावाखास | पाटन | 288000.00 | 72000.00 | | |
| 3 | बहुदेशीय भवन, किशुनपुर | पाटन | 234000.00 | 58500.00 | | |
| 4 | बहुदेशीय भवन, मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | 90000.00 | 22500.00 | | |
| 5 | बहुदेशीय भवन, दुबियाखाड़ | सदर मेदिनीनगर | 108000.00 | 27000.00 | | |
| 6 | बहुदेशीय भवन, मनातू | मनातू | 90000.00 | 22500.00 | | |
| 7 | बहुदेशीय भवन, सेमरी | पाटन | 180000.00 | 45000.00 | | |
| 8 | नया डाक बंगला, पंड़वा | पंड़वा | 288000.00 | 72000.00 | | |
| 9 | बस पड़ाव मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | 360000.00 | 90000.00 | | |
| 10 | बस पड़ाव लेस्लीगंज | लेस्लीगंज | 360000.00 | 90000.00 | | |

उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 11.05.2023 तक कॉलम संख्या–5 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा जो **सचिव, जिला परिषद, पलामू (Secretary, Zila Parishad, Palamu)** के पदनाम से भुगतेय होगा कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि तीन वर्षो की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% नकद राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। एक डाक से दूसरे डाक के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये की होगी।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद–विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, पलामू

PR 296314 District(23-24).D



**कार्यालय जिला परिषद, पलामू**
**E-mail-zilaparishad.palamu@gmail.com**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.11.2022 को संपन्न जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में विभिन्न प्रखण्डो में स्थित जिला परिषदीय बहुद्देशीय भवन / डाक बंगला की बंदोबस्ती 5 वर्ष के लिए खुली डाक के द्वारा निम्नांकित तिथि को उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू के डी0आर0डी0ए0 स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में की जायेगी।

| क्र0 | प्रखण्ड | सैरात का नाम | बन्दोबस्ती की अवधि | एक वर्ष के लिए डाक की न्यूनतम राशि | अग्रधन की राशि 25% | डाक की तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | हरिहरगंज | हरिहरगंज व्यसायिक ईकाई (2 बहुद्देशीय भवन एवं 2 डाक बंगला सहित संपूर्ण परिसर)। | 5 वर्ष | 432000.00 | 108000.00 | 12-05-2023 | अपराह्न 01:00 बजे |
| 2 | विश्रामपुर | विश्रामपुर व्यसायिक ईकाई (1 बहुद्देशीय भवन एवं 2 डाक बंगला)। | 5 वर्ष | 336000.00 | 84000.00 | | |

उपरोक्त सैरात के बंदोबस्ती हेतु खुली डाक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को दिनांक 11.05.2023 तक कॉलम संख्या–6 में निर्धारित अग्रधन राशि बैंक ड्राफ्ट द्वारा जो सचिव, जिला परिषद, पलामू (**Secretary, Zila Parishad, Palamu**) के पदनाम से भुगतेय होगा, कार्यालय जिला परिषद, पलामू में जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड का छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। सैरात की बंदोबस्ती की अवधि 5 वर्षो की होगी। सर्वोच्च डाक वक्ता को डाक समाप्ति के पश्चात् तत्काल सम्पूर्ण डाक राशि का 50% नकद राशि के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। एक डाक से दूसरे डाक के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 10000.00 (दस हजार) रूपये की होगी। क्रमांक 4 पर अंकित जिला परिषदीय भवन में वर्तमान में NPU संचालित है। NPU द्वारा जिला परिषद को भवन हस्तगत करने के पश्चात् आवटन की तिथि अनुमान्य होगी।

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू को बिना कारण बताये डाक स्थगित करने का सर्वाधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी प्रकार के वाद–विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जायेगा।

नोट :– उपरोक्त सैरात के आवंटन में सरकारी / अर्द्ध सरकारी निकायों को प्राथमिकता दी जायेगी।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू।

PR.NO.296315 District(23-24):D



शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा**
पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा
दूरभाष: (06526) 222932, फैक्स: 224599
ई-मेल: ssaloh@rediffmail.com
lohardagassa@gmail.com

**आदर्श विद्यालय योजनान्तर्गत लोहरदगा जिले में 03 उत्कृष्ट विद्यालय (School of Excellence) में शैक्षणिक सत्र 2023–24 में CBSE के तहत् अंग्रेजी माध्यम से संचालित होनेवाले विद्यालयों में नामांकन संबंधी आवश्यक सूचना।**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार के अभिनव प्रयास के तहत् सरकारी विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। जिसके तहत् लोहरदगा जिले के 03 विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय **(School of Excellence)** के रूप में मान्यता दी गयी है। राज्य सरकार द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023–24 में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड **(CBSE)** से सम्बद्धता **(Affilliation)** प्राप्त कर विद्यालय का संचालन अंग्रेजी माध्यम से प्रारंभ किया जा रहा है। संबंधित विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा दी जायेगी।

सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 1928 दिनांक 24.04.2023 के आलोक में दिनांक 29.04.2023 को राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची द्वारा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्राप्त निदेश एवं राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक 2000 दिनांक 29.04.2023 के आलोक में निम्नांकित उत्कृष्ट विद्यालय (School of Excellence) में दिनांक 02.05.2023 से 15.05.2023 तक निःशुल्क आवेदन प्रपत्र विद्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र0 | आदर्श विद्यालय का नाम | जिस कक्षा में नामांकन किया जाना है | अभ्यक्ति |
|---|---|---|---|
| 01 | रा0 +2 नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय, लोहरदगा। | कक्षा 6, 7, 8 एवं 9 | बालक एवं बालिका दोनों के लिए |
| 02 | रा0 उत्क्रमित +2 कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय, लोहरदगा। | कक्षा 6, 7, 8 एवं 9 | केवल बालिकाओं के लिए |
| 03 | कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, लोहरदगा। | कक्षा 6 के लिए केवल | केवल बालिकाओं के लिए |

सभी अभिभापकों से अनुरोध है कि संबंधित विद्यालय में सम्पर्क कर आवेदन प्राप्त करेंगें। नामांकन हेतु संबंधित विद्यालय में आवेदन पत्र जाम करने की अंतिम तिथि 15.05.2023 है। जिला स्तर पर परीक्षा के उपरांत मेधासूची के आधार पर नामांकन लिया जायेगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा

PR 296292 Lohardaga (23-24)_D

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • वैशाख शुक्ल पक्ष 13 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 03 मई 2023 • वर्ष-29 • अंक-196 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

'जुबली' के लिए जीनत अमान से मिली प्रशंसा से ... पेज 10 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### ललन सिंह मिले हेमंत सोरेन से

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह लोकसभा सदस्य राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### महात्मा गांधी के पोते अरुण मणिलाल गांधी का निधन

**कोल्हापुर।** सुशीला और मणिलाल गांधी के बेटे और महात्मा गांधी के पोते अरुण गांधी का मंगलवार सुबह महाराष्ट्र के कोल्हापुर में निधन हो गया। उनके बेटे ने यह जानकारी दी। वह 89 वर्ष के थे और उनके परिवार में उनके बेटे तुषार, बेटी अर्चना, चार पोते और पांच परपोते हैं। उनका अंतिम संस्कार यहां, कोल्हापुर में कर दिया गया। उन्होंने बेथानी हेगेडस के साथ 'कस्तूरबा, द फॉरगॉटन वुमन', 'ग्रैंडफादर गांधी' और इवान तुर्क द्वारा सचित्र, 'द गिफ्ट ऑफ एंगरः एंड अदर लेसन फ्रॉम माई ग्रैंडफादर महात्मा गांधी' आदि किताबें लिखीं।

### हाई कोर्ट ने पूछा, विधानसभा में नमाज कक्ष का आवंटन किस आधार पर हुआ?

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा में नमाज कक्ष के रूप में एक रूम को नोटिफाइड किए जाने को चुनौती देने वाली अजय कुमार मोदी की जनहित याचिका पर सुनवाई की। साथ ही मौखिक रूप से पूछा है कि यह व्यवस्था किस आधार पर की गई। मामले में झारखंड विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने कोर्ट को बताया कि देश के अलग-अलग राज्यों के विधानसभा से नमाज कक्ष को लेकर एक रिपोर्ट मंगाई गई है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर कानूनी पक्ष को देखते हुए इस संबंध में बनी कमेटी अपना रिपोर्ट देगी। यह देखा जा रहा है कि देश के किन किन राज्यों के विधानसभा में नमाज कक्ष की व्यवस्था है। हाई कोर्ट ने मामले में झारखंड विधानसभा को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 18 मई निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि याचिकाकर्ता के आग्रह को देखते हुए एक कमेटी बनाई गई है।

# वैभव मणि त्रिपाठी से ईडी ने की नौ घंटे पूछताछ

### कोलकाता से फर्जी कागजातों पर रजिस्ट्री की पहलुओं पर जांच तेज



**रांची, मुख्य संवाददाता।** रांची में ईडी जमीन घोटाले की परत दर परत उतार रही है। ईडी ने सोमवार को रांची के सब रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी से नौ घंटे से अधिक पूछताछ की। वहीं मंगलवार को ईडी ने रांची जोनल आफिस में दिन के 11 बजे से कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार आफ एश्योरेंस त्रिदीप मिश्रा से लंबी पूछताछ की। कोलकाता में रजिस्ट्रार आफ एश्योरेंस में कर्मियों की मदद से छेड़छाड़ कर फर्जी कागजात बना रांची में जमीन रजिस्ट्री कराने के मामले में कई साक्ष्य ईडी ने जुटाए हैं। **वैभव मणि त्रिपाठी से ईडी ने**

**हासिल किए कई कागजात :** ईडी ने एक मई को वैभव मणि त्रिपाठी को पूछताछ के लिए बुलाया था। इस दौरान ईडी ने वैभव मणि त्रिपाठी से सेना जमीन से लेकर चेशायर होम व बजरा में जमीन की रजिस्ट्री के संबंध में सवाल पूछे। कई जमीनों की रजिस्ट्री वैभव मणि के कार्यकाल के पूर्व की थी, ऐसे में वह उन सवालों का जवाब नहीं दे पाए। वहीं वैभव मणि ने विवादित जमीनों के रजिस्ट्री के बारे में ईडी को बताया कि अंचल से आई रिपोर्ट के आधार पर ही जमीन की रजिस्ट्री होती है। ऐसे में उन्हें ज्यादा जानकारी नहीं है। वैभव मणि त्रिपाठी ने इस बात से इंकार किया कि उन्हें कोलकाता से पेपर बनाए जाने की जानकारी थी। उन्होंने बताया कि ऐसे किसी गिरोह के बारे में वह नहीं जानते थे। सब रजिस्ट्रार के तौर पर अपने सिमित अधिकारों की बात वैभव मणि त्रिपाठी ने की। हालांकि ईडी के कई सवालों का वह स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए।

### जमीन घोटाला : कोलकाता के सब रजिस्ट्रार त्रिदीप मिश्रा ईडी कार्यालय पहुंचे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जमीन घोटाले मामले में कोलकाता के सब रजिस्ट्रार त्रिदीप मिश्रा मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय पहुंचे। ईडी ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। सेना के कब्जे वाली जमीन और चेशायर होम रोड की जमीन के मूल दस्तावेज में कोलकाता में की गयी जालसाजी को लेकर त्रिदीप मिश्रा को ईडी ने समन जारी किया था। जमीन घोटाले मामले की जांच के दौरान ईडी ने पाया था कि दोनों ही जमीन की खरीद बिक्री फर्जी दस्तावेज के माध्यम से की गयी है। इसके लिए कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे गये दस्तावेज के साथ छेड़छाड़ की गयी थी। इसी फर्जी मालिकाना हक से संबंधित दस्तावेज के आधार पर दोनों जमीन की बिक्री की गयी है। सेना के कब्जे वाली जमीन जगत बंधु टी स्टेट और चेशायर होम रोड की जमीन विष्णु अग्रवाल ने खरीदी है। जगत बंधु टी स्टेट का संबंध व्यापारी अमित अग्रवाल से है जबकि चेशायर होम रोड की जमीन की खरीद बिक्री मामले में प्रेम प्रकाश की संलिप्तता पायी गयी थी। विष्णु अग्रवाल द्वारा जमीन के बदले किये गये भुगतान में से पुनीत भार्गव ने प्रेम प्रकाश के खाते में 1.150 करोड़ रुपये ट्रांसफर किया था। रांची में सेना की जमीन की खरीद-बिक्री में कोलकाता से फर्जी दस्तावेज बनाकर की गई गड़बड़ी की जांच में ईडी आगे बढ़ी तो रांची में सैकड़ों एकड़ जमीन की डील में फर्जीवाड़ा सामने आया है।

# गढ़वा : बच्ची की हत्या बलात्कार की आशंका

### बालू में गड़ा मिला शव, शरीर पर चोट के कई निशान

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया** थाना क्षेत्र के चपकली गांव के बूढ़ीटाड गांव के जंगलों में एक मासूम बच्ची के साथ दरिंदगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने एक पांच वर्षीय बच्ची का शव, जो बालू में गड़ा हुआ था, बरामद किया है। बच्ची का हाथ गमछा से हाथ बंधा हुआ था तथा शरीर पर कई जगह चोट के निशान थे। इससे बच्ची की बलात्कार के बाद हत्या की आशंका जताई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

परिजनों ने बताया कि रविवार की सुबह से ही बच्ची घर से गायब थी। परिवार वालों ने उसकी काफी खोजबीन की। सोमवार को जंगल की ओर खोजे पर बुढीटाड के कारीमाटी के जंगल में बालू में गड़ा हुआ उसका शव मिला। परिवार वालों का कहना है कि बच्ची को आरोपी महुआ चुनने और पीआर फल खिलाने के बहाने फुसलाकर जंगल की ओर ले गया था। मामले में चिनिया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमारने बताया कि बच्ची की हत्या कर शव बालू में गाड़ दिया गया था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया है। वहीं एक आरोपी को गिरफ्त में लेकर पूछताछ की जा रही है तथा प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस हर पहलु की गहनता से जांच करेगी। वहीं गांव वालों ने हत्या के पूर्व बच्ची के साथ बलात्कार करने की आशंका जताई है।

# इसी माह 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति : सीएम हेमंत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि इस माह के अंत तक 25 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। वैसे तो राज्य में हजारों की संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति किया जाना प्रस्तावित है परंतु इस महीने के अंत तक 25 हजार नवनियुक्त शिक्षक राज्य के विभिन्न स्कूलों में पठन-पाठन के कार्य को सुदृढ़ करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दिन शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। आज 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का राज्यस्तरीय शुभारंभ हुआ है। आने वाले समय में झारखंड में और 5 हजार विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय (स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) के रूप में अपग्रेड किया जाएगा। सभी उत्कृष्ट विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकों को राज्य सरकार द्वारा आईआईएम से सीबीएसई कोर्स के अनुरूप प्रशिक्षण दिलाया गया है। मंगलवार को वह ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उच्च विद्यालय, जगन्नाथपुर, धुर्वा में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के राज्यस्तरीय शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'झारखंड के आदिवासी, दलित, पिछड़े, मजदूर एवं किसान सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। हमारी सरकार निरंतर राज्य में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। आज विशेष रूप से शिक्षा की दिशा में सरकार ने महत्त्वाकांक्षी कदम उठाया है और यह कदम सर पंचायत तक जाएंगे। इसमें सबसे अहम भूमिका शिक्षा विभाग और शिक्षकों की होगा। शिक्षा एक ऐसा शस्त्र है, जिसके माध्यम से हर चीज हासिल की जा सकती है। झारखण्ड में शिक्षा की बेहतरी के लिए ऐसे कार्य सबसे पहले प्राथमिकता के आधार पर करना चाहिए था, जो बहुत विलंब से शुरू हो रहा है।

# कोयला तस्करी रोकने के लिए टास्क फोर्स करे छापेमारी : डीजीपी अजय

### राज्य भर में न्यायालयों व जजों की सुरक्षा बढ़ेगी



**रांची, मुख्य संवाददाता।** राज्य में कोयला चोरी रोकने के लिए सख्ती से कार्रवाई का निर्देश डीजीपी अजय कुमार सिंह ने दिये हैं। राज्य पुलिस मुख्यालय में रांची, धनबाद, हजारीबाग, बोकारो, चतरा, रामगढ़ और लातेहार में कोयला चोरी से संबंधित कांडों की समीक्षा की गई। डीजीपी ने जिलों के एसपी को निर्देश दिया कि वह कोयला चोरी से जुड़े कांडों का त्वरित निष्पादन करें। कोयला चोरी रोकने के लिए टास्क फोर्स द्वारा लगातार कार्रवाई का निर्देश भी डीजीपी ने दिया। इससे पहले डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता ने कोयला चोरी के लंबित कांडों की स्थित तथा चोरी रोकने के लिए टास्क फोर्स के द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी दी। डीजीपी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान रांची रेंज के पांच जिलों रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला व लोहरदगा के पुराने लंबित कांडों की भी समीक्षा कर त्वरित कारवाई के निर्देश दिये। उन्होंने नक्सल, हत्या, साइबर अपराध, मानव तस्करी, पोक्सो एक्ट, वाहन चोरी, एनडीपीएस व एसटी एससी एक्ट के तहत दर्ज कांडों की जांच में तेजी लाने का निर्देश दिया।

**जज व न्यायालयों की सुरक्षा पुख्ता करें :** डीजीपी ने सभी जिलों में न्यायालयों, न्यायिक पदाधिकारियों, जजों के आवासीय परिसर की सुरक्षा की भी समीक्षा की। उन्होंने जरूरत पड़ने पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश जिलों के एसपी को दिया। राज्य के सभी जिलों के एसपी को जिला के न्यायालयों में अविलंब सीसीटीवी कैमरा लगाने की पहल करने को कहा गया है। बैठक में डीजी सीआईडी अनुराग गुप्ता, एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर, आइजी अभियान अमोल वी होमकर, आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज, डीआईजी रांची अनूप बिरथरे, सीआईडी डीआईजी डॉ तमिलवानन, सीआईडी एसपी कार्तिक एस, रांची एसएसपी किशोर कौशल उपस्थित थे।

# पीएलएफआई का सब जोनल कमांडर हथियार के साथ गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सब जोनल कमांडर सुखराम गुड़िया उर्फ रोड़े एके-47 के साथ गिरफ्तार हो गया। खूंटी एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई की सुखराम गुड़िया को रविवार को तपकरा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। सुखराम गुड़िया की निशानदेही पर सोमवार को पुलिस ने कई हथियार बरामद किये। पुलिस ने लोडेड एके 47, 24 जिंदा कारतूस, 16 मोबाइल फोन और एक लाख 73 हजार 700 रुपये बरामद किये हैं। इसके अलावा पुलिस ने पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप का जर्मन राइफल एचके 33 भी बरामद किया है। सुखराम के खिलाफ खूंटी जिला के तोरपा, तपकरा, मुरहू और चाईबासा जिले के बंदगांव, आनंदपुर और गुदरी थाना में हत्या, आर्म्स एक्ट, 17 सेक्टर सीएलए एक्ट, विस्फोटक अधिनियम समेत कई धाराओं के तहत 27 मामले दर्ज हैं। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप का करीबी रहा सुखराम गुड़िया खूंटी, गुमला व चाइबासा जिले में आतंक बना हुआ था। विकास कार्यों में लगे वाहनों में आगजनी कर लेवी वसूलता था और उसे दिनेश गोप तक पहुंचाता था। साथ ही क्षेत्र में नये युवकों को संगठन से जोड़ने का भी काम कर रहा था।

# बच्चा सिंह सहित तीन के ठिकानों पर छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

बोकारो थर्मल एवं महुआटांड़ थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह रांची एनआईए की टीम ने छापेमारी की। छापेमारी में बेरमो एवं बोकारो के विभिन्न थानों के पुलिस पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में जवान शामिल थे। रांची एनआईए की टीम सबसे पहले बोकारो थर्मल निशन हाट स्थित मजदूर संगठन समिति के केंद्रीय महासचिव बच्चा सिंह के आवास संख्या एचएमडी 50 एवं नागेश्वर महतो के आवास संख्या एचएमडी 36 ए सहित निशन हाट झोपड़पट्टी स्थित संजय तुरी के निजी आवास पर एकसाथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान तीनों के आवासों को चारों तरफ से सैट के जवानों एवं पुलिस पदाधिकारियों ने घेर रखा था। नागेश्वर महतो के आवास पर ताला बंद रहने के कारण टीम बाहर बैठकर इंतजार कर रही थी। बाद में समिति के सदस्य रामचंद्र महतो के आने पर टीम के पदाधिकारियों से बात हुई और रामचंद्र महतो ने एक अन्य व्यक्ति को साथ लाकर नागेश्वर महतो के आवास का ताला तोड़कर आवास में प्रवेश किया। छापेमारी के दौरान एनआईए टीम ने मजदूर संगठन समिति के केंद्रीय महासचिव के आवास से दो मोबाइल, कुछ पम्फलेट, कागजात एवं बैनर, पोस्टर जब्त किये। नागेश्वर महतो के आवास से उसकी पत्नी और बेटी के दो बैंक पासबुक और पंपलेट, कागजात जब्त किए। संजय तुरी के आवास से एक मोबाइल, पम्फलेट और कागजात जब्त कर टीम अपने साथ ले गयी। एनआईए की टीम में शामिल पदाधिकारियों ने पूछे जाने पर कहा कि एनआईए की टीम छापेमारी में शामिल है। मामले को लेकर पूछे जाने पर कुछ भी बताने से इंकार किया और कहा कि रांची मुख्यालय से इस संबंध में जानकारी हासिल कर सकते हैं। दूसरी ओर छापेमारी में शामिल चौथी टीम महुआटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत अइयर निवासी अनिल हांसदा के घर पर खबर लिखे जाने तक छापेमारी कर रही है। मामले को लेकर बोकारो थर्मल थाना के निरीक्षक शैलेश कुमार चौहान सहित बेरमो एसडीपीओ सतीश चंद्र झा ने भी पूछे जाने पर कुछ भी बता पाने में असमर्थता जताई।

### दीपक प्रकाश और समरी लाल सहित 16 के खिलाफ आरोप गठित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कू की अदालत में कांके में किसान विरोधी आंदोलन में शामिल रहे भाजपा सांसद दीपक प्रकाश, कांके विधायक समरीलाल सहित 16 आरोपितों के खिलाफ आरोप गठित किया गया। मंगलवार को आरोप गठन के दौरान सभी आरोपितों को उनके खिलाफ लगे आरोप को पढ़कर सुनाया गया। सभी ने अपने खिलाफ लगे आरोप को गलत बताया। अब इस मामले में ट्रायल शुरू होगा। आरोपितों के तरफ से अधिवक्ता सुधीर श्रीवास्तव ने पैरवी की।

**सुविधा**

## यूआईडीएआई ने दी अनुमति, अब लोगों की चिंता होगी दूर

# आधार से जुड़े ईमेल, मोबाइल नंबर होंगे वेरिफाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**




उपयोगकर्ता के लाभों को ध्यान में रखते हुए, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने निवासियों को अपने आधार से जुड़े अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी को वेरिफाई करने की अनुमति दी है। यूआईडीएआई के संज्ञान में आया था कि कुछ मामलों में निवासियों को पता नहीं था कि उनके कौन से मोबाइल नंबर उनके आधार से जुड़े हैं। इसलिए निवासी चिंतित थे कि कहीं आधार ओटीपी किसी और मोबाइल नंबर पर तो नहीं जा रहा है। आईटी मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि अब इस सुविधा से निवासी आसानी से इनकी जांच कर सकते हैं। यह सुविधा आधिकारिक वेबसाइट पर या एमआधार ऐप के माध्यम से 'वेरिफाई ईमेल/मोबाइल नंबर' फीचर के तहत ली जा सकती है। इसे निवासियों के लिए यह वेरिफाई करने के लिए विकसित किया गया है कि उनका अपना ईमेल या मोबाइल नंबर संबंधित आधार के साथ जुड़ा हुआ है। सूत्रों ने आगे बताया कि यह सुविधा निवासियों को पुष्टि करती है कि उनकी जानकारी के तहत ईमेल या मोबाइल नंबर केवल संबंधित आधार से जुड़ा हुआ है। किसी विशेष मोबाइल नंबर के लिंक न होने की स्थिति में भी यह निवासी को सूचित करता है और बताता है कि यदि वे चाहें तो मोबाइल नंबर को अपडेट करने के लिए आवश्यक कदम उठा सकते हैं। यदि मोबाइल नंबर पहले से ही वेरिफाइड है तो निवासियों को एक मैसेज दिखाई देगा जैसे, 'आपके द्वारा दर्ज किया गया मोबाइल नंबर पहले से ही हमारे रिकॉर्ड से सत्यापित है' जो उनकी स्क्रीन पर प्रदर्शित होता है।

यदि किसी निवासी को मोबाइल नंबर याद नहीं है, तो उसने नामांकन के दौरान दिया है या वह माई आधार पोर्टल या एम-आधार ऐप पर वेरिफाई आधार फीचर पर मोबाइल के अंतिम तीन अंकों की जांच कर सकता है। यदि कोई निवासी किसी ईमेल या मोबाइल नंबर को आधार से लिंक करना चाहता है या अपना ईमेल या मोबाइल नंबर अपडेट करना चाहता है, तो वह नजदीकी आधार केंद्र जा सकता है।

### पवार ने एनसीपी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया

**एजेंसी। मुंबई।** महाराष्ट्र के वरिष्ठ राजनेता शरद पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। पवार देश के शीर्ष विपक्षी नेताओं में से एक हैं और महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी सरकार बनाने में इनकी अहम भूमिका रही थी। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, रक्षा और केंद्रीय कृषि मंत्री के रूप में काम कर चुके पवार ने 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद एमवीए सरकार बनाने के लिए एनसीपी, कांग्रेस और वैचारिक रूप से अलग नजरिया वाली शिवसेना को एक साथ लाने का काम किया था और बीजेपी को सत्ता से बाहर रखा था। गौरतलब है कि शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले ने ठीक 15 दिन पहले कहा था कि आने वाले 15 दिनों में 'दो बड़े राजनीतिक विस्फोट' होने वाले हैं। संवाददाताओं से बात करते बुए सुप्रिया सुले ने कहा था कि एक (विस्फोट) दिल्ली में और एक महाराष्ट्र में होगा।

# राहुल को राहत नहीं, फैसला सुरक्षित

**एजेंसी। अहमदाबाद**

गुजरात हाईकोर्ट ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को राहत देने से इनकार कर दिया है। राहुल गांधी मोदी सरनेम को लेकर सूरत कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे थे। सूत्रों के अनुसार गुजरात हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका की सुनवाई के दौरान कहा कि उन्हें किसी तरह से राहत नहीं दी जा सकती है। हम इस मामले को लेकर गर्मी की छुट्टी के बाद फैसला सुनाएंगे। राहुल गांधी ने सूरत कोर्ट के फैसले के खिलाफ 25 अप्रैल को गुजरात हाईकोर्ट का रुख किया था।

गौरतलब है कि सूरत कोर्ट के इस फैसले के बाद राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द कर दी गई थी। संसद सदस्यता रद्द किए जाने के कुछ दिन बाद ही राहुल गांधी को दिल्ली में अपना सरकारी बंगला भी खाली करना पड़ा था। बंगला खाली करते समय राहुल गांधी ने कहा था कि वो सिर्फ सच बोलने की कीमत चुका रहे हैं और वो आगे भी ऐसे ही सच बोलते रहेंगे। भले ही उन्हें इसके लिए कोई भी कीमत चुकानी पड़े।

इससे पहले राहुल गांधी की तरफ से सजा रद्द करने के लिए सूरत कोर्ट में दलील भी पेश की गई थी। उस दौरान राहुल गांधी की तरफ से कोर्ट में दूसरी दलील यह दी गई थी कि मानहानि के मामले में किसी खास व्यक्ति के सम्मान को ठेस पहुंचाने का आरोप स्पष्ट होना चाहिए।

राहुल गांधी के वकील ने कोर्ट में तर्क दिया था कि राहुल की मोदी सरनेम पर टिप्पणी को लेकर मानहानि का केस उचित नहीं था। साथ ही केस में अधिकतम सजा की भी जरूरत नहीं थी। सीनियर एडवोकेट आरएस चीमा ने कहा था कि आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 389 में अपील लंबित होने पर सजा के निलंबन का प्रावधान है।

# ऑटो व बाइक की टक्कर में 2 महिला समेत 3 घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

मेराल थाना क्षेत्र के बिछियादामर में मंगलवार को ऑटो व मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल पर सवार दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के लखेया गांव निवासी मुंशी चौधरी, उसकी पत्नी मनतोरा देवी व पुत्री किरण कुमारी शामिल हैं। तीनों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। मुंशी चौधरी अपनी पत्नी व पुत्री के साथ मोटरसाइकिल से अपने गांव से मेराल थाना क्षेत्र के देवगाना गांव में रिश्तेदार के घर जा रहा था। इस दौरान बिछियादामर में पीछे से आए ऑटो ने टक्कर मार दी। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार मुंशी चौधरी समेत तीनों लोग घायल हो गए। इनमें किरण कुमारी को सिर व चेहरे में गंभीर चोट लगी है।

## सड़क दुर्घटना में दंपती घायल, चल रहा इलाज

**गढ़वा।** एनएच 75 गढ़वा-रेहला मार्ग पर गढ़वा थाना क्षेत्र के बेलचंपा गांव के समीप सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी घायल हो गए। घायलों में पलामू जिले के विश्रामपुर निवासी अनिल साह व उनकी पत्नी कुंती देवी शामिल हैं। दोनों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया गया कि अनिल साह अपनी पत्नी के साथ मोटरसाइकिल से अपने घर से रंका जा रहे थे। इस दौरान बेलचंपा गांव के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में अनिल साह को मामूली चोट लगी है, जबकि उनकी पत्नी के सिर में गंभीर चोट लगी है।

## 'अपनी जमीन की रक्षा करें आदिवासी'

**बड़गड़।** प्रखंड अंतर्गत परसवार पंचायत के बरकोल कला गांव में मंगलवार को कई ग्राम सभाओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए संदीप चचरा ने कहा कि आदिवासियों की आजीविका के लिए जमीन एकमात्र साधन है। अतः हमें उसकी रक्षा करनी चाहिए। सौरभ कुमार ने कहा कि हमें बड़गड़ प्रखंड में मनरेगा मजदूरों का यूनियन बनाना चाहिए। विश्राम बखला ने कहा कि उन्होंने बोर्ड गड़ी करके अपने जंगल को बचाना शुरू कर दिया है। फिरोज लकड़ा ने राशन, पेंशन और नरेगा योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी लोगों को दी। मनोज सिंह ने जमीन के डिजिटलाइजेसन के बारे में बताया। सरकार को हाल सर्वे को छोड़ पुराना खतियान को ऑनलाइन करना चाहिए। सुनील मिंज ने आगत अतिथियों का स्वागत किया।

### पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने प्रेसवार्ता कर लगाया आरोप

# बीडीओ के कार्यों से सगमा प्रखंड की जनता परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

सगमा प्रखंड के बीडीओ के कार्यों से जनता परेशान है। इनके खिलाफ कई शिकायतें मिली हैं। उक्त बातें पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचंद्र केशरी ने मंगलवार को चेचरिया स्थित अपने आवासीय कार्यालय पर प्रेसवार्ता में कहीं।

उन्होंने कहा कि सगमा के बीडीओ द्वारा प्रखंडवासियों पर अंग्रेजी हुकूमत चलाने जैसा कार्य किया जा रहा है, जो काफी निंदनीय है। उन्होंने कहा कि जनता में इतना खौफ है कि इनके विषय में कोई बोलने की हिम्मत नहीं करता है। भ्रष्टाचार के विषय में यदि कोई आवाज उठाता है तो उसे किसी मुद्दे में केस में फंसाकर जेल भेजवा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ कई शिकायतें हैं। उन्होंने कहा कि घघरी ग्राम की मुनि कुंवर से पांच हजार रुपये रिश्वत लेने तथा धक्का




मुक्की कर कार्यालय से बाहर निकालने, मकरी ग्राम निवासी सोनू कुमार मौर्या द्वारा दस हजार रिश्वत नहीं देने पर झूठे केस में जेल भेजवाने, चैनपुर ग्राम निवासी रविंद्र कुशवाहा एवं सात अन्य व्यक्तियों द्वारा पशु शेड के नाम पर तेरह-तेरह हजार रुपये लेने तथा सगमा प्रमुख अजय साव ने घघरी पंचायत के 38 लाभुकों से तेरह-तेरह हजार रुपये लेकर कोड जेनरेट करना तथा योजना का कार्यान्यवन प्रारंभ नहीं होने से संबंधित आवेदन प्राप्त है।

उन्होंने कहा कि आगामी 5 मई को उक्त मुद्दे से संबंधित जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक व अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर से मिलकर लिये गये राशि को वापस कराने, सभी लाभुकों की योजनाओं को प्रारंभ कराने व बीडीओ के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्रवाई नहीं होने पर सगमा प्रमुख के नेतृत्व में प्रखंड की जनता को गोलबंद कर उपायुक्त कार्यालय का घेराव किया जायेगा। प्रेसवार्ता में सगमा प्रखंड प्रमुख अजय साव, भाजपा के सगमा मंडल उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सलीम अंसारी, अरुण कुमार, सोबराती खां सहित अन्य उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### मुखिया के आवास पर मना मजदूर दिवस

**केतार।** केतार पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार ने सोमवार को अपने आवास पर मजदूरों के साथ विश्व मजदूर दिवस मनाया। मुखिया प्रमोद कुमार ने पंचायत के मजदूरों का मुंह मीठा कराया। इसके पश्चात मजदूरों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि मजदूर दिवस मजदूरों के साथ पहली बार मनाया हूं। उन्होंने कहा कि लोग रोज मजदूर से काम लेते हैं लेकिन इन मजदूरों की बात जब आती है तो भाग खड़े होते हैं। जबकि इन मजदूरों की बदौलत ही सभी दैनिक कार्य सम्पन्न होते हैं। आज विश्व मजदूर दिवस के मौके पर मजदूरों के संघर्ष को बताना और उनके द्वारा किए गए बलिदानों को याद करना भी है। साथ ही उन्हें अपने अधिकारों को रक्षा करने और अपने प्रति होने वाले शोषण के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित भी करना है। ताकि मजदूर संगठित होकर अपनी हक एवं अधिकार को बुलंद कर सके। इस मौके पर समाजसेवी रामविचार साहू, दैनिक मजदूर बाबूलाल सिंह, बलराम सिंह, कामेश्वर सिंह, राजेंद्र सिंह, सोना सिंह, छोटू सिंह, सोनू सिंह, हृदया राम, जयराम चौधरी, सुरेश चौधरी, लव विश्वकर्मा, शंभु ठाकुर, मनोज मेहता, दवारिका महतो, विगन चौधरी, सुखाडी चौधरी सहित अन्य लोग शामिल थे।

### गरम पानी में गिरकर बालिका झुलसी

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के सिजो गांव निवासी राजेंद्र यादव की डेढ़ वर्षीय पुत्री प्रियांशु कुमारी गरम पानी में गिरने से गंभीर रुप से झुलस गई। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि राजेंद्र यादव को नहाने के लिए गरम पानी टब में रखा गया था। इस बीच अचानक प्रियांशु कुमारी टब में गिर गई। इससे उसके शरीर का अधिकांश हिस्सा झुलस गया। सदर अस्पताल में इलाजरत प्रियांशु कुमारी की हालत स्थिर बनी हुई है।

### विष्णुदयाल राम ने प्रशासन पर लगाया उपेक्षा का आरोप

# विधायक के बाद अब सांसद बंशीधर महोत्सव से हुए अलग



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सांसद विष्णुदयाल राम ने कहा कि श्री बंशीधर नगर महोत्सव को मैंने वर्ष 2017 में शुरू कराया। जो लगातार दो वर्षों तक आयोजित किया गया। बंशीधर नगर में स्थित राधा-कृष्ण की 32 मन की सोने की मूर्ति आकर्षण का केंद्र है। इसे पर्यटन विभाग से विकसित करने के लिए मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों से मांग की है। मेरी ही पहल पर बंशीधर महोत्सव का राजकीय महोत्सव, अतिथि को रुकने के लिए बंशीधर नगर में गेस्ट हाउस का निर्माण और रेलवे सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों का नाम नगर उंटारी से बंशीधर नगर करने की पहल शुरू की गई है। मंगलवार को रेहला रोड स्थित आरकेभीएस संस्था के बीएड कॉलेज परिसर में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बंशीधर महोत्सव धार्मिक कार्य है। इसमें बंशीधर नगर के साथ-साथ पलामू ही नहीं बल्कि आसपास के राज्यों के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। इस महोत्सव में डीसी व जिला प्रशासन के कार्यप्रणाली से काफी आहत हूं। पीड़ादायक कार्य किया गया है। इससे क्षुब्ध होकर मैं महोत्सव से अपने आप को अलग कर रहा हूं। इससे पहले भवनाथपुर के भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने भी महोत्सव से अलग होने की घोषणा पूर्व में ही कर चुके हैं।

सांसद ने कहा कि डीसी शेखर जमुआर ने निमंत्रण कार्ड लेकर पहुंचे थे। इसमें मुझे सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शाम छह बजे बुलाया गया था। जबकि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम अपराह्न पौने तीन बजे से लेकर शाम पांच बजे तक निर्धारित होने की घोषणा डीसी ने की है। वहीं नगर उंटारी रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर बंशीधर नगर करने पहल मैंने वर्ष 2018 से की है। लेकिन डीसी ने एक अप्रैल को बंशीधर नगर एसडीओ को मंतव्य के लिए लिखे गए पत्र में मंत्री मिथिलेश ठाकुर का भी जिक्र किया है। इतना ही नहीं, बंशीधर महोत्सव को लेकर बंशीधर नगर प्रखंड मुख्यालय में ताहिर अंसारी, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव सहित झामुमो कार्यकताओं का बैनर होर्डिंग लगाया गया है। मैंने आमंत्रण के लिए पोस्टर लगवाया था, जिसे हटा दिया गया है। बंशीधर नगर के बीडीओ ने सोशल मीडिया पर पत्र जारी कर भी बैनर पोस्टर नहीं लगाने का निर्देश दिया है। इस तरह की कार्यप्रणाली सही नहीं है। उन्होंने कहा कि आनेवाले समय में ऐसे अधिकारियों से हिसाब लिया जाएगा। पत्रकार वार्ता में भाजपा के जिला प्रभारी अमित कुमार, भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, भोला चंद्रवंशी, शारदा महेश प्रताप देव, विकास स्वदेशी, प्रमोद चौबे, अंजनी तिवारी, चंदन जायसवाल, प्रवीण जायसवाल आदि मौजूद थे।

### महोत्सव से सांसद का अलग होना अशोभनीय : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के आयोजन से पलामू लोकसभा क्षेत्र के सांसद बीडी राम एवं भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने खुद को अलग कर लिया है। सांसद सहित भाजपा नेताओं के महोत्सव से अलग हो जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा है कि सांसद राम डीजीपी जैसे महत्वपूर्ण एवं प्रतिष्ठित पद पर रह चुके हैं। श्री बंशीधर महोत्सव जैसे अति महत्वपूर्ण आयोजन से खुद को अलग करना उनके लिए शोभनीय नहीं है। सांसद इस महोत्सव के हमेशा पक्षधर रहे हैं। अंत में इससे अलग हो जाना किसी भी मायने में उचित प्रतीत नहीं होता है।

दुबे ने कहा कि भाजपाइयों को पहले ऐसा लगता था कि झामुमो की सरकार श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन नहीं करा पाएगी, परंतु हेमंत सरकार ने काफी भव्य, आकर्षक एवं ऐतिहासिक आयोजन करा रही है। झामुमो की सरकार ने इस महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया। तब यह भाजपाइयों के लिए करारा तमाचा साबित हुआ। भाजपाइयों की सोच से परे बंशीधर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बात से उनके कलेजे पर सांप लोट रहा है। इस महोत्सव से अलग हो कर भाजपा के सांसद, विधायक एवं अन्य सभी नेताओं ने भाजपा का असली चरित्र उजागर कर दिया है। भाजपा धर्म के नाम पर सिर्फ राजनीतिक रोटी सेकती है। असल में उन्हें सनातन धर्म की विविधता एवं परंपरा से कोई लेना-देना नहीं है। इस




झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे

महोत्सव के बहाने भाजपा नेता बस अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करना चाहते थे, परंतु सफल नहीं हो पाने से बौखला उठे हैं। जब झामुमो की सरकार महोत्सव का बेहतर आयोजन कर रही है तो भाजपाइयों को पच नहीं रहा है। दुबे ने कहा कि यह आयोजन किसी राजनीतिक पार्टी का नहीं, बल्कि गढ़वा जिला सहित संपूर्ण राज्य की जनता का है। जनता के कार्यक्रम से भाजपाइयों को अलग होना उनके असली चेहरा को सामने ला दिया है। जनता अच्छी तरह समझ चुकी है कि भाजपा एवं भाजपाइयों को जनता एवं जनहित से कोई सरोकार नहीं है, बल्कि वे लोग धर्म के नाम पर सिर्फ अपनी राजनीतिक रोटी सेंकना जानते हैं। जिस तरह से भाजपाइयों ने अपना असली चेहरा दिखाया है, जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन निर्बाध रूप से काफी भव्य, आकर्षक एवं ऐतिहासिक होगा।

### भाजपाई नहीं होंगे शामिल : जिलाध्यक्ष

वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों सहित कार्यकताओं की भावना का ख्याल रखा जाएगा। जब भवनाथुपर के विधायक व सांसद ने ही महोत्सव से अलग रहने की घोषणा की है तो ऐसे में हम सभी कार्यकर्ता उनके निर्णय के साथ हैं। प्रदेश तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने श्री बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा देने की घोषणा भी की थी।

# विधायक ने दो-दो करोड़ की दो योजनाओं का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। हरिहरपुर**

क्षेत्रीय विधायक भानुप्रताप शाही ने सोमवार को करीब दो करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली दो अलग-अलग योजनाओं शिलान्यास किया। इसमें मझिगवां स्थित आश्रम आवासीय विद्यालय परिसर में एक करोड़ पैसठ लाख की लागत से बनने वाले सभागार भवन व पच्चीस लाख की लागत से उत्क्रमित उच्च विद्यालय डुमरसोता की चहारदीवारी की आधारशिला रखी। सभा को संबोधित करते हुए शाही ने कहा कि मझिगवां गांव में बना आवासीय विद्यालय पलामू प्रमंडल का इकलौता आश्रम विद्यालय है। बाद में मझिगवां पंचायत की मुखिया रीता देवी ने विधायक को पंचायत की विकास हेतु नौ सूत्री मांगों को सौंपा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सूर्यदेव सिंह, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, निर्मल विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।



### शिलापट्ट पर नाम नहीं होने पर भड़के दिनेश

उत्क्रमित उच्च विद्यालय डुमरसोता के चहारदीवारी निर्माण की शिला पट्ट पर जिला परिषद का नाम नहीं होने से कांडी उत्तरी जिप सदस्य सुषमा कुमारी के पति दिनेश राम भड़क गए। उन्होंने मंच से चहारदीवारी का काम करा रहे जेई को हिदायत देते हुए कहा कि आपलोग जन प्रतिनिधि का मजाक बना कर रखे हैं। जब तक शिलापट्ट पर जिप सदस्य का नाम अंकित नहीं होगा तब तक काम बंद रहेगा। साथ ही दिनेश ने कहा कि इसकी शिकायत जिला परिषद की बैठक में की जाएगी।

## सिमडेगा संक्षिप्त

### पेयजल को लेकर समशेरा पंचायत के मुखिया लगातार कर रहे हैं प्रयास

**बोलबा।** शंख नदी में संचालित ग्रामीण जलापूर्ति योजना नदी में जलस्तर सूख जाने पर जलापूर्ति कुछ दिनों से नहीं हो पा रहा था जिसकी सूचना समसेरा मुखिया सुरजन बडाईक को दी गयी।जिसके बाद उनके अथक प्रयास से इसका सामाधान के लिए जेसीबी से जलापूर्ति कूप जाली की सफाई कार्य शुरू कर नदी में भी बालू बांध बनवा कर पानी को नहर काट कर जलापूर्ति कूप तक लाया गया मुखिया ने बताया अगर ये योजना सफल होती है तो पानी की आपूर्ति बहुत जल्द ग्रामीणों को मिलनी शुरू हो जायेगी।मुखिया के प्रयास से ग्राम पंचायत समसेरा में खराब पडे चापाकल की भी युद्ध स्तर पर मराम्मति कार्य हो रहा है।इसके लिए नया पाईप,रड,वासर,सैलेण्डर,बैरिंग,सोकेट आदि चेंज किया जा रहा है।ग्रामीणों को गर्मी में पानी आपूर्ति हो इस पर मुखिया द्वारा काम किया जा रहा है। जल्द ही इससे निजात मिलेगा

### वन अधिकार कानून पर विकास केंद्र में दिया गया प्रशिक्षण

**सिमडेगा।** वन अधिकार कानून 2006 के तहत विकास केंद्र सिमडेगा में वन अधिकार समिति के सदस्यों को वन अधिकार कानून 2006 को लेकर प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण में मुख्य रूप से बानो एवं पाकरटांड प्रखंड के समिति सदस्य उपस्थित रहे इस दौरान वन अधिकार अधिनियम 2006 के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि वन निवासी जनजातीय समुदाय एवं अन्य पारंपरिक वन वासियों को वन संसाधन संबंधित उनके अधिकारों को मान्यता प्रदान करने एवं समुदाय की विभिन्न जरूरतों के लिए यह कानून है जिसमें आजीविका निवास एवं अन्य सामाजिक सांस्कृतिक आवश्यकताएं शामिल है। बताया गया कि ग्रामसभा एवं अधिकार धारकों को विशेष अधिकार प्राप्त है तथा किसी प्रकार के विनाशक कार्रवाई को रोकने का भी उत्तरदायित्व देता है इससे वन में रहने वाले समुदायों के साथ चीर कालीन अन्याय को समाप्त करना उद्देश्य है तथा वनवासियों को आजीविका एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के अलावा कई चीजें शामिल है। प्रशिक्षण के दौरान एक्शन प्लान भी बनाया गया था कि पेंडिंग वन पट्टा एवं नया वन पट्टा आवेदन हेतु लोगों को जागरूक किया जा सके इस मौके पर मुख्य रूप से सुनीता मुंडा ललित कुमार मंतोष कुमार पंचायत के कार्यकर्ता एवं वन अधिकार समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी ने शिक्षकों के साथ की बैठक

**बानो।** प्रखंड के सभागार में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बानो निर्मला लिंडा की अध्यक्षता में प्रखंड के शिक्षकों का एक आवश्यक बैठक रखा गया। बैठक में शिक्षकों को निर्मला लिंडा द्वारा शिक्षा सचिव के सिमडेगा जिला निरीक्षण को देखते हुए सभी विद्यालय को चुस्त दुरुस्त रखने तथा स समय बच्चों का यू डायस प्लास का डाटा जल्द एंट्री करने के निर्देश दिया ।एमडीएम का छात्र संख्या जमा करने,एफएनएलके तहत वितरित की गई कीट का उपयोग करने का निर्देश दिया गया एवं विभाग द्वारा भेजे गए कैलेंडर का वितरण किया गया प्रशस्त एप के द्वारा बच्चो का डाटा एंट्री करने तथा आगामी 6 मई से होने वाली 1से 7 वर्ग के परीक्षा आयोजन के लिए सभी विद्यालयों के लिए संकुल वार प्रश्न पत्र का वितरण भी किया गया इस बैठक में मनोज भगत ,गणेश गोंझु केदारनाथ सिंह, ओमप्रकाश ओहदार प्रखंड घनश्याम साहू,अन्टोनी टेटे सहित सभी प्रधान शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### सिमडेगा में पर्यावरण जनचेतना साइकिल यात्रा का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के द्वारा पर्यावरण जन चेतना साइकिल यात्रा निकाली गई। पर्यावरण संरक्षण को लेकर निकाली गई साइकिल यात्रा का शुभारंभ गांधी मैदान से किया गया। साइकिल यात्रा बीरू मंदिर तक गई और फिर वहां से वापस सिमडेगा आई। साइकिल यात्रा के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मौके पर पर्यावरण गतिविधि प्रमुख संजीत कुमार और विभाग प्रचारक शमी जी ने कहा कि अज्ञानता और जागरूकता की कमी के कारण हम पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं जिससे पर्यावरण का संतुलन गड़बड़ा रहा है और परेशानी हम लोगों को ही उठाने पड़ रही है उन्होंने लोगों से जंगल बचाने,जंगल में आग नहीं लगाने, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील की। मौके पर कई लोगों उपस्थित थे। इधर बीरू पहुंचने पर साइकिल यात्रा में शामिल लोगों का मंदिर समिति के लोगों ने स्वागत किया और जलपान भी कराया। आजसू जिला अध्यक्ष धूपेंद्र पांडे, संदीप नाग, बादल जी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### 'भाजपा सरकार ने मिशनरियों को हमेशा किया कुचलने का कार्य'

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के कोंनमेंजरा भेलवाटोली चर्च मंडली में ग्रामीणों की विशेष बैठक का आयोजन हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी उपस्थित हुए ।जहां पर ग्रामीणों ने उन्हें फूल माला देकर स्वागत किया मौके पर विधायक ने कहा ईश्वर की कृपा है कि हम आज एक साथ इकट्ठे हुए हैं ईश्वर के बताए मार्ग पर सभी को चलने की आवश्यकता है ।उन्होंने कहा कि आप जिस परिवेश में है वह बहुत ही कठिन समय से गुजर रहा है झारखंड राज्य में पूर्व में भाजपा की सरकार हम ईसाई समुदाय को हर संभव कुचलने का प्रयास किया ।हमारे धार्मिक स्थल को ध्वस्त करने का प्रयास किया ईसाई मिशनरियों के स्कूलों को बंद करने की सोच रखते हुए शिक्षक बहाली पर रोक लगाया।

### समस्या | ग्रामीणों के साथ-साथ दुकानदारों की बढ़ी परेशानी

# डंडाई के बाजार टोले का चापाकल वर्षों से खराब

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड मुख्यालय के मुख्य बाजार स्थित वाटर वेज परिसर में लगा चापाकल वर्षों से खराब होकर पड़ा है। न तो उसकी मरम्मत कराई जा रही है और ना ही उसके बदले में कोई दूसरा चापाकल ही लगाया जा रहा है। इसके कारण बाजार टोला के ग्रामीणों के साथ-साथ छोटे-छोटे होटल संचालकों को पेयजल के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि मुख्यालय की प्रमुख जगह पर इतने दिनों तक चापाकल का खराब होकर पड़े रहना सीधे तौर पर विभागीय अधिकारियों की लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि उक्त चापाकल से हॉट के दिन तकरीबन दस हजार से भी अधिक लोग पानी पीकर अपनी



अपनी प्यास को बुझा रहे थे। डंडाई गांव में हर बुधवार को साप्ताहिक हाट लगता है। हाट के दिन दूर-दूर से लोग यहां पहुंचते हैं और हाट में सामग्री की खरीद बिक्री कर अपने अपने घर लौट जाते हैं। लेकिन जब से वह चापाकल खराब हुवा है तब से हॉट करने आ रहे ग्रामीणों को पानी के लिए दर-दर भटकना मजबूरी हो गया है। ग्रामीण अरग देव कुमार, उमाशंकर प्रसाद, सुरेश साहू, राजकुमार साहू, जहीर अंसारी, नंदू प्रसाद, दयानंद प्रसाद, अरुण कुमार, समरेंद्र मेहता, सतनारायण कुमार इत्यादि लोगों ने बताया कि उक्त चापाकल का लाभ खासकर हम जैसे पोल्ट्री, होटल, ठेला, गुमचा व खैनी दुकानदार के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीण भी ले रहे थे। लेकिन जब से वह चापाकल खराब हुआ है तब से पानी को लेकर हम लोगों की समस्या बढ़ गई है। साथ ही कहा कि बाजार क्षेत्र में दूसरा और कोई चापाकल नहीं होने से हम लोगों को प्रत्येक दिन दूसरे चापाकल से पानी लाकर प्यास बुझा ना पड़ रहा है। उक्त लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि एक तो वह चापाकल वर्षों से खराब होकर पड़ा है। दूसरे में जहां से हम सभी पानी लाकर अपना-अपना काम चला रहे थे वह भी इस बार की गर्मी में खराब हो गया है। उन्होंने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से बनाई गई वाटर टंकी भी इस वर्ष की गर्मी में पूरी तरह जवाब दे दी, जिससे हम लोगों की परेशानी और बढ़ गई।

## NEWS इन ब्रीफ

### पांकी दंगे के सभी आरोपियों को मिली जमानत

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांकी बाजार में बीते दिनों हुए दंगे में पलामू जिला सत्र न्यायधीश दो विनोद कुमार सिंह ने जेल भेजे गए सभी आरोपियों को 10 हजार दो के मुचलके पर जमानत दे दी है। अधिवक्ता राहुल सत्यार्थी ने बताया कि पांकी में दो समुदाय के बीच फरवरी 2023 में महाशिवरात्रि के अवसर पर होडिग लगाने को लेकर पत्थरबाजी, आगजनी की घटना हुई थी। जिसमे दोनों समुदाय के लोगों को काफी क्षति हुई थी। जिसे लेकर पांकी थाना कांड संख्या 16/2023 व 17/2023 दर्ज कर लगभग दोनों समुदाय से पुलिस ने दर्जनों लोगों को जेल भेजा था। मालूम हो कि पांकी दंगा केस बहुत चर्चित हुआ था।

### राज्यपाल के हाथों सम्मानित हुए कौशल

**मेदिनीनगर।** रांची राज्य भवन में 30 अप्रैल को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का ऐतिहासिक 100 वां एपिसोड के समापन पर पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पलामू के पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### मजदूर दिवस पर अंग वस्त्र देकर सम्मानित

**मेदिनीनगर।** राजा मेदिनी राय युवा मंच झारखंड प्रदेश के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो के नेतृत्व मे अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर मुरमा मलय मत्स्य जीवी सहयोग समिति के पूर्व अध्यक्ष विश्वास सिंह, पूर्व साचिव उदय सिंह, सदस्य श्यामलाल सिंह, प्यारी सिंह, फुदेना सिंह को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया।

### निजी स्कूलों की तर्ज पर 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का उद्घाटन

# पलामू के तीन विद्यालय उत्कृष्ट

**अमर नाथ सोनी**



**मेदिनीनगर।** शिक्षा को लेकर संजीदा मुख्यमंत्री की परिकल्पना अब मूर्तरुप ले रही है। राज्य के वंचित और गरीब बच्चों को समय की मांग के अनुरूप उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त करने का सपना साकार हो गया। जब मुख्यमंत्री ने मंगलवार को जिला स्तरीय 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का शुभारंभ रांची के धुर्वा स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उच्च विद्यालय से किया। ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उच्च विद्यालय को भी उत्कृष्ट विद्यालय में तब्दील किया गया है। ये सभी 80 विद्यालय सीबीएसई से मान्यता प्राप्त हैं, जहां बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दी जाएगी। इसके साथ राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा का अधिकार भी प्राप्त होगा। झारखण्ड के इतिहास में पहली बार होगा, जब सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों के तर्ज पर विकसित करने की सोच को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। ज्ञात हो कि राज्य सरकार ने पूरे राज्य में 80 जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय, 325 प्रखण्ड स्तरीय लीडर स्कूल और 4,091 ग्राम पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय बनाने एवं सरकारी स्कूल के 15 लाख से अधिक बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा के अवसर प्रदान करने का लक्ष्य तय किया है। जब रांची से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 80 उत्कृष्ट विद्यालय (स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) का किया उद्घाटन किया तो पलामू में भी जिले के उपायुक्त ए दोड्डे समेत अन्य लोगों ने ऑनलाइन मोड में इस कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम स्थानीय जिला स्कूल में आयोजित किया गया । उत्कृष्ट विद्यालय में पलामू जिले के तीन विद्यालय को शामिल किया गया है। जिसमे 1.राजकीय +2 उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर, 2.राजकीय बालिका +2 उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर, 3.कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, चैनपुर विद्यालय शामिल है। इन उत्कृष्ट विद्यालयों के बच्चों को व्यवसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। बच्चों को एग्रीकल्चर, आईटी, आईटीईएस, अपारेल एण्ड मेडअप एण्ड होम फर्निशिंग, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, ऑटोमोटिव, टूरिज्म एण्ड हॉस्पिटालिटी समेत अन्य ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। संबंधित ट्रेड से जुड़े राज्य स्तरीय प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों के साथ इंडस्ट्रियल फील्ड विजिट की व्यवस्था की जा रही है ताकि भावी जीवन में उनके रुचि के अनुसार रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सके।

### चोरी की बाइक के साथ दो चोर गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर शहर थाना की पुलिस ने दो बाइक चोर टुन्ना कुमार और दीपक कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में वर्तमान शहर थाना प्रभारी उपेन्द्र नारायण सिंह ने बताया कि शनिवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिला था कि दो बाइक चोर कचहरी परिसर में घूम रहे हैं। इसी गुप्त सूचना के आधार पर टीओपी वन थाना प्रभारी रेवा शंकर राणा,टाइगर मोबाइल के जवान संतन कुमार और शारीक इरशाद कचहरी परिसर पहुंचकर दोनों चोर को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ के क्रम में दोनों चोरों ने अपना जुर्म कबूला है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों चोरों के पास से एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। वही सोमवार को पुलिस ने दोनों चोरों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पकड़े गए दोनों चोर बिहार राज्य के दाउदनगर के रहने वाले हैं।

## 10 के बाद सासाराम रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का स्टॉपेज शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू के सांसद वीडी राम के अथक प्रयासों के कारण 10 मई के बाद से सासाराम रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18635/18636 का हैदरनगर एवं उटारी रोड़ स्टेशन पर स्टापेज किया जाएगा। मंगलवार को हैदरनगर से आए भाजपा कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने सांसद को धन्यवाद दिया है। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विपिन बिहारी सिंह ने कहा कि पलामू सांसद के अथक प्रयास से उक्त ट्रेन का ठहराव प्रारंभ होने वाला है। इसके लिए हैदरनगर प्रखंड की जनता की ओर से लगातार मांग की जा रही थी। जिससे कई बार सांसद को अवगत कराया गया। स्टॉपेज के लिए सांसद लगातार प्रयासरत थे। उन्होंने बताया कि उक्त ट्रेन के स्टॉपेज से हैदरनगर प्रखंड के सैकड़ों गांव के लोग और रांची पढ़ाई करने वाले छात्र इस ट्रेन के सहारे रांची आवागमन कर सकते हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री को भी अपनी ओर से एवं पलामू प्रमंडल क्षेत्र की तमाम जनता की ओर से धन्यवाद दिया है। इस मौके पर मुख्य रूप से भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, हैदर नगर सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, हैदर नगर मंडल भाजपा महामंत्री प्रदीप सिंह, जोगेंद्र सिंह, दीपक कुमार, रविन्द्र राम, अनुज पासवान मौजूद थे।

## आम आदमी पार्टी ने मनाया मजदूर दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 1मई अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर आम आदमी पार्टी की श्रमिक इकाई श्रमिक विकास संगठन , पलामू इकाई ने जिला संयोजक चंद्र बली चौबे के नेतृत्व में मेदिनीनगर के विवेकानंद चौक पर पार्टी के कार्यकताओं एवं श्रमिकों के साथ मिलकर श्रमिक सम्मान दिवस मनाया। इस वर्ष मजदूर दिवस क ी थीम सकारात्मक सुरक्षा और स्वास्थ्य संस्कृति निर्माण के रूप में मनाने की थी। जिसे श्रमिकों के बीच में साबुन और धुलाई पाउडर वितरण कर मनाने का आव्हान किया गया। इस अवसर पर मजदूरों ने अपनी दयनीय स्थिति के बारे में जानकारी दी और बताया कि रहने वाले स्थान पर श्रमिकों के लिए विश्राम स्थल, शौचालय, पीने योग्य शुद्ध पेयजल और खाने का अभाव है। जिला संयोजक चंद्र बली चौबे ने कहा कि श्रमिकों की मांगे उचित है और श्रमिकों की गरिमा की रक्षा एवं सम्मान करना जरूरी है। राष्ट्रीय समन्वयक समिति सदस्य किशोर सिन्हा ने कहा कि मजदूर श्रमिक नहीं निमार्ता हैं, भारत के भाग्य विधाता हैं। देश में श्रमिकों की स्थिति दयनीय है। मौजूदा केंद्र सरकार नेअमजदूरों के अधिकार को पीछे धकेल दिया है। संजय राम ने कहा कि उचित मांग को स्थानीय प्रशासन को सूचित कर मांग को पूरा करने का प्रयास करेंगे।

### बुजुर्ग की हत्या मामले में पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने चार दिन पहले बुजुर्ग की हत्या मामले का खुलासा कर लिया है। साथ ही पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। बुजुर्ग की हत्या इसलिए की गई थी कि उसने आरोपियों को महिलाओं के साथ अवैध संबंध बनाते हुए देख लिया था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार दोनों आरोपी आपस में दोस्त हैं और दोनों मिलकर महिलाओं को बहला-फुसलाकर अपना शिकार बनाते थे। पलामू के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के अकौनी के हड़ही नदी के पास 27 अप्रैल को पुलिस ने बुजुर्ग का शव बरामद किया था। बुजुर्ग की पत्थर से कूचकर हत्या की गई थी।

### आज होगा परशुराम मंदिर निर्माण भूमि पूजन कार्यक्रम

## समाज को अमृत देने का कार्य : ब्राह्मण समाज

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव आज परशुराम मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन करने जा रही है। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में पूरे झारखण्ड के विप्र समाज एवं पलामू प्रमंडल के परशुराम भक्तों को डिजिटल मीडिया, अखबार, एवं डोर टू डोर जा लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आग्रह किया जा रहा है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के द्वारा जो भूमि पूजन कर मंदिर की नीवं रखी जा रही है, यह झारखण्ड की पहली और इतिहासिक होने जा रही है। प्रबुद्ध समाज के लोगों एवं जानकारों की माने तो यह मंदिर झारखण्ड की नाक बताई जा रही है ।जिसकी लागत करीब एक करोड़ से ऊपर की लागत से तैयार की जाएगी। कार्यक्रम को भव्य बनाने को लेकर शहर से सटे गावों में घूम घूम कर लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है, जिसमें पूरबडीहा, जोंड़, रजवाडीह, बड़कागांव, गुरी, भंडार, रजहारा, बसना, अमवा, तोलरा, मनिका, रबदी, चेतमा, सूठा , पाटन, अकराहा, पकरी, खाम्ही, पथरही, रेड़मा, बारालोटा, महुगांवां, हरिनामांड,लोहडा. परशुराम खाप, सहित कई अन्य गावों के अभिभावकों एवं परशुराम भक्तों को राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा निवेदन कर कार्यक्रम में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया गया है। इस भ्रमण मंडली में प्रदेश संरक्षक मुकेश तिवारी, प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी, प्रमंडल अध्यक्ष पांडे मनोज सिंह, प्रमंडल उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी अरविंद पांडे, प्रमंडल संगठन मंत्री नवीन पांडे, संजीत पांडे, अंकित पांडे, जिला कार्यसमिति सदस्य शुबास दुबे, कुनाल दुबे, जय प्रकाश दुबे, उज्जवल दुबे, प्रिंस दुबे, अभिषेक पांडे, नवनीत शुक्ला, बिटू पांडेय, अमित पांडे, राहुल उपाध्याय, राहुल चौबे, राजन पंडित, विपिन पांडे, सहित सैकड़ों भार्गव सेना के लोग रहे उपस्थित।



# लॉटरी में बाइक व एक लाख निकलने का झांसा देकर ठगे हजारों रुपये



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
सिमडेगा एसपी सौरभ के निर्देश पर जिले के प्रज्ञा केंद्र संचालकों से बैठक करते हुए साइबर ठगी के प्रति जागरूक किया था जिसका असर देखने को मिला।

कोलेबिरा थाना क्षेत्र के बरवाडीह अमती टोली निवासी राजमिस्त्री सुबास सिंह को 30 अप्रैल को उसके फोन पर कॉल आई और कहा जिओ सिम के माध्यम से आपका एक अपाचे बाइक व 1 लाख रुपये की लॉटरी निकली है।और उसने बाइक की फोटो वॉट्सएप कर दी।और कहा कि रजिस्ट्रेशन के लिए 1200 रुपए और पुरस्कार प्राप्त करने के लिए ?12500 रुपए फीस चुकानी होगी। मैं उसके झांसे में आ गया और 30 अप्रैल को बरवाडीह स्थित ऑनलाइन दुकान से कुल 13700 रुपए ठग को गूगल पे के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद ठग अलग-अलग चार्ज बता कर 7000 रुपये मांगने लगे। तभी कोलेबिरा बाजार रोड स्थित प्रज्ञा केंद्र से पैसे डालने आया पर प्रज्ञा केंद्र संचालक संदीप कुमार को शक होने पर उन्होंने पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। तत्पश्चात भुक्तभोगी को थाना पहुंचाया गया जहां थाना प्रभारी के द्वारा मामले की विस्तृत जानकारी लेकर उसे जागरूक किया। इसके बाद वह युवक बिना पैसा डाले साइबर ठगी का शिकार होने से बच गया।

## दो बाइक की टक्कर में तीन युवक घायल

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा में सोमवार को गणपति ईंट भट्ठा के समीप दो बाइक का टक्कर में तीन युवक घायल हो गये। पहचान जोगना ग्राम निवासी कृष्णा साहु का 22 वर्षीय पुत्र दीपू साहु और सेरेन्गहातु निवासी चन्दरु उराँव का 19 वर्षीय पुत्र सोमनाथ उरांव तथा शुका उरांव का 18 वर्षीय पुत्र मन्तोष उराँव के रूप में किया गया। जानकारी के अनुसार बता दे कि दीपू सहु अपना बाइक जे एच 0 8 जी 1566 से घाघरा की ओर से सेन्हा तरफ आ रहा था। वही सोमनाथ उराँव और मन्तोष उराँव अपनी बाइक से सेन्हा की ओर से घाघरा के तरफ जा रहे थे। उसी दौरान कंडरा में गणपति ईंट भट्ठा के समीप दोनों बाइक में टक्कर होने से तीनों युवक घायल हो गए।

# 'हक की लड़ाई के लिए एकजुट हों मजदूर'

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर झारखंड प्रदेश मजदूर यूनियन के तत्वाधान में मजदूरों ने शहीद अल्बर्ट एक्का स्टेडियम महावीर चौक होते हुए झूलन सिंह चौक से नगर भवन तक विशाल जुलुस निकाली गई। तत्पश्चात मजदूर नेता ने बिरसा मुंडा के मूर्ति पर माल्यार्पण कर नगर भवन सिमडेगा में मजदूरों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह ने कहा कि मजदूरों को एकता में रहना जरुरी है जिससे उनके अधिकार और हक की लडाई आसान हो सके और संगठित संघर्ष किया जाए। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि जीप अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग ने कहा कि मजदूरों को गर्व होना चाहिए कि वे राष्ट्र निर्माण के प्रमुख कडी हैं। वे भी मजदूर की बेटी हैं और उन्हें इस बात का गर्व है। उन्होंने मजदूरों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें ताकि बच्चे अफसर, विधायक बन सकें एवं नशापान से दूर रहें। विशिष्ट अतिथि अगुस्टीना सोरेंग ने मई दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सामटोली, कुबीटोली, खिजरी और एकल नारी सशक्ति संगठन के मजदूरों किसानों ने नाच एवं गाना प्रस्तुत किया जिन्हें उपहार देकर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग ने सम्मानित भी किया। सभा को प्रवीण कच्छप, रोशन डुंगडुंग, उल्लास साहु, मोहन बडाईक ने भी संबोधित किया। मौके पर आटो चालक संघ के अधिकारी इंद्र सिंह, लालू बडाईक, विशेष रुप से कुबेर कैथवार, चंद्रजीत प्रसाद, लालमोहन मिस्त्री, नसरुद्दीन मिस्त्री, बंधु मिस्त्री, सुखलाल स्वांसी, मोहित कुल्लु, वार्ड मजुं बिलुंग, सुरेंद्र सिंह, नीलिमा मिंज, सूचिता, जिरेन, विलियम, उषाविमला, प्रतिमा बाडा, एकल नारी सशक्ति संगठन की एभलेनजिस्ता कंडुलना, मेरी भैलेट बाः, मुक्ता समद, सुशीला आदि सैकडो मजदूर उपस्थित थे।




## NEWS इन ब्रीफ

### कीटनाशक पीकर 60 वर्षीय व्यक्ति ने दी जान

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के कुटमाकछार पचायत के कोकड़ाछेरा गांव में सोमवार रात धरम साय उम्र लगभग 60 बर्ष घर में रखे कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। पुलिस ने बताया मृतक कुछ दिनों से मानसिक तनाव में था। अचानक घर में रखे कीटनाशक को पी लिया, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन कुरडेग सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाये जहां इलाज के क्रम में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### विशेष मिस्सा पूजा का किया गया आयोजन

**बानो।** प्रखंड के संत फ्रांसिस चर्च बानो को पल्ली घोषणा दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पल्ली घोषणा दिवस के अवसर पर विशेष मिस्सा मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया था। मौके पर सिमडेगा धर्म प्रांत के बिशप विंसेंट बरवा, जिला परिषद बिरजो कंडुलना, प्रमुख सुधीर डांग मुखिया कृपा हेमरोम, सोमारी कैथवार जॉन मुंडू, प्रफुल तोपनो, गुलाब बागे रोशलिया कुजूर आदि लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुष्पा जोजो, किरण, रोजलिया कुजूर, सहित बिनोद साउंड बानो का सहयोग रहा।

### पूर्व मंत्री एनोस एक्का का भव्य स्वागत हुआ

**सिमडेगा।** झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री रहे एनोस एक्का का को आय से अधिक मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा बेल दिए जाने के बाद मंगलवार को रांची के बिरसा मुंडा कारामंडल से निकलने के बाद झारखंड पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भव्य तरीके से स्वागत किया। इधर सिमडेगा के सीमावर्ती क्षेत्र कोलेबिरा आघरमा पहुंचने पर कार्यकताओं ने बड़े ही भव्य तरीके से उनका स्वागत किया ढोल नगाड़े के ताल पर माला पहनाकर उनका स्वागत किया साथ ही झारखंड पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। एनोस एक्का ने कहा मुझे सुप्रीम कोर्ट ने बेल दिया है इसके लिए सुप्रीम कोर्ट का आभार व्यक्त करते हैं।

## लोहरदगा के तीन सरकारी स्कूल उत्कृष्ट विद्यालय में शामिल

# 'शिक्षा व स्वास्थ्य सुलभ हो'




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का ऑनलाईन उद्घाटन आज मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, रांची, झारखण्ड से किया गया। लोहरदगा जिला के तीन विद्यालयों- प्लस टू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय लोहरदगा, राज्यकीयकृत उत्क्रमित प्लस टू कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय, लोहरदगा और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुजरा, लोहरगा इसमें शामिल हैं। लोहरदगा जिला के प्लस टू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में राज्य स्तर के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा स्वास्थ्य और शिक्षा ऐसा क्षेत्र है जो सभी को आसानी से सुलभ होना चाहिए।90 के दशक के पूर्व सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता बहुत अच्छी थी जो निजी विद्यालयों के खुलने के बाद घटती गई। आज सरकार विद्यालयों और सरकारी अस्पतालों में सुधार कर रही है जो काफी सराहनीय प्रयास है। उत्कृष्ट विद्यालय को उत्कृष्ट बनाने का श्रेय शिक्षकों को जाता है। वहीं छात्र अगर अपने जीवन में कोई सफलता प्राप्त करता है तो खुद की पहचान अपने विद्यालय के माध्यम से बतलाता है। जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि लोहरदगा जिला के तीन विद्यालयों को राज्य की सरकार उत्कृष्ट बना रही है, जो जिला वासियों के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि बिशुनपुर सुखदेव उराँव, जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार, जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, केजिबिभी कुजरा मेनका प्रजापति और राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लोहरदगा की प्रधानाध्यापिका रेश्मा खलखो, एसएमसी के सदस्य और छात्राओं द्वारा भी विचार व्यक्त किया गया। सभी ने राज्य सरकार के इस कदम को मील का पत्थर बताया।

वक्ताओं ने कहा कि सीबीएसई पैटर्न पर सरकारी विद्यालयों में अब पढ़ाई होगी जिससे बच्चों के पढ़ने का तरीका बदलेगा। इन विद्यालयों में आईसीटीसी लैब, स्मार्ट क्लास रूम, लाइब्रेरी, खेल का मैदान, व्यावसायिक विषयों की पढ़ाई समेत अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि 72-लोहरदगा निशीथ जायसवाल, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चद्रमौलेश्वर, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना लोहरदगा कार्यालय के पदाधिकारी/कर्मीगण आदिउ पस्थित थे। कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय के भवन का अवलोकन भी किया गया।

### तीनों स्कूलों में नामांकन फार्म मिलना प्रारंभ हुआ

उत्कृष्ट विद्यालय के अंतर्गत चयनित लोहरदगा जिला के विद्यालयों में कक्षा 6, 7, 8 एवं 9 में नामांकन के लिए सोमवार से नामांकन फार्म मिलना प्रारंभ हो गया जो दिनांक 15 मई तक मिलेगा। यह फॉर्म निःशुल्क दिया जा रहा है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कुजरा में कक्षा छह में नामांकन होगा जिसके लिए प्रवेश परीक्षा जैक बोर्ड, झारखण्ड, रांची द्वारा आयोजित की जाएगी।

## सिमडेगा के 3 स्कूलों का उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में उद्घाटन

**सिमडेगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेग के कर-कमलों से राँची में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्य भर के 24 जिलों के 80 स्कूल को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का राज्य स्तरीय ऑनलाईल लोकार्पण किया। जिले के तीन स्कूल को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के लिए चयनित किया गया है जिसको उद्घाटन कार्यक्रम में विधायक कोलेबिरा, उपायुक्त सिमडेगा, उप विकास आयुक्त, शिक्षा विभाग की टीम, शिक्षक एवं स्कूली बच्चों ने माध्यम से जुड़े। एसएस+2 बालक उच्च विद्यालय के पुशवंत साय ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस संबंधित स्पीच दिया। साथ ही नाटकीय कार्यक्रम के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से संबंधित जानकारी दी गई।जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थल एस एस+2 बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय योजना अंतर्गत सिमडेगा जिले के निम्नांकित 03 विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में विकसित करने हेतु चयन किया गया है, एसएस +2 हाई स्कूल, एसएस गर्ल्स +2 हाई स्कूल, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सिमडेगा इन विद्यालय को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.) के तहत सम्बद्धता प्राप्त किया गया एवं वर्तमान सत्र 2023-24 अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जाएगा।

# 'लोहरदगा जिले के औद्योगिक विकास को लेकर चैंबर गंभीर'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि जिला का आद्योगिक विकास शिथिल रहना एक गंभीर मामला है, अतः इस मुद्दे पर गम्भीरतापूर्वक चैंबर को लगने की आवश्यकता है। जिला के औद्योगिक विकास हेतु एक ब्लू प्रिंट तैयार करने का निर्णय लिया गया है।

इस संदर्भ में सर्वप्रथम प्रखंडों में वहां के व्यापारियों के साथ बैठक कर मई 2023 के अंदर प्रखंड कमिटी बनायी जायेगी। फिर इनके माध्यम से प्रखंडो में उद्योग स्थापित करने हेतु एक लाट में पड़ी एकड़ो भूमि को चिन्हित कर बड़े व्यापारियों को उद्योग लगाने हेतु क्षेत्र में कच्चे माल, बिजली व्यवस्था, आवागमन आदि के सुविधानुसार प्रस्ताव दिया जायेगा एवं कम लागत में भूमि उपलब्ध करवाने की कोशिश होगी ताकि उद्योगों के माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार भी सृजन किया जा सके। चैंबर द्वारा भूमि बैंक बनाने के पश्चात सरकार से वार्ता कर जिला में उद्योगों का बढ़ावा हेतु सुविधाओं का जाल बिछाने का आग्रह करेगी। इसके लिये एक को-ऑर्डिनेशन समिति बनाया गया जिसमें सेन्हा में वरीय उपाध्यक्ष पंकज जायसवाल, सचिव राकेश कुमार सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार, राजीव रंजन, फिरोज शाह, भंडरा में अभय अग्रवाल, अनीश मित्तल, चंदन गोयल, पुरुषोत्तम नाथ तिवारी, किस्को प्रखंड में उत्तम कुमार, धनन्जय प्रसाद, विजय खत्री, सुमित राय, कैरो, कुडू तथा पेशरार में चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार, झारखण्ड फेडरेशन के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश कुमार महतो, कोषाध्यक्ष दीपक पोद्दार, सदस्य पवन गौतम, पीयूष केशरी, दीपक सर्राफ, लोकेश प्रसाद, दिनेश अग्रवाल को अधिकृत किया गया।

## प्रशिक्षण के लिए रांची भेजे गये 22 युवा

**लोहरदगा।** एससीए योजना मद अंतर्गत लोहरदगा जिला के 22 युवक-युवतियों को सीएनसी ऑपरेटर/मशीनिंग तकनीशियन के एक वर्षीय आवासीय प्रशिक्षण हेतु आज सोमवार को रांची जिला स्थित झारखण्ड गवर्नमेंट मिनी टूल रूम, टाटीसिल्वे, रांची के लिए बस से रवाना किया गया। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा समाहरणालय परिसर से बस को हरी झंडी दिखायी गई। इससे पूर्व झारनेट वीसी रूम में युवक-युवतियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा एससीए योजना मद से यह कोर्स आप सभी युवाओं को निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी अरूण सिंह, जिला कौशल विकास पदाधिकारी दिनेश भगत, सहायक जिला योजना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा समेत अन्य उपस्थित थे।

# शादी का झांसा दे विधवा का वर्षों किया शारीरिक शोषण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
कुडू थाना क्षेत्र के जिलिंग गांव की एक विधवा महिला ने एक व्यक्ति पर शादी का झांसा देकर 11 वर्षों तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को दिए अपने आवेदन में बताया है कि वर्ष 2009 में उसके पति की मौत हो गयी थी, जिसके बाद 2011 में नावाटोली निवासी आशीष खलखो पिता पंखपियुष खलखो ने उसके घर आना शुरू कर दिया और उसे विवाह करने और दोनों बच्चों का भरण पोषण करने का आश्वासन दिया। आरोपी का पीड़िता के पति के साथ दोस्ती थी जिस कारण वह उसके झांसे में आ गयी। इसके बाद से दोनों पति पत्नी की तरह रहते रहे। आशीष विधवा के पैसों का भी उपभोग करता रहा। महिला ने छः लाख से अधिक पैसा लेने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि 11 साल का लंबा समय साथ में बिताने के के बाद वह दूसरी शादी करने जा रहा है। और मना करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। महिला ने बताया कि इसको लेकर बीते 10 मार्च और 26 अप्रैल को ग्रामीणों की बैठक हुई लेकिन आशीष खलखो पंचायत में उपस्थित नही हुआ। फिलहाल महिला के आवेदन पर कुडू पुलिस कांड संख्या 54/23 धारा 376 के नुकदमा दर्ज कर आगे की कारवाई में जुट गई है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक घायल

**जलडेगा।** थाना क्षेत्र के पतिअंबा नायक टोली निवासी एग्नेश मड़की, पिता सुखराम मड़की नामक एक युवक को जलडेगा के एक ट्रैक्टर ने अपने चपेट में ले लिया। बताया गया कि व्यक्ति एडेगा से पतिअंबा अपने घर आ रहा था, इस दौरान एक अज्ञात ट्रैक्टर की चपेट में आने से व्यक्ति का बांया पैर में चक्का चढ़ गया जिससे व्यक्ति को काफी गंभीर चोटें आई है। घटना स्थल पर पुलिस पहुंचने से पहले सोकोरला का एक ऑटो चालक घायल व्यक्ति को इलाज के लिए जलडेगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर अवस्था को देख सिमडेगा रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने बताया कि वो ट्रैक्टर को तो नहीं पहचान सका लेकिन ट्रैक्टर चालक को जानता है।

# जंगली हाथी ने गरीब किसान के घर को किया ध्वस्त, ग्रामीणों ने खदेड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर ( गुमला )**
चैनपुर क्षेत्र में जंगली हाथियों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है जंगली हाथी लगातार हमले कर कई गरीब किसानों के घरों को ध्वस्त करता जा रहा है सोमवार देर रात सदान बुकमा गांव में एक जंगली हाथी ने किसान मोहन नगेसिया के घर पर हमला कर उसे ध्वस्त कर दिया हालांकि उस समय घर पर कोई नहीं था किसान मोहन पूरे परिवार के साथ गांव में ही एक शादी समारोह में गया हुआ था इधर हाथी द्वारा घर ध्वस्त की सूचना ग्रामीणों को लगते ही ग्रामीण मसाल टॉर्च ढोल नगाड़ों की सहायता से बड़ी मुश्किल से हाथी को गांव से खदेड़ने में सफल हुए ग्रामीणों के अनुसार हाथी जारी प्रखंड के सीमावर्ती भुठी जंगल में चला गया है वही भयवश ग्रामीण सारी रात जागकर पहरेदारी करते रहे हाथी के लगातार गांव में हमले से ग्रामीण काफी भयभीत हैं जिसे लेकर वन विभाग से सुरक्षा की गुहार लगाई है आपको बताते चलें कि सदान बुकमा गांव में बीते रविवार की रात जंगली हाथी ने तीन गरीब किसानों के घरों को ध्वस्त कर दिया था।

## ईंट भट्ठा कार्यालय से हजारों रुपये की चोरी

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के नौदी ग्राम में संचालित ईंट भट्ठा के कार्यालय का ताला तोड़ अज्ञात चोर लैपटॉप,ट्रैक्टर का बैटरी पटा,6 लोहा बाल्टी चोरी का घटना को अज्ञात चोरों ने अंजाम दे फरार हो गये। भट्ठा संचालक रंजीत साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि ईंट भट्ठा के मेन गेट को तोड़ कर गिरा दिया है। भट्ठा के अंदर कार्यालय का ताला तोड़ चोरी की। घटना की सूचना सेन्हा थाना में देते हुए अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने तथा नियम संगत कारवाई का मांग भट्ठा मालिक ने किया। वहीं घटना 30 अप्रैल की रात की है। इसकी जानकारी मालिक ने मंगलवार को सेन्हा थाना में दी। मंगलवार को लिखित आवेदन थाना में कारवाई हेतु दिया गया है। इससे पूर्व भी अज्ञात चोरों का उत्पात बढ़ा था।

## आयोजन | मंदिर परिसर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# संकटमोचक मंदिर का वार्षिकोत्सव मना




**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर ( गुमला )**
चैनपुर के प्रेम नगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर का सातवां वार्षिकोत्सव सोमवार को उमंग उल्लास और श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी।

वार्षिक उत्सव के दौरान ग्राम पुरोहित अवनीश पाठक एवं ग्राम बैगा रवि बैगा की अगुवाई में भगवान हनुमान की विशेष पूजन व महाआरती कर विश्व कल्याण और शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस दौरान संकट मोचन हनुमान जी की महापूजा भगवान भोलेनाथ के पूजा किया गया। हवन के बाद पूणाहुति की गई। जिसके बाद संध्य महाआरती के दौरान वातावरण पूरी तरह हनुमानमय हो गया। जिसके बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया था जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जिसके बाद देर शाम को भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चैनपुर जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा चैनपुर मुखिया शोभा देवी प्रभारी थाना प्रभारी आलोक कुमार उपस्थित हुए। अतिथियों को मंदिर समिति के द्वारा गमछा ओढ़ कर सम्मानित किया गया। जय मां अंबे जागरण मंडली गुमला से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर उपस्थित भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। देर रात तक भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नाचते नजर आए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकट मोचन मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, गणेश साहू, राजेन्द्र चौधरी, राजेश राम, गौरी जयसवाल, गुड्डू साहू, राहुल कुमार, महेंद्र ठाकुर, चंचल केशरी, तेजू साहू, सोनू, सहित प्रेम नगर वासियों ने सहयोग किया।

## महायज्ञ में उमड़ रही भक्तजनों की भीड़

**लोहरदगा।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेटहट पंचायत अंतर्गत ग्राम पतगच्छा में चल रहे सात दिवसीय महायज्ञ कार्यक्रम में प्रतिदिन भक्तजनों की भीड़ उमड़ रही है। भक्तजन महायज्ञ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी आस्था व्यक्त करते दिखाई दे रहे हैं। आयोजन समिति की ओर से महायज्ञ कार्यक्रम स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया है। विगत 28 अप्रैल से ग्राम पतगच्छा में श्री रूद्र महायज्ञ शिव प्राण प्रतिष्ठा सपादलक्ष पार्थिव शिवलिंग अभिषेक एवं श्रीमद भागवत महापुराण श्री श्री 108 श्री कल्याण बाबा परम तपस्वी साधक संत के साधिन्य में यज्ञ चल रहा है।

## 147 लोगों का किया गया रक्त संग्रह

**सेन्हा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम में फाइलेरिया मुक्त भारत बनाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर रात्रि रक्त पट संग्रह शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्सा डॉ प्रभारी दिव्या निशि ने फीता काट कर उद्घाटन किया। रात्रि रक्त पट संग्रह कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीण महिला पुरुष का स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा रक्त संग्रह किया गया। यह कार्यक्रम रात्रि लगभग 11 बजे तक चलाया गया। रक्त पट संग्रह कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा प्रभारी डॉ दिव्या निशि ने कहा कि अरु ग्राम में 400 महिला पुरुष का फाइलेरिया जांच हेतु रक्त संग्रह किया जाना है। उन्होंने कहा कि रात्रि शिविर आयोजन कर 147 लोगों का रक्त संग्रह किया गया है। रक्त पट संग्रह कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मी देवेन्द्र गिरी, मंसूर अंसारी, अनमोल विक्टर एक्का, गंदुर उराँव, विराज तिर्की, ए एन एम राजमणी लकड़ा जानकी आदि मौजूद रहे।

# शिविर में 31 लोगों ने किया रक्तदान



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर ( गुमला )**
चैनपुर प्रखंड कार्यालय के कौशल विकाश केंद्र में मंगलवार को जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार सदर अस्पताल गुमला द्वारा शिविर लगाकर रक्तदान कराया गया। जिसमें चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सुशील कुमार सिंह, अंचलाधिकारी गौतम कुमार, जीप सदस्य मेरी लकड़ा,बेंदोरा पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज, चैनपुर मुखिया शोभा देवी पत्रकार बजरंग गुप्ता सहित 31 लोगों ने रक्तदान किया। बीडीओ श्री सिंह व सीओ गौतम कुमार ने ब्लॉक के सभी स्टाफ को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए रक्तदान कराया। बीडीओ शिशिर कुमार सिंह ने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि पहली बार आपको थोड़ा डर लग सकता है लेकिन यह डर तब खुशी में बदल जाएगी जब आपके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी की जान बच सकेगी उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से कई तरह की बीमारियों दूर होती है। अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने कहा कि 1 यूनिट रक्त से 3 लोगों की जान बचाई जा सकती है इसलिए रक्तदान करें दूसरे लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करें रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।

### रक्तदान जीवनदान है : सुशील दीपक मिंज

बेंदोरा पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज ने रक्तदान करने के बाद लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवनदान है रक्तदान कईयों की जिंदगी बचा सकता है इसका एहसास हमें तब होता है जब अपना कोई जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा होता है। रक्तदान करने से शरीर को नई ऊर्जा मिलती है। इससे पूर्व की अपेक्षा शरीर में अधिक खून बनता है। पहले लोग रक्त दान में संकोच करते थे, लेकिन आज का युवा रक्तदान बढ़चढ़ कर करता है। रक्तदान करने से शरीर को नई ऊर्जा मिलती है। पहले लोग रक्त दान में संकोच करते थे, लेकिन आज का युवा रक्तदान बढ़चढ़ कर करता है।

# अप्रैल 2023 में जीएसटी संग्रह 1.87 लाख करोड़ रुपये हुआ




**एजेंसी। नई दिल्ली**
अप्रैल 2023 में सकल जीएसटी राजस्व 1,87,035 करोड़ रुपये रहा, जो मार्च 2023 के सकल जीएसटी संग्रह के 1,60,122 करोड़ रुपये से 16.8 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2023 में सकल जीएसटी संग्रह भी अब तक के उच्चतम स्तर पर है और पिछले उच्चतम संग्रह 1,67,540 लाख करोड़ रुपये से 19,495 करोड़ रुपये अधिक है, जो अप्रैल 2022 में दर्ज किया गया था। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि पहली बार सकल जीएसटी संग्रह 1.75 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। वित्त मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 1,87,035 करोड़ रुपये के सकल जीएसटी संग्रह में सीजीएसटी 38,440 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 47,412 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 89,158 करोड़ रुपये (माल के आयात पर एकत्रित 34,972 करोड़ रुपये सहित) और उपकर 12,025 करोड़ रुपये (माल के आयात पर एकत्रित 901 करोड़ रुपये सहित) था। सरकार ने आईजीएसटी से सीजीएसटी में 45,864 करोड़ रुपये और एसजीएसटी में 37,959 करोड़ रुपये का निपटान किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नियमित निपटान के बाद अप्रैल 2023 में केंद्र और राज्यों का कुल राजस्व सीजीएसटी के लिए 84,304 करोड़ रुपये और एसजीएसटी के लिए 85,371 करोड़ रुपये है। अप्रैल 2023 का राजस्व पिछले साल इसी महीने में दर्ज जीएसटी राजस्व से 12 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2023 के दौरान, घरेलू लेन-देन से प्राप्त राजस्व (सेवाओं के आयात सहित) पिछले वर्ष इसी महीने के दौरान इन स्रोतों से प्राप्त राजस्व से 16 प्रतिशत अधिक था। मार्च 2023 में उत्पन्न ई-वे बिलों की कुल संख्या 9 करोड़ थी, जो फरवरी 2023 में उत्पन्न 8.1 करोड़ ई-वे बिलों की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2023 में एक ही दिन यानी 20 अप्रैल को अब तक का सबसे अधिक कर संग्रह देखा गया, जब 9.8 लाख लेनदेन के माध्यम से 68,228 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। पिछले साल (इसी तारीख को) सबसे ज्यादा एक दिन का भुगतान 9.6 लाख लेनदेन के माध्यम से 57,846 करोड़ रुपये था।

## नगदी के अभाव में गो फर्स्ट एयरलाइंस ने 3 और 4 मई की रद्द की अपनी उड़ानें

**नई दिल्ली।** 3 और 4 मई को जिन हवाई यात्रियों ने गो फर्स्ट एयरलाइंस में टिकट बुक कराया हुआ है उन्हें भारी दिक्तों का सामना करना पड़ सकता है। गो फर्स्ट ने 3 और 4 मई को उड़ान भरने वाले फ्लाइट्स को रद्द कर दिया है। तेल कंपनियों के बकाये का भुगतान नहीं कर पाने के चलते एयरलाइंस ने ये फैसला किया है। इकोनॉमिक टाईम्स के रिपोर्ट के मुताबिक एक ऑयल मार्केटिंग कंपनी के अधिकारी ने बताया कि गो फर्स्ट कैश एंड कैरी मोड पर ऑपरेट कर रहा है। यानि एयरलाइंस को हर दिन के हिसाब से जितनी उड़ान भरनी है उसके मुताबिक हवाई ईंधन के लिए भुगतान करना पड़ता है।

# शेयर बाजार में आई तेजी



**एजेंसी। मुंबई**
भारतीय शेयर बाजार में आज यानी मंगलवार (2 मई) को तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स 242 अंकों की बढ़त के साथ 61,354 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 82 अंकों की बढ़त रही, यह 18,147 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और सिर्फ 14 में गिरावट देखने को मिली। आज के कारोबार में एफएमसीजी छोड़ बीएसई के सभी सेक्टर इंडेक्स में तेजी देखने को मिली। आईटी, मेटल, तेल-गैस शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। जबकि पावर, कंज्यूमर गुड्स शेयरों में खरीदारी रही। वहीं मिडकैप, स्मॉलकैप शेयरों में तेजी देखने को मिली। अडाणी ग्रुप की फर्म अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एनडीटीवी ने सोमवार को चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे घोषित किए। इस तिमाही में अडाणी ग्रीन का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 319% बढ़कर 507 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। पिछले साल की समान तिमाही में अडाणी ग्रीन का मुनाफा 121 करोड़ रुपए रहा था। कंपनी का रेवेन्यू भी 78% बढ़कर 2,598 करोड़ रुपए पर पहुंच गया जो पिछले साल की समान अविधि में 1,461 करोड़ रुपए था। रिजल्ट के बाद कंपनी के शेयरों में भी तेजी देखने को मिली। अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा कि हमने एफीसिएंसी, परफॉर्मेंस और कैपेसिटी डेवलपमेंट में नए इंडस्ट्रीज स्टैंडर्ड स्थापित किए हैं।

# जेपी मॉर्गन ने खरीदा अमेरिका का फर्स्ट रिपब्लिक बैंक

**एजेंसी। वॉशिंगटन**
अमेरिका के सबसे बड़े बैंक जेपी मॉर्गन चेस एंड कंपनी ने संकटग्रस्त फर्स्ट रिपब्लिक बैंक का अधिग्रहण कर लिया है। बैंक को बचाने के सभी प्रयासों के विफल होने के बाद ऐसा किया गया है। संकट में फंसने के बाद बैंक को रेगुलेटर्स ने अपने कब्जे में ले लिया था। 8 राज्यों में फर्स्ट रिपब्लिक बैंक के 84 ऑफिस जेपी मॉर्गन चेस बैंक की ब्रांच के रूप में फिर से खुलेंगे। फर्स्ट रिपब्लिक बैंक के डिपॉजिटर जेपी मॉर्गन चेस बैंक के डिपॉजिटर बन जाएंगे। अपने अकाउंट को एक्सेस कर पाएंगे। यानी ग्राहकों का पैसा पूरी तरह सुरक्षित है। अमेरिकी रेगुलेटर का अनुमान है कि उसके इंश्योरेंस फंड




को फर्स्ट रिपब्लिक के नुकसान को कवर करने के लिए करीब 13 अरब डॉलर का भुगतान करना होगा। जेपी मॉर्गन और फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कार्पोरेशन सिंगल फैमिली और कॉमर्शियल लोन्स के लॉसेज के साथ-साथ रिकवरी को भी शेयर करेंगे। जेपी मॉर्गन फर्स्ट रिपब्लिक के सभी एसेट का अधिग्रहण करेगा। 13 अप्रैल 2023 तक फर्स्ट रिपब्लिक बैंक के कुल एसेट लगभग 229.1 बिलियन डॉलर और कुल जमा राशि 103.9 बिलियन डॉलर थी। जेपी मॉर्गन के अलावा फर्स्ट बैंक के अधिग्रहण के लिए बिड लगाने वालों में सिटीजन फाइनेंशियल ग्रुप, ढठउ फाइनेंशियल सर्विसेज ग्रुप, यूएस बैंककॉर्प और बैंक ऑफ अमेरिका भी शामिल थे। 1985 में बना फर्स्ट रिपब्लिक बैंक अमेरिका का 14वां सबसे बड़ा बैंक था। इस साल मार्च से फर्स्ट रिपब्लिक बैंक के शेयर 97% से ज्यादा टूट चुके हैं।

## हीरो इलेक्ट्रिक और ओकिनावा से 250 करोड़ वसूलेगी सरकार

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बनाने वाली कंपनी हीरो इलेक्ट्रिक और ओकिनावा को मिनिस्ट्री ऑफ हैवी इंडस्ट्रीज ने नोटिस जारी किए हैं। ये नोटिस दोनों कंपनियों से 250 करोड़ रुपए वसूली के लिए दिए गए हैं। हीरो इलेक्ट्रिक और ओकिनावा पर आरोप है कि ये कंपनियां 2019 से गलत तरीके से फेम-टू के तहत सब्सिडी क्लेम कर रही थीं। सरकार फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ इलेक्ट्रिक के तहत इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली कंपनियों को सब्सिडी देती हैं। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार मंत्रालय ने कंपनियों को फेम स्कीम से बैन करने और गलत तरीके से क्लेम की गई राशि वसूलने के लिए नोटिस 29 अप्रैल, 2023 को जारी किए थे। रिपोर्ट में एक सरकारी अधिकारी के बयान के अनुसार, 'दोनों कंपनियों को ऋछअटए-क्कस्कीम के नियमों को तोड़ने का दोषी पाया गया है।

# डिजिटल इंडिया एक्ट को लेकर मीटिंग आज

**एजेंसी। नई दिल्ली**
सरकार डिजिटल इंडिया एक्ट को ज्यादा से ज्यादा प्रभावी बनाना चाहती है। इसके लिए अगले 2 से 3 महीनों में एक ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा। सरकार इसी ड्राफ्ट को तैयार करने के लिए 3 मई को पॉलिसी एक्सपर्ट और स्टेक होल्डर्स के साथ दूसरे दौर की मीटिंग करेगी। इससे पहले मार्च महीने में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजिटल इंडिया एक्ट को लेकर स्टेक होल्डर्स के साथ पहले दौर की मीटिंग की थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पहली बैठक में क्ळ मिनिस्ट्री को कुछ सुझाव मिले हैं। पहली बार डिजिटल इंडिया डायलॉग्स के हिस्से के रूप में किसी बिल के डिजाइन, आर्किटेक्चर और गोल्स पर इसके प्री-इंट्रोडक्शन स्टेज में स्टेक होल्डर्स के साथ चर्चा की जा रही है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और क्ळ राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर के अनुसार, डिजिटल इंडिया एक्ट का उद्देश्य भारत को एक ट्रिलियन-डॉलर की डिजिटल इकोनॉमी बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करना है। साथ ही, डिजिटल प्रोडक्ट, डिवाइसेस और ग्लोबल वैल्यू चेंज में सिगफिकेंट ट्रस्टेड प्लेयर बनना है।

## कस्टमर्स को 130 करोड़ रुपए रिफंड देगी ओला

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाने वाली टू-व्हीलर कंपनी ओला ने कहा है कि वह अपने कस्टमर्स को करीब 130 करोड़ रुपए रिफंड देगी। कंपनी रिफंड के रूप में कस्टमर को चार्जर के पैसे यानी 9 से 19 हजार रुपए वापस करेगी। एक व्हिसिल ब्लोअर की शिकायत के अनुसार, ओला इलेक्ट्रिक सहित 4 कंपनियों पर आरोप है कि ऋछअटए-क्कके तहत सब्सिडी क्लेम करने के लिए कंपनियों ने अपने स्कूटर्स की कीमतों को कम रखा, लेकिन चार्जर और सॉफ्टवेयर के नाम पर ग्राहकों से अलग से पैसे लिए। उठइउ की रिपोर्ट के मुताबिक, मिनिस्ट्री ऑफ हैवी इंडस्ट्रीज (टडलक) ने इलेक्ट्रिक स्कूटरों की कीमत ज्यादा रखने को लेकर जांच शुरू की थी। जांच के जवाब में ओला ने सरकार से कहा है कि वह चार्जर की कीमत के लिए रिफंड देने को तैयार है।


## कार्यालय
## उपायुक्त -सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
## (जिला विकास शाखा)

Phone No. 06562-224433 E-mail :- ddc-pal@nic.in

**सूचना**

कार्यालय पत्रांक–596/वि0, दिनांक–21.04.2023 द्वारा DMFT Cell के कर्मियों एवं आगंतुको के उपयोग हेतु आवश्यक सामग्री का क्रय करने संबंधी निविदा(विज्ञापन सं0– PR No.-295707 दिनांक–21.04.2023) प्रकाशित किया गया है।

उक्त के आलोक में प्राप्त निविदा प्रस्ताव को खोलने की दिनांक–04.05.2023 को 03:00 बजे अंकित है, जिसे संशोधित करते हुये निविदा प्रस्ताव खोलने की तिथि दिनांक–06.05.2023 को 03:00 बजे की जाती है।

उप विकास आयुक्त, पलामू।

PR.NO.296289 District(23-24):D

## कार्यालय :-उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा (आपूर्ति शाखा)

**अति अल्पकीन निविदा आमत्रंण सूचना**

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड रॉची के संकल्प संख्या 3102 दिनांक 09.10.2014 के आलोक में मुख्यमंत्री दाल–भात योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 के लिए गढ़वा जिला में अवस्थित दाल–भात केन्द्रो पर चावल, चना एवं सोयाबीन बड़ी आपूर्त्ति किया जाना है। जिला/अनुमण्डल स्तर के केन्द्रों के लिए प्रति केन्द्र प्रतिमाह 18.00 क्वींटल उसना चावल और 1.05 क्वींटल चना/सोयाबीन बड़ी तथा प्रखण्ड स्तर के केन्द्रो को प्रतिमाह 12.00 क्वींटल उसना चावल और 75 किलोग्राम चना/सोयाबीन बड़ी मात्रा के अनुसार आपूर्ति करने हेतु इच्छुक व्यक्ति एवं निम्नांकित अहर्त्ता रखने वाले विक्रेता से 10.05.2023 को 03:00 बजे अपराह्न तक निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा की आवश्यक शर्त्ते एवं विस्तृत विवरणी prd jharkhand.gov.in या garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गढ़वा। अपर समाहर्त्ता–सह–वरीय पदाधिकारी, जिला आपूर्ति शाखा, गढ़वा। उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.296276 Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24):D

## कार्यालय- झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

CBSE से मान्यता प्राप्त गढ़वा जिले के तीन उत्कृष्ट (School of Excellence) विद्यालय– राजकीय कृत रामासाहू +2 उच्च विद्यालय, राजकीय कृत कन्या +2 उच्च विद्यालय एवं कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, गढ़वा में सत्र 2023–24 में छात्र/छात्राओं के नामांकन के लिए आवेदन प्रपत्र जिला के अधिकारिक बेवासाईट–garhwa.nic.in पर प्रकाशित किया गया है। जिला निवास करने वाले इच्छुक अभिभावक एवं माता/पिता अपने बच्चों के नामांकन हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय/संबंधित विद्यालय/अधिकारिक बेवसाईट से नामांकन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त/डाउनलोड करते हुए दिनांक 07.05.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक संबंधित विद्यालय या जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय समाहरणालय परिसर, विकास भवन बी0, प्रथम तल, गढ़वा में जमा किया जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 296277 Human Resource Developement (23-24)_D

## कार्यालय
## उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार
## खेलकूद

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

लातेहार जिले के अंतर्गत संचालित कुल 03 (तीन) आवासीय प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रशिक्षणार्थियों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप पौष्टिक भोजनादि का व्यवस्था करने हेतु इच्छुक कैटरर/आपूर्तिकर्ता से निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदादाता दिनांक 10/05/2023 को 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय, लातेहार स्थित जिला खेल कार्यालय में प्रतिष्ठापित कार्यालय में निविदा डाल सकेंगे। दिनांक 10/05/2023 को ही अपराह्न 03:00 बजे समाहरणालय के सभाकक्ष में निविदा समिति/संचालन समिति की उपस्थिति में निविदा खोली जाएगी, जिसमें निविदादाता अथवा उसके प्रतिनिधि की उपस्थिति अपेक्षित है।

**नोटः**–निविदा आमंत्रण संबंधी विस्तृत जानकारी लातेहार जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
जिला खेल पदाधिकारी, लातेहार।

PR.NO.296282 District(23-24):D

## कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा

वी0जे0 इंस्टीट्युट भवन, पुराना कचहरी परिसर, चतरा
Email Id-deormsachatra@gmail.com

**कॉउसेलिंग हेतु आवश्यक सूचना**

**Cont No. 000612/2022 in Civil Appeal (C) No. 4044 of 2022 Soni Kumari Vrs. K.Ravi Kumar** में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक–15.12.2022 को पारित न्यायादेश की कंडिका 3 के अनुपालन में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रॉची से प्राप्त अनुशंसा के द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियो की सूची जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.chatra.nic.in पर प्रकाशित की गई है।

सूचीवद्ध सभी अभ्यर्थी दिनांक–06.05.2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय चतरा में अपने सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण–पत्रों की मूलप्रति तथा फोटो (04) प्रति एवं सभी प्रमाण–पत्रों की दो स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा

PR 296359 School Education and Literacy(23-24)#D

## कार्यालय
## जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार
## द्वितीय तल्ला, समाहरणालय परिसर, लातेहार

ई मेल –latehar.mdm@gmail.com/mdmltr@yahoo.in

**अतिअल्पकालीन निविदा संख्या–एम0डी0एम0–01/2023**
**(जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन कोषांग, लातेहार)**
**:– आवश्यक सूचना :–**

लातेहार जिला अन्तर्गत स्कूल स्टेप डिलीवरी योजना के तहत प्रखण्ड स्तरीय राज्य खाद्य निगम गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान्न (चावल, दाल एवं अन्य सामग्री) पहुँचाने हेतु प्रखण्डवार परिवहन– सह–हथालन अभिकर्त्ता नियुक्ति हेतु दिनांक 17.05.2023 के अपराह्न 02:00 बजे तक जिला के सभी प्रखण्डों के लिये निहित शर्तों के अनुसार निविदा प्राप्त की जायेगी एवं दिनांक 17.05.2023 के अपराह्न 04:00 बजेअपर समाहर्त्ता, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदा खोली जायेगी। निविदा के नियम एवं शर्तें लातेहार जिला के अधिकृत Website :- www.latehar.nic.in एवं अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचनापट्ट में देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार।

PR.NO.296288 Human Resource Developement(23-24):D

## झारखण्ड सरकार
## कारा निरीक्षणालय, कार्यालय अधीक्षक, मंडल कारा, लातेहार

E-Mail ID.-dj-latehar@jharkhandmail.gov.in
jailsuperintendent.latehar@gmail.com Phone No.-06565-247660

**अल्पकालीन ई0–निविदा सूचना**

**e-Tender- HJ&DM/DJ-LATEHAR/Q-3/2023/1786**

1. कारा का नाम–**मंडल कारा, लातेहार।**
2. विषय–कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यान्नों, आलू, हरी सब्जी, फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के निमित ई0–निविदा का आमंत्रण। **(तृतीय त्रैमासिक निविदा दिनांक–01.07.2023 से 30.09.2023 तक)**
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में **संबंधित काराधीक्षक** के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है–
   (i) ₹ 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– ₹ 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
   (ii) ₹ 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु–₹ 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
   (iii) ₹ 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– ₹ 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4- Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि–15.05.2023 से 21.05.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक।
5. निविदा जमा करने की तिथि–15.05.2023 से 21.05.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
6- Tender Fee, EMD का Original copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक– 22.05.2023 के पूर्वाह्न 11:00 से 23.05.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक कार्यावधि में मंडल कारा, लातेहार के कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि/समय/**स्थान–24.05.2023 को अपराह्न 03:00 बजे अपर समाहर्त्ता, लातेहार** की उपस्थिति में अपर समाहर्त्ता, लातेहार के कार्यालय कक्ष में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा website jharkhandtender.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, लातेहार के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0–
अधीक्षक, मंडल कारा, लातेहार

PR 296291 Prison(23-24)#D

## Office of The Executive Engineer
## Drinking water & Sanitation Division Latehar

**E-Procurement Short Tender Notice**

Tender Ref No- DWSD/LTR/SVS-18/2022-23 (2nd Call) Dt-02.05.2023

1- Name of Department :- Drinking Water & Sanitation Department
2- Date & Time of Tender Uploading in Website :- 03.05.2023 at 04:00 P.M
3- Last Date of Receipt of Bid :- 09.05.2023 at 05:00 P.M
4- Last Date of Submission Cost of BoQ and Earnest Money :- 10.05.2023 at 05.00 P.M
   1. EE DW& S Div Latehar
   2. SE DW& S Circle Medininagar
   3. RCE DW& S Dept. Ranchi Zone Ranchi Jharkhand
5- Date of Opening Tender :- 11.05.2023 at 04:30 P.M
6- Name & Adress of Tender Inviting Authority :- Ex. Engineer DW & S Div Latehar
7- Contact No of Procurement Office :- 9430725642 & 6201242103

**Detail of Work:-**

| Sl | Name of Work | Group No | No of Scheme | No of FHTC | Eastimated Cost | Earnest Money | Cost of BoQ | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Const of Rural Water Supply for SVS under JJM in Different Village of Latehar District with FHTC work under DW & S Division Latehar for F.Y 2022-2023 | SVS Chorha | 8 | 225 | 8020500.00 | 161000.00 | 10000.00 | 03 Month |
| 02 | | SVS Aan | 18 | 444 | 14333084.00 | 287000.00 | 10000.00 | 03 Month |

1- Eastimated cost & earnest Money may Be Changed
2- Further Detail can Be seen on website http//:jharkhandtender.gov.in
3- Only Registered Contractor in this Department in (Appropriate class) Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar

PR 296321 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

## झारखण्ड सरकार, ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय
## 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- **14/2023-24/RWD/LOHARDAGA** दिनांक :- **28.04.2023**

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ LOHARDAGA/ 08/2022-23 | फिरोज अंसारी के घर से कब्रिस्तान होते हुए पंचायत भवन तक पथ निर्माण कार्य (लं– 1.400 कि0मी0) | 1,27,98,455.00 | एक करोड़ सताईस लाख अनठानवे हजार चार सौ पचपन रू0 मात्र | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 09.05.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 22.05.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, लोहरदगा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– 23.05.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (23.05.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 24.05.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा के पक्ष में एवं लोहरदगा में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मेन्ट सेल

PR 296156 Rural Work Department (23-24)_D

ज्ञान की बात

*द्रौपदी* दीन नहीं थी। जब कभी उसने आंसू बहाए भी हैं, वे आक्रोश के साथ बहे हैं। उसकी तेजस्विता उसे दीन होने ही नहीं देती थी। यही कारण है कि द्युत प्रसंग में घसीटकर सभा में लाए जाने पर भी उसने दया की भिक्षा नहीं मांगी, वह असहाय की तरह रोई चिल्लाई नहीं। उसने सभासदों को धिक्कारा और धर्म के विषय में प्रश्न पूछा। उसने युधिष्ठिर को दोषी नहीं ठहराया, किंतु उसने यह अवश्य पूछा कि क्या उसे धर्मपूर्वक जीता गया है? - *ठाकुरजी*

# अतिक्रमण पर चुप्पी

***झारखंड*** में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण का खेल जारी है। अतिक्रमणकारी धीरे-धीरे इस खेल को अंजाम तक पहुंचा रहे हैं। ऐसे तत्व आसानी से सरकारी जमीन के अलावे खाली पड़ी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। सबसे पहले यह खाली जमीन पर एक टेबल रखते हैं। फिर ठेला लगाते हैं। इसके बाद पूरी की पूरी दुकान सजा लेते हैं। इस नायाब तरीके से उस जमीन पर अतिक्रमणकारी कब्जा कर लेते हैं। ऐसे लोग कहीं से गरीब नहीं होते हैं। बस उसका जामा पहनकर ऐसे कामों को अंजाम देते हैं। सड़कों और फुटपाथों पर कब्जा के बाद इनकी रंगदारी शुरू हो जाती है। सड़कों के सिकुड़ने से उन्हें कोई अंतर नहीं दिखता है। अपने पुराने तरीके से बदस्तूर जमीनों पर कब्जा हर जगह जारी है। ऐसे गिरोहों के पास अकूत सम्पत्ति होती है। लेकिन आदतन फुटपाथ पर हक जताना इनका स्टेटस होता है। इस मामले में नगर निगम की चुप्पी सभी जगहों पर देखने को मिलती है। पलामू की बात करें तो मेदिनीनगर शहर के कई नालों पर घर बना हुआ है। जिस कारण सफाईकर्मी सफाई नहीं कर पाते हैं। इसकी शिकायत करने पर निगम के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। कई वार्ड आयुक्त कहते हैं कि अब चुनाव का वक्त आ रहा है। ऐसे में वोट नहीं मिलेगा। इस बार जीत दिलाइये। अगली बार देख लेगें। कब्जा करने वालों के पास अपने तौर तरीके होते हैं। आस-पास के सबल लोगों को यह अपने पक्ष में कर लेते हैं। कोई विरोध करता है तो उसे ताकत दिखा कर चुप करा देते हैं। देखा जाये तो अतिक्रमणकारियों को नगर निगम के आला अधिकारी और निर्वाचित सदस्यों का सहयोग किसी न किसी रूप में मिलता है। इस स्थिति को बदलने की जरूरत है। यह स्थिति पूरे झारखंड में है। राजधानी रांची की बात करें तो बूटी मोड़ से कोकर तक इसका जाल बिछा हुआ है। इसके पीछे एक कंपनी लगी हुई है। कहने को तो यह कंपनी इस सड़क पर निर्माण का कार्य करने जा रही है। लेकिन इसने कई नालियों पर कब्जा कर लिया है। जब राजधानी का आलम यह है तो अन्य जगहों का क्या होगा। इसे सहज समझा जा सकता है। ऐसे में हाल के दिनों में एक अच्छी पहल सरकारी जमीनों पर देखी जा रही है। चहारदीवारी का निर्माण किया जा रहा है। दूसरी तरफ सरकारी जमीन और कार्यालय के पास की जमीन को घेरा जा रहा है। इस घेराव के कारण यह तय है कि अतिक्रमणकारी की दाल यहां नहीं गलेगी। यह देखा जा रहा है कि बढ़ती आबादी और तंग सड़कें कई परेशानियों का सबब बन रहे हैं। इसके पीछे अतिक्रमण बड़ा कारण है। जिससे रोजमर्रा के कामों में व्यवधान तो आ ही रहा है,दूसरी तरफ सड़क दुर्घटनाओं में भी अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। अतिक्रमण करने वालों पर सख्ती आवश्यक है। सरकार के साथ नगर निगम को आगे आने की जरूरत है। यह समस्या आने वाले दिनों में और विकराल रूप के साथ हमारे दरवाजे पर दस्तक देनी शुरू कर देगी। ऐसे में अभी भी वक्त है, इस गंभीर समस्या को हम-सब हल्के में न लें। बाद के दिनों में यह एक बड़ी परेशानी के रूप में सामने आने वाली है।

**सड़क और रेल मार्ग से मरीज को ले जाना संभव नहीं रहता है। इसमें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही इसमें काफी समय भी लगता है। कई बार देखा जाता है कि बीमार व्यक्ति की जान भी चली जाती है।**

# गांधी पथ पर राहुल





आलोक रंजन झा दिनकर

***भारतीय*** राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मानहानि के एक मामले में गुजरात की एक अदालत द्वारा अधिकतम दो साल की सजा सुनाए जाने और फिर लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित किए जाने के तुरंत बाद सरकारी बंगला भी खाली करा लिया गया। 'डिस-क्वालीफाइड' सांसद ने इस घटना को 'सत्य की कीमत' बताते हुए आगे भी सच्चाई की राह पर चलते रहने की बात कही है। मौजूदा दौर में, जब ज्यादातर लोग 'सच बोलने की सजा' के भय से खतरनाक चुप्पी साधे हुए हैं, उनकी यह नैतिकता और निडरता संविधान, लोकतंत्र, देश और सामाजिक ताने-बाने पर 'संगठित हमलों' से चिंतित लोगों के बीच बड़ी उम्मीद जगाती है। वह आज की अनैतिक राजनीति में नैतिकता और धर्म यानी सत्य की पुनर्स्थापना के अपने मिशन के साथ दृढ़ता से आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं। कहा जा सकता है कि राहुल गांधी वह महान काम कर रहे हैं, जिसको पहली बार करने का श्रेय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को जाता है।

राजनीति न केवल वर्तमान में बल्कि प्राचीन काल से समाज को प्रभावित करने वाली शक्ति मानी गई है। अरस्तु का मानना था कि राज्य जीवन के लिए अस्तित्व में आता है। अर्थात राजनीति का प्रमुख उद्देश्य 'उत्तम जीवन' की सिद्धि करना है। कहा गया है कि 'राजा कालस्य कारणम्' अर्थात राजसत्ता अच्छी या खराब स्थिति उत्पन्न करने वाली प्रभावशाली तंत्र है। यानी जैसी राजनीति होगी परिणाम भी वैसा ही प्राप्त होगा। राजनीति जब नैतिकता विहीन हो जाती है, तो इसके कारण कई गंभीर स्थितियां उदित होती हैं। सबसे पहले, सत्ता नीति विहीन हो जाती है और उसकी कार्यप्रणाली एवं व्यवहार में मानवीय मूल्यों का समावेशन खत्म हो जाता है। अपराधियों का बोलबाला होता है और राजनेता संकुचित स्वार्थों की पूर्ति में लिप्त रहते हैं। भ्रष्टाचार व्याप्त होता है और खुशामदी प्रवृत्ति को प्रोत्साहन मिलता है। सत्ताधारी दल में भाई भतीजावाद बढ़ता है और समाज में दबंग लोगों का प्रभुत्व स्थापित होता है। मूलभूत मानव अधिकारों का उल्लंघन होता है और जनता में असुरक्षा का भाव पनपता है। और सबसे महत्वपूर्ण, अर्थव्यवस्था में गिरावट आती है एवं सरकारी कार्यों, न्यायालयों के निर्णयों से लोगों का विश्वास उठ जाता है।

गांधीजी के आगमन से पहले राजनीति आज की तरह ही धर्म यानी सत्य और नैतिकता के सभी नियमों को ताक पर रखने वाले दुष्ट, चालाक, अवसरवादी, विवेकशून्य राजनीतिज्ञों का रंगमंच मानी जाती थी। आम आदमी की दृष्टि में दूसरों को मूर्ख बनाना तथा धोखा देना ही राजनीति माना जाता था। गांधीजी ने छल कपटपूर्ण राजनीति की निंदा करते हुए इसे सांप की संज्ञा दी है। उनका मानना था कि राजनीति और धर्म समाज के प्रत्येक क्रिया कलाप को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अवश्य प्रभावित करती है। यदि इन दोनों का मेल कर दिया जाए, तो इससे बढ़कर जनकल्याण का साधन अन्य दूसरा कोई नहीं हो सकता। गांधीजी ने राजनीति को नया रूप देने के लिए राजनीति को सत्य और अहिंसा पर आधारित करके इसमें उच्च नैतिकता और धार्मिकता की भावना का समिश्रण किया। इस तरह गांधीजी ने राजनीति का आध्यात्मीकरण करके जो संदेश तब की नैतिकता विहीन राजनीति और राजनीतिज्ञों को दिया था, वहीं संदेश आज राहुल गांधी दे रहे हैं।

**राहुल गांधी वह महान काम कर रहे हैं, जिसको पहली बार करने का श्रेय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को जाता है। वह आज की अनैतिक राजनीति में नैतिकता की पुनर्स्थापना के मिशन के साथ दृढ़ता से आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं।**

## इन दिनों

ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा और उसके बाद के घटनाक्रमों ने न सिर्फ आम अवाम के बीच राहुल गांधी की छवि को बदला और मजबूत किया है, बल्कि उनकी स्वीकार्यता पार्टी लाइन से परे चली गई है। वह 'परिवर्तन का प्रतीक' बनकर पूरी राजनीति के केंद्र में आ गए हैं। कहा जा सकता है कि वह गांधीजी की तरह ही किसी पद और शक्ति के मोह से परे एक ऐसे 'राजनीतिक संत' के रूप में देखे जा रहे हैं, जिनका प्रभाव लगातार व्यापक होता जा रहा है। वह एक टी-शर्ट में करीब चार हजार किलोमीटर लंबी पदयात्रा करते हैं और गांधीजी की तरह ही राजनीति और धर्म यानी सत्य के बीच एक अटूट रिश्ता कायम करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि अपनी जीवनशैली के जरिए राहुल गांधी हमेशा उद्देश्ययुक्त राजनीति के सबसे मजबूत पैरोकार रहे हैं। पिछले वर्षों में उन्होंने कई मुद्दों पर अपनी राय रखी है, लेकिन गांधीजी की तरह ही सत्य, अहिंसा, समानता और न्याय पर हमेशा उनका विशेष जोर रहा है। उन्होंने भारतीय राजनीति और इतिहास के साथ गहरे जुड़ाव के माध्यम से इन खूबियों को आत्मसात किया है और भारतीय सामाजिक ताने-बाने के प्रति गहरी समझ विकसित की है। अपने पिता और दादी दोनों को हिंसा और घृणास्पद घटनाओं में खोने के दर्द का अनुभव करने के कारण वह हमेशा सत्य और अहिंसा के गांधीवादी दर्शन के हिमायती रहे हैं।

नैतिकता विहीन राजनीति किसी का अहित ही नहीं करती अपितु प्रशासनिक तंत्र, समाज एवं राजनेताओं के लिए अंततः अनर्थकारी सिद्ध होती है। यह प्राचीन और वर्तमान के कई उदाहरणों से भी सिद्ध होता है। ऐसे में न केवल इसके खतरे को रेखांकित करना समय की मांग है, बल्कि इसे दूर करने के लिए समाज एवं सरकार में नैतिकता की सृष्टि करना परम आवश्यक है। इसके लिए सबसे पहले पाठ्यक्रम में नैतिकता एवं मानवीय मूल्यों का समावेशन जरूरी है, क्योंकि आज के छात्र ही कल के नागरिक एवं मूल्यपरक राजनीति के सूत्रधार बनेंगे। जनप्रतिनिधि के चयन के समय चरित्रवान व्यक्ति को वरीयता देना होगा और प्रयास करना होगा कि ऐसे व्यक्तियों को ही टिकट देने की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही भ्रष्ट राजनेताओं और नैतिकता विहीन राजनीति को समाज एवं मीडिया द्वारा सामने लाकर उसकी भर्त्सना की जानी चाहिए।

1970 में जन्में और प्रतिष्ठित कैंब्रिज विश्वविद्यालय से एमफिल की डिग्री प्राप्त करने वाले राहुल गांधी के लिए हालांकि आगे की राह आसान नजर नहीं आ रही है। वह जिस शक्ति के खिलाफ खड़े हैं, वह ब्रिटश साम्राज्य से भी खतरनाक मानी जाती है। ऐसे में जनजागरण कर ही यह कठिन लड़ाई लड़ी और जीती जा सकती है। वहीं राजनीति के शुद्धिकरण का लक्ष्य सामाजिक दर्शन एवं चिंतन में नैतिकता और धर्म यानी सत्य को स्थापित कर ही प्राप्त किया जा सकता है।

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि 'नफरत व विभाजन' की राजनीति के खिलाफ 'प्रेम व एकता' के संदेश के साथ लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ने की राहुल गांधी की सोच और रणनीति ही कांग्रेस पार्टी को एकजुट भारत का सच्चा प्रतिनिधि बनाती है।

## बोधि वृक्ष

### आईए सुनें भगवान बटुक भैरव की कथा

***और*** सृष्टि के रचना में यदि सृष्टि रचना से पूर्व ही अहंकार व्याप्त हो गया तो असमय ही सम्पूर्ण सृष्टि अहंकार के भाव से ग्रसित हो जाएगी। इसलिए उन्होंने अहंकार रूपी ब्रह्मदेव के उस पांचवें सर को काटने का निर्णय लिया। परन्तु इसमें भी एक समस्या थी। भगवान शिव इस बात को जानते थे की यदि उन्होंने ब्रह्मदेव का सर काटा तो उन्हें ब्रह्महत्या का दोष लगेगा और यदि उन्हें ब्रह्महत्या का दोष लगा और उसमें उलझकर के वो त्रिमूर्ति से अलग हो जाएंगे और असंतुलन व्याप्त हो जाएगा। इसी कारण सर्व समर्थ भगवान रूद्र ने अपने ही अंश से एक ऐसे विकराल गण को उत्पन्न किया जो कृष्णवर्ण के थे। अस्थियों के आभूषणों से सुशोभित थे, उस दिव्य पुरुष को देखकर और उनकी गर्जना को सुनकर ऐसा लगता था मानो लाखों भयानक काले मेघों ने जीवंत रूप ले करके गर्जना की हो। उनकी जटाएं देख कर ऐसा प्रतीत होता था मानो असंख्य भयानक विषधर हो। उनके मस्तक पर श्वेत त्रिपुण्ड की तीन रेखाएं ऐसी लगती थी मानो चन्द्रमा ने उनके ललाट पर शुशोभित होने के लिए स्वयं को तीन टुकड़ों में विभक्त कर दिया हो, उन परम उग्र देवता की लम्बी भुजाएं ऐसी लगती थी मानो लौह स्तम्भ हो, भयानक अष्टमहानाग जिनका यज्ञोपवीत बने इतरा रहे थे, कमर पर बंधे मोटे मोटे घुंघरुओं से ऐसी आवाज आ रही थी जिससे हृदय विदीर्ण हो जाए। उस महाकाय महाबाहु गण को भगवान शिव ने स्पष्ट शब्दों में कहा की ब्रह्मदेव के पांचवें सर का छेदन कर दो। इतना सुनते ही उस वीर ने आव देखा न ताव अपने नाखून के एक ही प्रहार से ब्रह्मा का पांचवां सर उखाड़ लिया परन्तु वो सर उनके हाथ में ही चिपक गया। जब उन्होंने भगवान शिव से इसका कारण पूछा तो उन्होंने उनसे कहा की ये केवल ब्रह्मा का सिर नहीं है अपितु ब्रह्महत्या है। इस ब्रह्महत्या के फलस्वरुप तुम्हें श्रापित होना पड़ेगा उन्होंने कहा की तुमने ब्रह्मा *(क्रमशः)*

# प्रधानमंत्री के 'मन की बात' और नव जागरण



मृत्युंजय दीक्षित

***प्रधानमंत्री*** नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' ने अपनी 100 कड़ियां सफलतापूर्वक पूर्ण कर इतिहास रच दिया। यह आकाशवाणी के इतिहास का ऐसा कार्यक्रम बना जिसमें प्रधानमंत्री ने आम जनता से सीधा संवाद किया और इसे राजनीति से पृथक रखा। यह एक सुखद अनुभव है कि 'मन की बात' भारत में बदलाव का बड़ा संवाहक बना। भारतीय समाज को निराशा और अंधकार से निकालने में मदद दी। विकास और प्रगति को नए पंख दिए। 'मन की बात' से भारत की सांस्कृतिक विरासत पुनर्जीवित हुई।भूली परम्पराएं फिर याद आईं। हिंदू सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पुनर्जागरण हुआ।

जैसे दूरदर्शन के इतिहास में रामायण धारावाहिक संपूर्ण भारत में लोगों को घरों में टीवी सेट के सामने बैठा देता था, वैसे ही आज हर माह के अंतिम रविवार को लोग 'मन की बात' को सुनने के लिए बैठ जाते हैं। ऐसा नहीं है कि 'मन की बात' को केवल मोदी समर्थक ही सुनते हैं। इसे परम्परागत राजनीतिक विरोधी सुनते हैं। विश्व के 53 देशों में 'मन की बात' का सीधा प्रसारण होना बड़ी बात है और उससे भी बड़ी बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी 'मन की बात' में जो विचार व्यक्त करते हैं या संदेश देते हैं उसे देश का हर आयु वर्ग का नागरिक व्यवहार में लाने का प्रयास भी करता है। इसलिए वह जन आंदोलन बन जाता है।

यह कार्यक्रम 'सेल्फी विद डॉटर' जैसे अभियानों के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को सफलता का भी गवाह है। स्वच्छता आंदोलन तो व्यापक रूप ले चुका है। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में ही समुद्र किनारे फैले कचरे व उसकी सफाई पर नागरिकों का ध्यान केंद्रित किया था। 'मन की बात' में कई बार यह अपील की गई कि देश के युवाओं व अन्य सभी नागरिकों को वर्ष में एक बार कही न कहीं तीर्थाटन पर अवश्य जाना चाहिए। मोदी कहते हैं कि विदेश यात्रा पर जाने से अच्छा है कि अपने ही देश के अपने राज्य या फिर अन्य दूसरे राज्यों के 15 ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों का भ्रमण करना चाहिए। उनको जानना और समझना चाहिए। पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने में भी 'मन की बात' अहम माध्यम सिद्ध हुआ। आज देश के सभी धार्मिक व पर्यटन स्थलों में बहार आई हुई है। धार्मिक पर्यटन को भी खूब बढ़ावा मिला है। नये पर्यटक स्थलों की भी खूब चर्चा हो रही है। महाराष्ट्र की पंढरपुर और सुदूर मणिपुर और सौराष्ट्र के स्थलों को बहुत सारे लोगों ने 'मन की बात' से ही जाना। पर्यटन के साथ प्रधानमंत्री लोकल फॉर वोकल को भी बढ़ावा देते हैं। इसी का प्रभाव है कि स्थानीय उत्पादों को लोग पसंद कर रहे हैं। इनकी मार्केटिंग के सफलता का आसमान चूम रही है। अब दीपावली पर चाइना मेड गणेश- लक्ष्मी की मूर्तियां नहीं, देश में निर्मित मूर्तियां पसंद की जा रही हैं। दिवाली पर ही बिकने वाली चीनी झालरों का मार्केट गिर चुका है। कुम्हार का चाक एक बार फिर घूमने लगा है। प्रधानमंत्री की अपील पर अब बच्चों के खिलौनों की भी दुनिया में भी नई क्रांति आ रही है। इनमें भी चीन का वर्चस्व खत्म हुआ है। प्रधानमंत्री की बात का बच्चों पर असर पड़ा है। वह अब दादा-दादी और नाना- नानी की कहानी सुनने लगे हैं। शिक्षण संस्थाओं में ऐसी कहानियों पर कार्यक्रमों का आयोजन होने लगा है। 'मन की बात' की एक और सफलता भारत में डिजिटलीकरण की धूम होना है। मन की बात ने जल संरक्षण अभियान को सफल बनाया है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया है।योग, आयुर्वेद और अध्यात्म का संगम लोगों के दिलों में हिलोर मारने लगा है। एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसे संकल्पों को पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

**जैसे दूरदर्शन के इतिहास में रामायण धारावाहिक संपूर्ण भारत में लोगों को घरों में टीवी सेट के सामने बैठा देता था, वैसे ही आज हर माह के अंतिम रविवार को लोग 'मन की बात' को सुनने के लिए बैठ जाते हैं।**

## देश-दुनिया

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट

Rajasthan Tak
@Rajasthan_Tak
गहलोत के मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास बोले- BJP हमारे साथ पार्टी करती है, अंदर हम सब एक हैं, पता नहीं क्यों जनता परेशान होती है

## फेसबुक वॉल से

हिंदी सिने जगत के पितामह दादा साहेब फाल्के के 153वें जन्मदिवस के अवसर पर रांची के अधिवक्ता व कथाकार कफीलूर रहमान के उपन्यास अर्धनारी का विमोचन दादा साहेब फाल्के के ग्रैंड सन चंद्रेशेखर पालसोकर के हाथों मुंबई फ़िल्म सिटी में रविवार को हुआ। जहाँ फ़िल्म अभिनेता राजन कुमार उर्फ चार्ली चैप्लिन दित्ये ने उपन्यास की पात्रा अमृता अर्धनारी की भूमिका में सभी उपस्थित मेहमानों का समारोह में मनोरंजन किये। समारोह का भव्य आयोजन फ़िल्म सिटी प्रबंधन के द्वारा किया गया जिसमें फ़िल्म जगत की मशहूर हस्तियां उपस्थित थी।

कफीलूर रहमान पेशे से एक अधिवक्ता हैं और रांची व्यवहार न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं। इनदिनों नियमित रूप से साहित्य लेखन में जुटे हुए हैं। मेरी ओर से उन्हें हार्दिक बधाई। मेरे विचार से कफीलूर रहमान जुझारू व्यक्तित्व के स्वनाम धन्य व्यक्ति हैं। कुछ समय पूर्व उन्होंने अन्नावादी इंसाफ पार्टी का गठन कर समाज के लोगों को जगाने का काम भी जोरशोर से किया था।

# कलम की मजबूत धार स्वस्थ लोकतंत्र का आधार



योगेश कुमार गोयल

***हर*** साल 03 मई को 'अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस' मनाया जाता है। प्रेस को सदैव लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की संज्ञा दी जाती रही है, क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती में इसकी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यही कारण है कि स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रेस की स्वतंत्रता को बहुत अहम माना गया है। विडंबना यह है कि विगत कुछ वर्षों से प्रेस स्वतंत्रता के मामले में लगातार कमी देखी जा रही है। कलम की धार को तलवार से भी ज्यादा ताकतवर और प्रभावी इसलिए माना गया है क्योंकि इसी की सजगता के कारण न केवल भारत में बल्कि अनेक देशों में पिछले कुछ दशकों के भीतर बड़े-बड़े घोटालों का पदार्फाश हो सका। इसके चलते तमाम उद्योगपतियों, नेताओं तथा विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों को एक ही झटके में अर्श से फर्श पर आना पड़ा।

यही कारण हैं कि समय-समय पर कलम रूपी इस हथियार को भोथरा करने के कुचक्र होते रहे हैं और विभिन्न अवसरों पर न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में सच की कीमत कुछ पत्रकारों को अपनी जान देकर भी चुकानी पड़ी है। 03 दिसम्बर 1950 को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने कहा था- ''मैं प्रेस पर प्रतिबंध लगाने के बजाय, उसकी स्वतंत्रता के बेजा इस्तेमाल के तमाम खतरों के बावजूद पूरी तरह स्वतंत्र प्रेस रखना चाहूंगा क्योंकि प्रेस की स्वतंत्रता एक नारा भर नहीं है बल्कि लोकतंत्र का एक अभिन्न अंग है।'' पिछले कुछ दशकों में स्थितियां काफी बदल गई हैं। आज दुनियाभर में पत्रकारों पर राजनीतिक, आपराधिक और आतंकी समूहों का सर्वाधिक खतरा है। इस दौरान दुनियाभर के न्यूज रूम्स में सरकारी तथा निजी समूहों के कारण भय और तनाव में वृद्धि हुई है। पेरिस स्थित 'रिपोर्ट्स सैन्स फ्रंटियर्स' (आरएसएफ) अथवा 'रिपोर्ट्स विदआउट बॉर्डर्स' हर साल अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी करते हैं। 'रिपोर्ट्स विदआउट बॉर्डर्स' गैर-लाभकारी संगठन है। यह विश्वभर के पत्रकारों पर हमलों का दस्तावेजीकरण करने और मुकाबला करने के लिए कार्यरत है और प्रतिवर्ष 'वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स' अर्थात 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक' प्रस्तुत करता है। 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2019' में उसने भारत सहित विभिन्न देशों में प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति की विवेचना करते हुए स्पष्ट किया था कि किस प्रकार विश्वभर में पत्रकारों के खिलाफ घृणा हिंसा में बदल गई है, जिससे दुनियाभर में पत्रकारों में डर बढ़ा है। 2022 में उसकी रिपोर्ट में नार्वे ने प्रेस की आजादी के लिए पिछली बार की ही तरह पहला स्थान प्राप्त किया। भारत को 180 देशों में 150वां स्थान दिया गया। भारत इस रैंकिंग में पिछले वर्ष के मुकाबले आठ0 स्थान नीचे फिसला है। 2021 की रैंकिंग में भारत का स्थान 142वां था। 2022 के सूचकांक में प्रेस फ्रीडम, सरकारी दखलंदाजी और मीडिया की कार्यप्रणाली के अलावा सोशल मीडिया पर फैल रही फेक न्यूज तथा उसके प्रभावों पर भी ध्यान दिया गया है और रैंकिंग में प्रेस की पांच प्रकार की स्वतंत्रता को आधार बनाया गया है। पांचों क्षेत्रों में मिले अंकों के औसत के आधार पर ही सभी देशों की रैंकिंग निर्धारित हुई है। इस आधार में प्रेस की राजनीतिक, आर्थिक, विधायिका, सामाजिक और सेकुलर स्वतंत्रता शामिल है। 2022 की रैंकिंग में भारत राजनीतिक स्वतंत्रता में 40.76 अंकों के साथ 145वें, आर्थिक स्वतंत्रता में 30.39 अंकों के साथ 149वें, लेजिस्लेटिव स्वतंत्रता में 57.02 अंकों के साथ 120वें, सामाजिक स्वतंत्रता में 56.25 अंकों के साथ 127वें और सेकुलर फ्रीडम में 20.61 अंकों के साथ 163वें स्थान पर है।

**स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रेस की स्वतंत्रता को बहुत अहम माना गया है। विडंबना यह है कि विगत कुछ वर्षों से प्रेस स्वतंत्रता के मामले में लगातार कमी देखी जा रही है।**

## प्रेस स्वतंत्रता दिवस

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# चंदवा: ट्रक को बाइक ने पीछे से मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

एनएच 75 रांची मेदनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के नवाड़ी स्कूल के समीप सोमवार की देर शाम एक 407 ट्रक को बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के चेटर पंचायत अंतर्गत लटदाग पल्हा टोली निवासी विजेंद्र गंझू व घायल की पहचान अशोक गंझू के रूप में हुई है। इधर घटना के बाद मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों के द्वारा एनएच 75 को जाम कर दिया गया। घटना की सूचना के बाद चंदवा पुलिस की टीम घटना स्थल पहुंची व मृतक के परिजनों को समझा बुझा कर जाम समाप्त कराया व शव को अपने कब्जे में लेकर अन्त:परिक्षण के लिए भेज दिया।

## बाइक दुर्घटना में तीन राहगीर समेत चालक व वाहन सवार घायल

**टंडवा (चतरा)।** मंगलवार देर शाम टंडवा थानास क्षेत्र अंतर्गत टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क किनारे किसुनपुर में तेज रफ्तार अनियंत्रित दोपहिया वाहन जेएच 13 बी 1202 चालक तीन लोगों को चपेट में लेकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें दोपहिया वाहन चालक व एक सवार गंभीर रूप से घायल होकर घटनास्थल पर काफी देर तक बेहोश पड़ा रहा। घटना की सूचना पाकर इंस्पेक्टर रंजीत रौशन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर एम्बुलेंस व पुलिस टीम भेजकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टंडवा में भर्ती करवाया। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहिया चालक पूरी तरह से नशे में था और एक महिला व पुरुष समेत एक छोटे बच्चे को चपेट में ले लिया। जिनका इलाज स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में कराया जा रहा है।

## खुलेआम हो रही पेड़ों की कटाई, पत्थर भी तोड़ना आम बात

**लातेहार।** जिले के सरयू जंगल में खुल्लेआम दीनदहाड़े पेड़ की कटाई, पत्थर तोड़ना आम बात हो गई है। यह कार्य वन विभाग में कार्यरत एक वनरक्षी की मिली भगत से किया जा रहा है। उक्त वनरक्षी से पूछे जाने पर उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि हम वन विभाग के मालिक हैं हमको कौन मना कर सकता है, गार्ड हम, फॉरेस्टर हम, रेंजर हम, डीएफओ को पैसा हम पहुंचाते हैं। हमको कौन रोक सकता है? इसका उदाहरण अभी-अभी सरजू जंगल के लइयो जंगल से सैकड़ों ट्रैक्टर पत्थर जंगल से तोड़वा कर बेच दिया गया है, जिससे सरकार और वन विभाग को लाखों लाख रुपये राजस्व चोरी कर नुकसान किया गया।

# कामगार यूनियन ने श्रमिक दिवस मनाया

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

अखिल झारखंड बिरसा मुंडा कामगार यूनियन के केंद्रीय कार्यालय माको डाक बंगला स्थान स्थित मजदूर दिवस मनाया गया।द इसकी अध्यक्षता केंद्रीय महासचिव किरण चंद्रवंशी ने की। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लातेहार जिला अध्यक्ष विकास उरांव ने कहा कि कि लंबे संघर्ष का परिणाम है कि वर्तमान समय में मजदूरों के काम करने का समय व मजदूरी निर्धारित है। यह लाखों मजदूरों की शहादत के बाद हासिल हुआ है। मजदूरों के हक और अधिकार की लड़ाई यूनियन लड़ेगी। उन्होंने बढ़ती महंगाई में मिल रही मजदूरी को अपर्याप्त बताते हुए कहा कि मजदूरों का शोषण वर्तमान समय में भी बदस्तूर जारी है। केंद्रीय अध्यक्ष दिलेश्वर कुमार यादव ने मजदूर दिवस मनाने का इतिहास के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित यूनियन के केंद्रीय कोसाध्यक्ष बिलासी टोपनो, लातेहार जिला अध्यक्ष विकास उरांव जिला सचिव शिला देवी, जिला प्रवक्ता कन्हाई पावान, ज्याउल हक, बिंदू देवी, शारदा देवी प्रखंड अध्यक्ष विकास हर्षित टोप्पो एमडी रिजवान, निजाम अंसारी, तबरेज अंसारी, आनंद कुमार रवि, नंदन राम अतुल सिन्हा, कमलेश यादव, जितेंद्र यादव, वरशु मुंडा, विनिता कुमारी, शकुंतला देवी रिता देवी व अन्य लोग उपस्थित थे।



## मजदूर दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**चंदवा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के तत्वाधान में बोदा पंचायत के चीरो गांव में सोमवार को मजदूर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में चीरो शाखा के सदस्य सुरेश बासपति समेत महेश लोहरा, धनेश्वर तुरी, प्रकाश गंजू, आह्लाद यादव की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में सर्वप्रथम किसान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद साहु लाल झंडा फहराया। इसके बाद भाकपा अंचल सचिव अनिल साहू व मो. अलाउद्दीन, इंदु भूषण रजक आदि मजदूर साथियों ने दिवंगत मजदूरों को श्रंद्धाजलि अर्पित की।

## NEWS इन ब्रीफ

### बिजली के तार से दो पशुओं की हुई मौत

**मनिका:** प्रखंड के जमुना गांव में दिन मंगलवार को 11 हजार वोल्ट बिजली की तार के चपेट में आने से दो पशुओं की मौत हो गई। पशु मालिक श्यामलाल सिंह व प्रमिला देवी ने बताया कि दोनों पशु जंगल में चर रहे थे जहां 11 हजार वोल्ट बिजली का तार गिरा हुआ था। इसी दौरान दोनों पशु बिजली की तार की चपेट में आ गए। बताया कि वह बहुत ही गरीब है और पशु ही उनके लिए जीवन जीने का साधन है। बिजली विभाग से उचित मुआवजा देने की गुहार लगाई है।

### जनसेवकों ने काला बिल्ला लगा किया कार्य

**बारियातु।** प्रखंड कार्यालय में कार्यरत जनसेवक कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर काम किया। इस संबंध में जन सेवक प्रकाश कुमार ने कहा कि अब तक भारत के इतिहास में देखा गया है कि किसी भी सरकारी या निजी सेवा में काम करने के बाद वेतन में बढ़ोतरी की जाती है। लेकिन कृषि विभाग द्वारा हम लोगों के वेतन के ग्रेड पे को घटा दिया गया है। काला बील्ला लगाकर कार्य करने में जनसेवक प्रकाश कुमार, चंदन कुमार, अरविंद पांडेय शामिल थे।

### अंचल कोर्ट में 10 में 4 मामले की सुनवाई

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मंगलवार को अंचल कोर्ट का आयोजन सीओ जयशंकर पाठक के नेतृत्व में किया गया। इसमे जमीन संबंधी 10 मामले आये। 10 में से 4 मामले की सुनवाई करते हुए संबंधित कागजात की जांच की गई। चारों मामलों के दोनों पक्षों के कागजात की जांच कर सुनवाई कर अगली तारीख दी गई।

### बिजली बिल जमा नही किया तो भेजा जेल

**मयूरहंड(चतरा)।** बिजली बिल जमा नही करने पर मयूरहंड थाना क्षेत्र के करमा गांव निवासी सुरजदेव राम उर्फ कारू को पुलिस सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। जेले भेज गए बकायेदार के विरुद्ध बिजली विभाग के कनीय अभियंता तरुण कुमार द्वारा मयूरहंड थाना में 80 हजार बिजली बिल बकाया रखने को लेकर मामला दर्ज कराया गया था।

(संवाददाता)

## सड़क निर्माण के दौरान की थी आगजनी

# वाहनों को जलाने का आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

पुलिस ने एक सड़क निर्माण के वाहनों को जलाने के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रशासन की ओर से मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि मनिका थाना क्षेत्र के तुम्बागड़ा छिपादोहर मार्ग में सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा था। सड़क निर्माण कार्य के संवेदक एवं मुंशी को लेवी एवं रंगदारी लेने के उद्देश्य से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के सब जोनल कमांडर सत्येंद्र यादव उर्फ डबलू यादव के कहने पर संगठन के सरगना निकी यादव के द्वारा विकेश जी के नाम से धमकी दी जा रही थी तथा लेवी रंगदारी नहीं देने पर 21 फरवरी को रांकीकला गांव के समीप सड़क निर्माण कार्य में लगे मशीन एवं वाहन को आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया था।

बताया गया कि इसके विरोध मनिका थाना कांड संख्या 14/2023, दिनांक 21 फरवरी 2023 को प्रतिवेदित किया गया था। इस घटना में संलिप्त निकी यादव एवं दीपक उरांव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया था तथा इनका संगठन का मुख्य आरोपी सत्येंद्र यादव उर्फ डबलू यादव फरार चल रहे थे जिसे पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी। 1 मई को गुप्त सूचना के आधार पर सब जोनल कमांडर सत्येंद्र यादव उर्फ डबलू यादव को रांकीकला पंचायत के औरंगा नदी के पास से गिरफ्तार किया गया, जिसमें सड़क निर्माण कार्य में लगे मशीन एवं वाहन को रंगदारी नहीं देने के आरोप में आगजनी की घटना कार्य करने की बात स्वीकार की है। इस अभियान में थाना प्रभारी बबलू कुमार,थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी,एसआई राजकुमार तिग्गा, एसआई दिवाकर धोबी, रोहित कुमार महतो एवं थाना रिजर्व गार्ड और सैट 207 शस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## ट्रक ऑनरों व ट्रांसपोर्टरों में भाड़ा वृद्धि पर बनी सहमति

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत मगध कोल माइंस के फेस 3 चमातू पहाड़ी मंदिर परिसर में उप प्रमुख सह विस्थापित नेता कामेश्वर राम की अध्यक्षता में एक अहम बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से ट्रक ऑनर, लिफ्टर एवं डीओ होल्डर, ट्रांसपोर्टर उपस्थित रहे। बैठक में ट्रक ऑनर व उप प्रमुख कामेस्वर राम ने कहा कि पूर्व में भाड़ा वृद्धि को लेकर ट्रांसपोर्टर का ट्रक हौंडा डीओ होल्डर के साथ बैठक में तेतरिया कोल माइंस के तर्ज पर भाड़ा देने का समझौता हुआ था। पर बढ़ा हुआ भाड़ा देने पर आनाकानी किया जा रहा है। कहा कि अगर ट्रांसपोर्टर, डीओ होल्डर तेतरिया माइंस के तर्ज पर भाड़ा वृद्धि के समझौते पर भाड़ा नहीं देते हैं तो लंबे समय तक ट्रांसपोटिंग कार्य को ठप कर दिया जाएगा। इसके लिए आगामी 14 मई को पुनः बैठक की जाएगी। मौके पर ट्रांसपोर्टर और डीओ होल्डर्स भाड़ा वृद्धि में हुए समझौते पर सहमति बनाई है। और उसे पालन करने का आश्वासन दिया गया है। बैठक में मुख्य रूप से उप प्रमुख के अलावा त्रिवेणी साव, दामोदर साव, सतनारायण साव, संजीव सिन्हा, कमलेश सिंह, रामानुज, शंभू साव, राजेश राम, कल्लू मियां, लक्ष्मण कुशवाहा, अजय साव, मुकेश राम, विनय कुमार, बसंत साहू, कमलेश सिंह के साथ-साथ कई ट्रक ओनर एवं डीओ होल्डर मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# मयूरहंड में मुखिया के साथ रोजगार सेवक व बीएफटी ने की मारपीट

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**

मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के पंदनी पंचायत मुखिया हरी उर्फ अजय कुमार भुईयां तथा रोजगार सेवक दिपक कुमार एवं बीएफटी राजेश कुमार मेहता के बीच पिपरा महुवाय मोड़ होटल के समीप सोमवार के शाम मारपीट हो गई। हो हल्ला होने पर आस-पास के लोग ने बीच बचाव किया। इसके बाद रोजगार सेवक व बीएफ्टी ने मयूरहंड थाना पहुंच कर मुखिया के विरुद्ध एक मई मजदूर दिवस के संध्या बेला में सरकारी कागजात फाड़ने, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, जेवरात छीनने का आवेदन दिया।

वहीं मुखिया हरी भुइयां ने भी थाना पहुंच कर रोजगार सेवक व बिएफ्टी के विरुद्ध जाति सूचक शब्द, मार पीट तथा छीनतई करने को लेकर आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी रामबृक्ष राम ने मामला की जांच घटना स्थल पर पहुंच कर प्रत्यक्षदर्शियों एवं आसपास के लोगों से पूछताछ कर की। दूसरे ओर मुखिया संघ ने बैठक कर प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा को आवेदन देकर दोनो कर्मी को निलंबन करने और थाना प्रभारी से मिलकर दोनो आरोपियों को गिरफ्तारी करने की मांग की। मुखिया संघ ने घटना की निंदा करते हुए आरोपी दोनो कर्मियों को निलंबन तथा गिरफ्तारी नहीं होने तक मनरेगा के सभी कार्य ठप रखने का निर्णय लिया।

# प्राचार्य की नियुक्ति के लिए प्रकाशित किए गए विज्ञापन पर हाईकोर्ट सख्त

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

नेतरहाट विद्यालय कार्यकारिणी समिति के सभापति संतोष उरांव द्वारा नेतरहाट विद्यालय के प्राचार्य पद पर नियुक्ति हेतु बिना आम सहमति के विज्ञापन का प्रकाशन कर दिया था। प्रकाशित विज्ञापन नियम विरुद्ध होने के कारण विद्यालय के प्राचार्य सह समिति के सदस्य सचिव डॉ संतोष कुमार सिंह ने उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की थी। इस पर मंगलवार को न्यायाधीश एस.एन.पाठक की पीठ मं सुनावई हुई। उच्च न्यायालय ने दलील सुनने के बाद नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यकारिणी समिति तथा कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष को नोटिस निर्गत किया। साथ ही कोर्ट का यह भी आदेश हुआ कि प्रकाशित विज्ञापन के विरुद्ध प्राचार्य के पद पर किसी भी प्रकार की नियुक्ति न्यायालय के आदेश से ही होगी।

याचिकाकर्ता की ओर से पूर्व महाधिवक्ता सह वरिय अधिवक्ता अजीत कुमार ने कोर्ट को बताया कि 27 मार्च को सभापति ने वाट्सअप के माध्यम से सूचना देकर एक बैठक बुलाई थी। उक्त बैठक में कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि वर्तमान प्राचार्य के कार्यों का मूल्यांकन करने के बाद उनके सेवा अवधि विस्तार पर निर्णय लिया जाएगा, परंतु बैठक में लिए गए निर्णय के विरुद्ध सभापति द्वारा प्राचार्य के पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन का प्रकाशन किया गया, जिसका लिखित विरोध कार्यकारिणी समिति के दो सदस्यों द्वारा किया गया।कार्यकारिणी समिति को नियुक्ति से संबंधित शक्तियां प्राप्त है ना की कार्यकारिणी समिति के सभापति को। विद्यालय के दैनानुदिन कार्यों/क्रियाकलापों में समिति के सभापति को हस्तक्षेप करने का अधिकार प्राप्त नहीं है।

# वनरक्षियों ने विधायक से मिलकर प्रोन्नति मांगी

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्थित आवास में सोमवार को झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ प्रमंडलीय मंत्री शशांक शेखर पांडेके नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक के कार्यरत वन रक्षकों ने वनरक्षी से वनपाल में प्रोन्नति दिलाने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से मांग की कि वनपाल का शत प्रतिशत पद वन रक्षकों से भरा जाए। झारखंड राज्य वन क्षेत्र संवर्गनियमावली 2014 के वर्णित कंडिका अनुरूप निहित प्रावधानों के अनुरूप कार्यरत सभी वनरक्षकों को वनपाल में प्रोन्नति दिलाने हेतु उनकी मांगों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष रखते हुए न्याय दिलाने का काम किया जाए। वनरक्षकों ने कहा कि व प्रभारी वनपाल के रूप में कार्य करते हुए क्षेत्र की पूरी जानकारी रखते हैं। पूर्व में यह प्रावधान लाया गया था कि सभी वन रक्षकों को वनपाल में प्रोन्नति दी जाएगी। वहीं विधायक ने सभी वनरक्षकों की मांगों को संबंधित मंत्रालय समेत प्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का आश्वासन दिया।



## जनसेवकों ने काली पट्टी लगा किया काम

**बरवाडीह।** सरकार की ओर से जन सेवकों के ग्रेड 2400 से घटाकर 2000 किए जाने के तुगलकी फरमान के खिलाफ पूरे राज्य के जनसेवकों मंगलवार को काला पट्टी लगा कर कार्य किया। इससे पूर्व ये कलम बंद हड़ताल पर थे। वहीं 4 मई को जिला स्तरीय धरना कार्यक्रम का आयोजन करेंगे, जबकि 6 मई को राज्य स्तरीय धरना कार्यक्रम और 8 मई को अपनी मांगों के समर्थन में जिला मुख्यालय में मशाल जुलूस निकालेंगे। अरविंद कुमार रवि ने बताया कि जनसेवक की सेवा देते हुए हम सभी के लगभग 11 वर्ष पूरे हो चुके हैं और सरकारी सेवा काल में या पहली बार ऐसा हो रहा है कि किसी भी कर्मियों के ग्रेड पे की वृद्धि होने के बजाय उसे घटाने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है।

# मुखिया ने किया हाथी प्रभावित गांवों का दौरा, वन विभाग से मुआवजा मांगा

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जमीरा पंचायत की मुखिया दुर्गावती देवी ने अपने समर्थकों के साथ मंगलवार को हाथी से प्रभावित गांव महुआमिलन, डुरु, तुपी, लोहसिंघना का दौरा किया। इन सभी गांवों में पिछले कई दिनों से जंगली हाथियों द्वारा ग्रामीणों के कई घरों व खेती को क्षति पहुंचाई गई है। सोमवार रात तकरीबन 12:30 बजे डुरु गांव में सुकरी देवी पति राजू मुंडा, झूमर गंझू पिता स्व. खुनू गंझू, टुला गंझू पिता फगुना गंझू, तकदीर गंझू पिता भुगलू गंझू, हरदयाल मुंडा पिता सुकरा मुंडा, महेश उरांव, पिता कईला उरांव के घर को क्षति पहुंचाते हुए अनाज को नुकसान पहुंचाया है।



पंचायत की मुखिया दुर्गावती देवी ग्रामीणों से मिलकर हाथियों द्वारा पहुंचाये गए नुकसान का जायजा लिया। दुर्गावती देवी ने वन विभाग के अधिकारियों से बात कर हाथियों के झुंड को आबादी वाले क्षेत्र से दूर भगाने के साथ पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की है। मौके पर वनपाल अलोक तिग्गा, झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, युवा समाजसेवी ब्रह्मदेव प्रजापति, मणिलाल यादव वार्ड सदस्य राजू उरांव, किशन मुंडा, सोहराय गंझू ,देवकुमार सिंह हरदयाल मुंडा, जन्मजय साव, चांदो गंझू, सोनू लाल, झुबर गंझू, संतोष गंझू, कुंती देवी, सुकरी देवी, मनीता देवी, नीलमणि देवी आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर कार्यशाला हुई

**बारियातु।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु प्रखंड स्तरीय स्वच्छता पखवाड़ा के सफल संचालन हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख निशा शाहदेव व बीडीओ कुमारी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। स्वच्छता पखवाड़ा का कार्यक्रम प्रखंड में ग्राम स्तर पर दिनांक 2 मई से 15 मई 2023 तक चलाया जाएगा, जिसकी रूपरेखा एवं कार्यशाला के तहत किये जाने वाले डे-वाइज मुख्य उद्देश्यों को बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी के द्वारा बताई गई।

**कार्यक्रम** | श्रमिक दिवस पर सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

# गरीबों व श्रमिकों का जीवन संवार रही सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

श्रमिक दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला मुख्यालय के पकरिया स्तिथ श्रम अधीक्षक कार्यालय परिसर में श्रमिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम से पूर्व उपायुक्त अबु इमरान ने मंत्री का स्वागत करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया।

वहीं मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार गरीबों और श्रमिकों के जीवन को संवारने के लिए प्रतिबद्ध है एवं इस दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाया गया है, जिसको योग्य लाभुकों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। लाभ प्राप्त करने के लिए श्रमिकों को संबंधित विभाग में अपना निबंधन कराना है। जिसके बाद जन्म से लेकर मृत्यु तक कई योजनाएं है जिसका लाभ श्रमिकों को मिलेगा। उपायुक्त ने कहा कि आज श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग एक अग्रणी विभाग के तौर पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों का नतीजा है कि आज कई प्रावधान और योजनाएं श्रमिकों के हित के लिए कार्यान्वित हैं जिसका उदाहरण हम सब ने कोविड महामारी समेत अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रमों के दौरान देखा है। कार्यक्रम में उपस्थित श्रमिकों के बीच छात्रवृत्ति, बीमा राशि आदि के चेक प्रतीकात्मक रूप से प्रदान की। साथ ही प्रशिक्षितों को ऑफर लेटर, रोजगार प्रशिक्षण योजना के तहत प्रमाण पत्र, श्रमिकों के कल्याण हेतु उत्कृष्ट कार्य हेतु श्रमिक मित्रों के बीच प्रशस्ति पत्र समेत कई परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, एसडीओ ममुताज अंसारी, श्रम अधीक्षक अरबिंद कुमार समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।




## स्वच्छता पखवाड़ा पर कार्यशाला का आयोजन

**पत्थलगड़ा/गिद्धौर(चतरा)।** मंगलवार को पत्थलगड़ा व गिछौर आदि प्रखंड़ों में स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यशाला की शुरूआत बीडीओ संजीत कुमार सिंह, अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक, प्रमुख अनीता यादव, मुखिया निर्मला देवी आदि ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला में उपस्थित कर्मियों को बीडीओ ने प्रभात फेरी, जागरूकता अभियान, सफाई अभियान, विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रम प्रचार प्रसार कर करने की बात कही। साथ हीं उपस्थित कर्मियों को स्वच्छता पर शपथ भी दिलाई गई। उपस्थित कर्मियों व ग्रामीणों को जुट की थैली का प्रयोग करने की बात कही।

## राजद सामाजिक न्याय की पार्टी : संजय यादव

**बरवाडीह।** राजद के प्रदेश महासचिव सह गोड्डा के पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव व युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव सोमवार को प्रखंड के बेतला पहुंचे। राजद प्रखंड अध्यक्ष आदित्य यादव उनका स्वागत किया। उसके बाद बेतला पार्क के सर्किट हाउस में कार्यकताओं के साथ बैठक की गई। इसमें यादव ने कहा कि राजद समाजिक न्याय की पार्टी है। उन्होंने कार्यकताओं को निर्देश दिया गया कि प्रखंड से लेकर बुथ से लेकर जिलास्तर तक संगठन को मजबूत करें और हरेक विधानसभा क्षेत्र में कार्यकताओं को जोड़ने के लिए अभियान चलाएं। मौके पर प्रदेश महासचिव अजय कुमार चंद्रवंशी, दलित प्रकोष्ठ अध्यक्ष धनंजय पासवान, जिला प्रधान महासचिव मोहर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष रजिंत यादव, जिला महासचिव नेसार अहमद, जिला सचिव जगनारायन माली, प्रखंड अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव, रविंद्र सोनी, सन्नी कुमार आदि मौजूद रहे।

# लातेहार के 4 उत्कृष्ट विद्यालयों का सीएम ने किया उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची स्थित टीवीएस विद्यालय परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लातेहार जिले के 4 विद्यालय राजकीय +2 उच्च विद्यालय, राजकीय +2 बलिका उच्च विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, और मॉडल स्कूल, मनिका शामिल हैं। इन विद्यालयों का संचालन केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) अंग्रेजी माध्यम से किया जाएगा। इन स्कूलों में डिजिटल क्लासरूम, डिजिटल बोर्ड, प्रैक्टिकल क्लास रूम, प्ले ग्राउंड, साइंस लैब, पार्किंग सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। माननीय मुख्यमंत्री द्वारा उक्त विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया का भी शुभारंभ किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय, लातेहार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वधायक लातेहार वैद्यनाथ राम, उपायुक्त भोर सिंह यादव, जन प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय, लातेहार की बच्चियों ने सभी अतिथियों का स्वागत स्वागतगान व पुष्प गुच्छ देकर किया।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## कर्नाटक में कांग्रेस का घोषणापत्र जारी हुआ

# नफरती संगठनों पर कार्रवाई का वादा



**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक में सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रही कांग्रेस ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में अपना घोषणापत्र जारी किया और नफरत फैलाने वाले संगठनों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने का वादा किया। भाजपा द्वारा अपने घोषणापत्र में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) और नागरिकों के राष्ट्रीय रजिस्टर (एनआरसी) का वादा करने के एक दिन बाद, कांग्रेस ने नफरत फैलाने वाले व्यक्तियों, संगठनों के खिलाफ कार्रवाई का वादा किया। पार्टी द्वारा किए गए कई वादों से विवाद खड़ा होने की संभावना है।

घोषणापत्र में कहा गया, हम मानते हैं कि कानून और संविधान पवित्र हैं और बजरंग दल, पीएफआई जैसे व्यक्तियों और संगठनों द्वारा या बहुसंख्यक या अल्पसंख्यक समुदायों के बीच शत्रुता या घृणा को बढ़ावा देने वाले अन्य लोगों द्वारा इसका उल्लंघन नहीं किया जा सकता। हम ऐसे किसी भी संगठन पर प्रतिबंध लगाने सहित कानून के अनुसार निर्णायक कार्रवाई करेंगे। एक प्रमुख कदम में, पार्टी ने एससी/ एसटी/ ओबीसी/ अल्पसंख्यक/ और लिंगायत और वोक्कालिगा जैसे अन्य समुदायों की आशाओं और आकांक्षाओं को समायोजित करने के लिए अधिकतम सीमा और आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत करने का वादा किया है। पार्टी ने अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम, ईसाई, जैन, बौद्ध और अन्य के लिए 10,000 करोड़ रुपये के फंड आवंटित करने का भी वादा किया है। यह सत्ता में आने के एक साल के भीतर भाजपा सरकार द्वारा पारित सभी अन्यायपूर्ण कानूनों और अन्य जनविरोधी कानूनों को रद्द करने का भी वादा करता है। घोषणापत्र में कहा गया है कि सरकार एनईपी को खारिज कर देगी और राज्य शिक्षा नीति बनाएगी।

घोषणापत्र में कश्मीरी पंडितों की सहायता के लिए एक कार्यक्रम, कश्मीरी संस्कृति को शुरू करने के लिए 15 करोड़ रुपये आवंटित करने, 25 करोड़ रुपये का एकमुश्त अनुदान और कन्नड़ और संस्कृति विभाग से 1 करोड़ रुपये का वार्षिक अनुदान देने की घोषणा की गई। इसमें कहा गया है, भाजपा ने कर्नाटक की महान आत्माओं का अपमान कर पाठ्यपुस्तकों को विकृत किया है। छात्रों को विकसित और पूर्ण बनाने के लिए कांग्रेस पाठ्यपुस्तकों में भारत और कर्नाटक के सच्चे मूल्यों और वैज्ञानिक सोच को पुर्नस्थापित करेगी। पार्टी ने डॉक्टरों, क्लीनिकों, नर्सिंग होम को डीफिब्रिलेटर (एईडी) खरीदने के लिए सब्सिडी देने के लिए पुनीत राजकुमार हृदय स्वास्थ्य योजना शुरू करने का वादा किया।

घोषणापत्र में अगले पांच वर्षों (2023-2028) में सिंचाई के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है। इसमें 9,000 करोड़ रुपये की लागत से मेकेदातु परियोजना और 3,000 करोड़ रुपये की लागत से महादयी जैसी नई परियोजनाओं को शुरू करने का प्रस्ताव दिया है।

# क्या दर्दरहित मौत की सजा दी जा सकती है?

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा वह कम मौत की सजा के लिए कम दर्दनाक तरीका खोजने के लिए एक्सपर्ट कमेटी नियुक्त करने पर विचार कर रहा है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट जुलाई में सुनवाई करेगा।सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से एजी आर वेंकटरमनी ने सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि वह इस बात की जांच करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति नियुक्त करने पर विचार कर रहा है कि कानून के मौजूदा प्रावधानों के अनुसार फांसी की सजा पाने वाले सजायाफ्ता कैदियों को फांसी देने का कम दर्दनाक तरीका खोजा जा सकता है या नहीं। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मामले पर जुलाई में सुनवाई करेंगे। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया था कि वो इस मामले को लेकर एक एक्सपर्ट कमेटी बनाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से डेटा मांगा था और पूछा था कि फांसी देने से कितना दर्द होता है? आधुनिक साइंस और तकनीक का फांसी की सजा पर क्या विचार है? क्या देश या विदेश में मौत की सजा के विकल्प का कोई डेटा है? सुनवाई के दौरान सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ ने याचिकाकर्ता और एजी वेंकटरमनी से कहा था कि हां, यह चिंतन का विषय है। हमें अपने हाथों में कुछ वैज्ञानिक डेटा चाहिए।

**फोटो ऑफ द डे**



एक पेड़ पर अपने नवजात बच्चे को दाना चुगाता एक तोता। (फोटोः आईएएनएस)

# ईडी की चार्जशीट में राघव चड्ढा और संजय सिंह का भी नाम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में अपने तीसरे पूरक आरोप पत्र में आप नेताओं संजय सिंह और राघव चड्ढा के नामों का जिक्र किया है। दोनों नेता राज्यसभा सदस्य हैं। चार्जशीट में सिर्फ उनके नाम का जिक्र है, उन्हें मामले में आरोपी के तौर पर नहीं दिखाया गया है। पूरक आरोप पत्र हाल ही में राउज एवेन्यू डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में दायर की गई थी। चार्जशीट के मुताबिक, चड्ढा उस बैठक का हिस्सा थे जो दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के आवास पर शराब नीति मामले में हुई थी। सूत्रों ने कहा कि ईडी एक आरोपी व्यवसायी दिनेश

**दिल्ली की शराब नीति**



अरोड़ा का बयान दर्ज कर रहा था, जो बाद में दिल्ली शराब नीति में एक सरकारी गवाह बन गया, जब नाम सामने आए। ईडी ने दिनेश अरोड़ा के हवाले से उल्लेख किया, वह शुरू में संजय सिंह से मिले, जिसके माध्यम से वह मनीष सिसोदिया के संपर्क में उनके ही रेस्तरां, अनप्लग्ड कोर्टयार्ड में एक पार्टी के दौरान आए।

### 192 करोड़ का है दिल्ली आबकारी नीति घोटाला : ईडी

प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में अपने तीसरे पूरक आरोपपत्र में कहा है कि यह घोटाला 192.8 करोड़ रुपये का है। ईडी ने आरोपी अरुण पिल्लई का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि उसने अवैध कमाई के सृजन में सक्रिय रूप से भाग लिया था। आरोपपत्र में ईडी ने दावा कियाः इंडो स्पिरिट्स के गठन की साजिश में भाग लेना, थोक में ज्यादा लाभ प्राप्त करने के लिए नीति का मसौदा तैयार करना और रिश्वत की पूरी साजिश को अंजाम देना-अरुण पिल्लई ने इन सबमें सक्रिय रूप से भाग लिया।

### तिहाड़ में गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की मंगलवार सुबह करीब छह बजे चार कैदियों ने चाकू मारकर हत्या कर दी। ये कैदी जितेंद्र गोगी गिरोह के सदस्य बताए जा रहे हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। तिहाड़ जेल अथॉरिटी ने बताया कि टिल्लू ताजपुरिया को हाई रिस्क वार्ड के ग्राउंड फ्लोर में रखा गया था। उस पर चार कैदियों दीपक उर्फ तीतर, योगेश उर्फ टुंडा, राजेश और रियाज खान ने हमला किया, जो उसी वार्ड की पहली मंजिल वाली जेल में बंद थे। हमला सुबह करीब 6:15 बजे हुआ। आरोपियों ने टिल्लू पर लोहे की ग्रिल से बने धारदार हथियार से हमला किया। सेंट्रल जेल की ओपीडी में सुबह करीब 6:45 बजे आवश्यक चिकित्सा देने के बाद टिल्लू को तुरंत डीडीयू अस्पताल ले जाया गया।

### बिहार : राजद नेता को गोली मारी, ग्रामीणों ने आरोपी को मार डाला

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले के बीरपुर थाना क्षेत्र में राजद नेता को गोली मारकर भाग रहे एक आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, सोमवार देर शाम गेनहर पंचायत के सरपंच के पति और राजद के नेता सुखराम महतो को गांव में ही तीन बदमाशों ने गोली मार दी। बताया जाता है कि इस घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी भाग रहे थे कि ग्रामीणों ने इनमे से एक बदमाश को पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंचकर आरोपी को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाकर स्थानीय अस्पताल ले गई। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## कोई भी ब्राह्मण भारत का नहीं, रूस से आए हैं सभी : यदुवंश कुमार यादव

**एजेंसी। पटना**

आरजेडी के राष्ट्रीय सचिव और पूर्व विधायक यदुवंश कुमार यादव ने ब्राह्मणों को लेकर एक विवादित बयान दिया है। यदुवंश यादव ने बिहार के सुपौल में एक कार्यक्रम में दौरान कहाः एक भी ब्राह्मण भारत देश के नहीं हैं, इनके डीएनए की जांच से ये पता चला है। सभी रूस और अन्य देशों से आए हैं। इन्हें उस समय वहां से भगाया गया और इसके बाद ये सभी भारत आए हैं। डीएनए परीक्षण से पता चलता है कि कोई भी ब्राह्मण इस देश का नहीं है और रूस से है और अब यहां बस गए हैं। ब्राह्मण हमें विभाजित करने और शासन करने की कोशिश कर रहे हैं। हमें उन्हें यहां से भगा देना चाहिए।

यदुवंश कुमार यादव ने अपने पूरे संबोधन में कहा था कि ब्राह्मणों के द्वारा ही हम सभी को बांटने और आपस में झगड़ा लड़ाने का काम किया जा रहा है। ये लोग हम सभी के बीच फूट डालने का काम करते हैं। अब इन्हें हमें भी यहां से भगाना होगा। इस बयान पर बीजेपी के विधायक और पूर्व मंत्री नीरज बबलू ने कहा कि आरजेडी के नेताओ को अपने सलाहकार मनोज झा से पूछना चाहिए कि वो कहां से आए हैं? मनोज झा और संजय झा ही इसे ठीक से उन लोगों को बता सकते हैं। मुझे लगता है कि राजद नेता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।

## आईएफएफ संविधान को अंतिम रूप देने के लिए की शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश की नियुक्ति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश एल. नागेश्वर राव को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के संविधान के मसौदे को अंतिम रूप देने, हितधारकों से आपत्तियों और सुझावों की जांच करने और 31 जुलाई तक एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का काम संभालने के लिए नियुक्त किया। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी, पारदीवाला ने कहाः हमारा मानना है कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के संबंध में इस अदालत के आदेश के तहत न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव द्वारा इसी तरह की कवायद की गई थी। इस न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश को संविधान को अंतिम रूप देने का कार्य सौंपना उचित होगा। यहां उठाई गई कई आपत्तियों में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के लिए आईओए में हुई कार्यवाही में काफी हद तक ओवरलैप मिलेगा। इन परिस्थितियों में, हम जस्टिस राव से अनुरोध करते हैं, कि वे प्रशासकों की समिति (सीओए) द्वारा प्रस्तावित प्रारूप संविधान पर विचार करने का कार्य करें, जिसे एमिकस क्यूरी द्वारा प्रतिपादित किया जा रहा है। पीठ ने कहा कि अपनी रिपोर्ट तैयार करने में न्यायमूर्ति राव से अनुरोध है कि वे सभी हितधारकों को सुनें और संविधान के मसौदे पर विचार करने और व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत करने की कवायद करें। मंगलवार को सुनवाई के दौरान, पीठ ने कहा कि चूंकि मामला न केवल कानूनी बिंदुओं से जुड़ा है, बल्कि खेल नीति से भी जुड़ा है, इसलिए यह विवेकपूर्ण होगा कि न्यायमूर्ति राव को एआईएफएफ संविधान के मसौदे को अंतिम रूप देने दिया जाए। रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद शीर्ष अदालत एआईएफएफ के संविधान को अंतिम रूप देने का काम अपने हाथ में लेगी।




### 'जुबली' के लिए जीनत अमान से मिली प्रशंसा से खुश वामिका गब्बी



**एक्ट्रेस** वामिका गब्बी विक्रमादित्य मोटवाने द्वारा निर्देशित हाल ही में रिलीज हुई स्ट्रीमिंग सीरीज 'जुबली' में दिग्गज एक्ट्रेस जीनत अमान द्वारा नीलोफर के किरदार की तारीफ किए जाने से काफी खुश हैं। मेजबान जाकिर खान के साथ एक विशेष बातचीत के दौरान, जीनत अमान ने कहा कि वह 'जुबली' से नीलोफर का किरदार निभाना चाहती हैं। वामिका ने कहा, मुझे उनकी फिल्में और गाने याद है। वह उस समय की सबसे आत्मविश्वासी, प्रगतिशील और बेबाक अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह हमेशा बाकियों से अलग दिखती थी। उनमें आत्मविश्वास है और आज तक इच्छा को फिर से परिभाषित करती है।

### अगर पॉजिटिविटी नहीं रखूंगी, फिर तो मैं बर्बाद हो जाऊंगी : शहनाज गिल



**अपनी** जिंदगी को लेकर एक्ट्रेस शहनाज गिल ने कहाः अगर पॉजिटिविटी नहीं रखूंगी, फिर तो मैं बर्बाद हो जाऊंगी। पॉजिटिविटी नहीं रखूंगी फिर तो मैं बर्बाद हो जाऊंगी ना। मैं बहुत इमोशनल टाइप इंसान हूं। अगर मैं पॉजिटिव नहीं रही, तो मुझे लगता है कि मैं टूट सकती हूं। उन्होंने कहा, तो मुझे आपने आपको पॉजिटिवि रखना ही पड़ता है। जरूरी है लाइफ में। शहनाज, जिन्हें हाल ही में सलमान खान अभिनीत 'किसी का भाई किसी की जान' में देखा गया था, ने 'बिग बॉस' के 13वें सीजन के बाद सुर्खियां बटोरीं।

### 'द केरल स्टोरी': विवाद के बीच 32,000 लापता महिलाओं की बदलकर 3 की गई संख्या

**अपकमिंग** फिल्म 'द केरल स्टोरी' को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। इस बीच फिल्म के निमार्ताओं ने मंगलवार को यूट्यूब पर जारी लेटेस्ट टीजर में फिल्म के इंट्रो के टेक्स्ट को बदल दिया। इससे पहले, इंट्रो में उल्लेख किया गया था कि लगभग 32,000 महिलाएं केरल से लापता हो गई हैं। अब बदले हुए इंट्रो में कहा गया है कि तीन महिलाएं, जिनका ब्रेनवॉश करने के बाद धर्म परिवर्तन किया गया और उन्हें भारत और विदेशों में आतंकी मिशन पर भेजा गया। अदा शर्मा अभिनीत फिल्म, जो 5 मई को रिलीज होने वाली है, ने एक बड़ा विवाद पैदा कर दिया, जब यह दावा किया गया कि 32,000 महिलाओं ने राज्य छोड़ दिया है। जैसे ही फिल्म का टीजर जारी किया गया, सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम और यूडीएफ ने मांग की कि फिल्म की स्क्रीनिंग नहीं की जानी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष वी.डी. सतीसन ने कहा कि उनका रुख स्पष्ट है और स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति के नाम पर, वे किसी को भी अफवाह फैलाने की अनुमति नहीं देंगे और इससे उचित तरीके से निपटा जाएगा और वे पहले ही फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर चुके हैं।



**चंद्र ग्रहण**

## बुद्ध पूर्णिमा 5 को चंद्रमा उपछाया ग्रहण के साये में

# दुनिया भर के 83 फीसदी लोग देख सकेंगे

**नवीन मेल नेटवर्क। भोपाल**

शुक्रवार 5 मई बुद्ध पूर्णिमा को चंद्रमा उपछाया ग्रहण के साये में होगा। इसमें चांदनी कुछ फीकी सी होगी। नेशनल अवार्ड प्राप्तव विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि शाम 8 बजकर 44 मिनिट से यह ग्रहण आरंभ होकर रात्रि 1 बजकर 1 मिनिट पर समाप्तन होगा। 4 घंटे 18 मिनिट अवधि के इस ग्रहण का मध्यरकाल रात 10 बजकर 52 मिनिट पर होगा। यह उपछाया ग्रहण एशिया, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिणी पश्चिमी यूरोप में दिखाई देगा। विश्वन की कुल आबादी का लगभग 83 प्रतिशत लोग इसका कुछ न कुछ भाग तथा लगभग 56 प्रतिशत लोग इस पूरे ग्रहण को देख सकेंगे। सारिका ने विद्या विज्ञान कार्यक्रम में बताया कि



इस घटना के समय सूरज और चंद्रमा के बीच पृथ्वीद आ जायेगी। इससे पृथ्वी की छाया और उपछाया दोनो बनेगी। इस ग्रहण के समय चंद्रमा उपछाया वाले भाग से होकर निकलेगा जिससे ग्रहण के दौरान चंद्रमा की चमक फीकी पड़ जायेगी। बुद्ध पूर्णिमा के इस चंद्रमा को पश्चिमी देशों में वहां इस मौसम में प्रचुर मात्रा में खिलने वाले फूलों के कारण फ्लॉवर मून नाम दिया गया है ।नेटिव अमेरिकी इसे बडिंग मून, एग लेयिंग मून, प्लातटिंग मून नाम से भी पुकारते हैं। इस कारण यह फ्लॉवर मून पर लगने वाला ग्रहण? भी कहला रहा है। सारिका ने बताया कि सोशल मीडिया पर बताया जा रहा है कि 130 सालों बाद बुद्ध पूर्णिमा पर चंद्रग्रहण हो रहा है जबकि 26 मई 2021 को दिखा चंद्रग्रहण बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही था।इसके अलावा कुछ रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि इस ग्रहण के समय चंद्रमा पास होगा जब कि 5 मई को चंद्रमा पृथ्वीच से लगभग 3 लाख 80 हजार किमी दूर रहेगा, यह कम नहीं मध्यसम दूरी है जबकि कम दूरी में सुपरमून के समय यह दूरी 3 लाख 60 हजार किमी के लगभग रह जाती है।

### जेईई मेन-2023 परिणाम : टॉप एक हजार में मोशन के 72 विद्यार्थी

**कोटा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम-जेईई-मेन 2023 सेशन-2 का परिणाम शनिवार को जारी कर दिया। इसमें जनरल और ओबीसी केटेगिरी के टॉप एक हजार में मोशन के 72 विद्यार्थी शामिल हैं। वहीं एससी, एसटी और दिव्यांग कैटेगरी के टॉप एक हजार में मोशन के दस विद्यार्थी हैं। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने कहा, जेईई मेन 2023 के अंतिम परीक्षा परिणाम में मोशन के होनहारों ने फिर सफलता का परचम लहराया है। मोशनाइट्स ने एक बार फिर अपनी कड़ी मेहनत और लगन से साबित कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति से कुछ भी असंभव नहीं है। विद्यार्थियों ने निरंतर श्रेष्ठ परिणाम देते हुए संस्थान की शानदार शैक्षणिक पृष्ठभूमि को बनाए रखा है।

## सात दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ

# गीता जीवन जीने का ढंग सिखाने वाला ग्रंथ है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विगत सोमवार को चिन्मय मिशन, रांची के तत्वावधान में सात दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ केन्द्र के आचार्य पूज्य स्वामी परिपूर्णानन्द जी, अध्यक्ष आर एस अग्रवाल, सचिव श्याम टोरका, ट्रस्टी प्रेम प्रकाश आर्या और ज्ञान यज्ञ के मुख्य संयोजक सह संहायक सचिव अशोक अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अध्यक्ष आरएस अग्रवाल ने यज्ञ स्थल में उपस्थित महानुभावों का स्वागत किया और 8 से 80 वर्ष तक के व्यक्तियों के लिए संचालित मिशन की गतिविधियों में सहयोग की अपील की। विशिष्ट महानुभाव पुनीत पोद्दार ने स्वामी जी का माल्यार्पण कर अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे जीवन में जो कुछ भी अच्छा है उसका कारण हमारे माता पिता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान काल में युवाओं का रूझान सेवा की तरफ नहीं है। इस पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने स्वयं को एक साधारण व्यक्ति कहा और अपने द्वारा की जाने वाली समाजिक सेवा को बहुत ही छोटा योगदान बताया। उन्होंने चिनमय मिशन के चरित्र निर्माण कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। संयोजक अशोक अग्रवाल ने चिन्मय मिशन एवं ज्ञानयज्ञ के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र का धन्यवाद ज्ञापन सचिव श्याम सुन्दर टोरका ने किया। मंच का संचालन उपाध्यक्ष वेद प्रकाश बागला जी ने किया। स्वामी जी ने अपने वक्तव्य में गीता को जीवन जीने का ढंग सीखाने वाला शास्त्र कहा। उन्होंने भगवद्गीता और भागवत महापुराण का अन्तर बताया। उन्होंने भारतीय संस्कृति के अनुसार मनुष्य के उत्थान का क्रम बताया, अपरिपक्व स्तर पर मनुष्य स्वयं को देह मानते हुए ही सुख पाने की कोशिश करता है, सत्संग द्वारा वह स्वयं को जीव मानने लगता है, फिर वह साधक, भक्त बनता है और कालान्तर में उसे परमगति प्राप्त हो जाती है। शंकराचार्य जी ने सनातन संस्कृति में प्राण डालने का कार्य किया। लगभग 1200 वर्ष पहले पूरे भारतवर्ष का चार बार भ्रमण किया। कई विद्वानों से शास्त्रार्थ कर अद्वैत मत को प्रतिपादित किया। कई मंदिरों का जीर्णोंद्धार किया, मठों की स्थापना की, उन्होंने पूरे राष्ट्र को सांस्कृतिक रूप से एक किया। कहा जा सकता है कि आज भारतीय संस्कृति के अस्तित्व के वे ही कारण है। इस अवसर पर सुरेश जी अग्रवाल, रामौतार नरसरिया, प्रदीप राजगढ़िया, मीनू मोदी, ललित बुधिया, आलोक तुलस्यान, विजय साबू, काशी टिबड़ेवाल, काशी कनोई, डा. रत्नेंद्र, डा. अंजू कन्हैयालाल अग्रवाल इत्यादि सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक बड़ी टीम प्रयास रत थी जिसमें सर्वश्री बैजनाथ सिंह, अशोक मंगल, विजय सरायका, राजेश अग्रवाल, राजेश कौशिक, राजीव रंजन, संजय सुल्तानिया, प्रमोद जी आदि मुख्य थे। यह ज्ञानयज्ञ पूज्य स्वामी चिन्मयानंद जी की 107 वीं जयंती के आलोक में आयोजित था और 09 मई तक दोनों सत्रों में संचालित होगा।




## प्रतिबंधित पिस्तौल रखने व अश्लील चैटिंग के संबंध में राज्यपाल से मिले सरयू राय

# बन्ना को बर्खास्त कराएं



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने मंगलवार को राज्यपाल से मुलाकात कर उनसे दरख्वास्त किया कि वे सीएम हेमंत सोरेन से कह कर राज्य के हेल्थ मिनिस्टर बन्ना गुप्ता को अविलंब बर्खास्त करें। श्री राय ने उन्हें तफसील से प्रतिबंधित पिस्तौल रखने और अश्लील चैटिंग के संबंध में जानकारी दी। यहां जारी एक बयान में सरयू राय ने कहा कि उन्होंने राज्यपाल को बताया कि किस प्रकार एक मंत्री के गलत कार्यों को झारखण्ड की सरकार कांग्रेस पार्टी के दबाव में संरक्षण दे रही है। राजनीतिक दबाव के कारण सारे प्रमाण रहने के बाद भी अभियुक्त के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो रही। ऐसा सिर्फ इसलिए कि वह राज्य सरकार में मंत्री हैं। यही कारण है कि झारखण्ड का प्रशासन गंभीर आरोप लगने के बाद भी मंत्री के खिलाफ जाँच नहीं कर रहा है। इस बारे में उन्होंने मंत्री द्वारा अवैध हथियार रखने के बारे में गत 28 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को सूचना देने का भी जिक्र किया, फिर भी कोई कार्रवाई न होने पर निराशा जताई। राज्यपाल ने सरयू राय को आश्वस्त किया कि वह इस बारे में सरकार से एक प्रतिवेदन मांगेंगे और उन्हें जो सूचना मिली है, उससे भारत सरकार के गृह मंत्रालय को भी अवगत करायेंगे।

# जल्द पूरा करें आवास योजना : मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि अधिकारी निरंतर क्षेत्र का भ्रमण करें तब ही गांव का विकास संभव है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से बड़ी संख्या में अब तक आवास निर्माण कार्य अधूरा रहने पर भी चिंता जतायी। साथ ही प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कहा कि वे लगातार इसके कारणों की समीक्षा कर हर हाल में आवास निर्माण कार्य पूर्ण करें। वे मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में आयोजित वाहन वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने 26 प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को वाहन वितरण समारोह में बोलेरो गाड़ी की चाबी सौंपी। पुराने व जर्जर हो चुके वाहनों के स्थान पर नये वाहन उपलब्ध कराये गये। साथ ही कहा कि सरकार हमेशा उनके साथ है। उन्हें साधन व सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा लेकिन अधिकारियों का लक्ष्य जनता तक विभाग की योजनाओं को शत-प्रतिशत पहुंचाना होना चाहिए। ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि अधिकारियों को हमेशा दूसरे लोगों और ग्रामीणों के विकास के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। अधिकारियों को साधन से ज्यादा लक्ष्य को महत्त्वपूर्ण बनाना चाहिए, जिससे जनता तक सरकार की योजना आसानी से पहुंच सके। मनरेगा, पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं को तेजी से धरातल पर उतारने के लिए बीडीओ को लगातार कार्य करने की जरूरत पर सचिव ने बल दिया।



**बीडीओ निरंतर फील्ड में जाएं : मनरेगा आयुक्त**

मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि सूबे के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निरंतर फील्ड में जाना चाहिए, ताकि योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिले। उन्होंने कहा कि यह अक्सर देखा जाता है कि अधिकारी मुख्यालय स्तर पर ही ज्यादा फोकस रखते हैं। ऐसे में अगर अफसर फील्ड विजिट करेंगे तो समस्याओं को अधिक बेहतर समझ कर कार्य करेंगे। मनरेगा आयुक्त ने पेंडिंग आवास पर भी चिंता जतायी। पंचायत भवनों को अधिक से अधिक कार्यशील बनाने पर जोर दिया इसे और सशक्त बनाने के लिए बीडीओ को जिम्मेवारी लेने को कहा। जेएसएलपीएस के सीइओ सूरज कुमार ने कहा कि वाहन, सुविधा इत्यादि तो दी जा रही है लेकिन कार्य समय पर पूर्ण हो यह जरूरी है। पहले प्रखंड भवन का निर्माण हुआ अब वाहनों का भी लगातार वितरण हो रहा है।पूर्व में भी 26 वाहन दिए गये थे, आज फिर दिए जा रहे हैं। ऐसे में लगातार साधन उपलब्ध कराया जा रहा है। अधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण जोर दिया। सीइओ ने कहा कि राज्य में अब तक 2.99 लाख एसएचजी का गठन हो चुका है। बड़ी संख्या में महिलाएं के सामाजिक,आर्थिक विकास व सशक्तीकरण किया जा रहा है। 35 लाख दीदी इससे जुड़ी है। लगभग 1.75 करोड़ ग्रामीण परिवार का सीधा जुड़ाव जेएसएलपीएस से हैं।

**इन बीडीओ को मिला वाहन :** बोकारो-चंदनक्यारी,चास। देवघर-सोनारायठाडी, देवघर सदर, सारवां, सारठ। हजारीबाग- पदमा, कटकमसांडी, केरेडारी, चुरचू। कोडरमा-सतगावां। रामगढ़-चित्तरपुर। जामताड़ा- जामताड़ा सदर, नाला,कुंडहीत, फतेहपुर। पश्चिम सिंहभूम- चाइबासा सदर, जग्गनाथपुर। रांची- राहे, तमाड़, बुंडू, चान्हो, मांडर। लोहरदगा-पेशरार, कैरो।

# सरयू राय ने हेमंत सोरेन को आधे कैबिनेट का मुख्यमंत्री बताया

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

बीमार चल रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा से मुलाकात करने पहुंचे निर्दलीय विधायक सरयू राय ने राज्य सरकार और मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए उन्हें आधे कैबिनेट का मुख्यमंत्री बताया है, कहा कि आधी कैबिनेट कांग्रेस चला रही है। दरअसल, सरयू राय इन दिनों राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का एक महिला के साथ वायरल अश्लील वीडियो और प्रतिबंधित पिस्टल को लेकर प्रखर हैं। परिसदन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री को लेकर जारी अश्लील वीडियो को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी गई है लेकिन इस पर आगे जांच नहीं हो रही है। साथ ही कहा कि मंत्री के कार्यालय से जारी महिला का सफाई वीडियो में उसका नाम पता और कुछ भी जानकारी नहीं दी गई है। राय ने कहा कि कि पांच दिन पूर्व उन्होंने इस विषय को लेकर जमशेदपुर में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग डीसी से की है लेकिन इस दिशा में भी एक भी कदम आगे कार्रवाई नहीं हुई। इससे यह प्रमाणित होता है कि यह वीडियो और अवैध पिस्टल दोनों सत्य है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पर तंज कसते हुए कहा कि जमशेदपुर में रघुवर दास के कब्जे में भाजपा है। पिस्टल से लेकर अश्लील वीडियो प्रकरण में निशिकांत दूबे के अलावा एक मात्र ट्वीट बाबूलाल मंराडी ने किया है।

## नशे में धुत महिला पदमपुर पुल से गिरकर गंभीर रूप से घायल

**रांची।** चक्रधरपुर सोनुवा मुख्य मार्ग पदमपुर पुल से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में घायल महिला को चक्रधरपुर का अनुमंडल अस्पताल में भर्ती किया गया। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए। चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

## आजसू पार्टी ने जिला कमेटी को तत्काल प्रभाव से भंग किया

**रांची।** आजसू पार्टी ने चतरा जिला कमेटी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही नए सिरे से नई कमेटी का गठन किया जाएगा। डॉ. भगत ने कहा कि गैर जवाबदेह, लापरवाह तथा निष्क्रिय नेतृत्व के कारण चतरा जिला में पार्टी के गठन, पुनर्गठन एवं विस्तार का कार्य शिथिल पड़ गया था। साथ ही पार्टी की अन्य गतिविधियां भी अपेक्षित रफ्तार से नहीं चल रही थी।

## शिक्षा से ही देश आज वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसरः कुलाधिपति

# दीक्षांत समारोह में मेधावियों को मिली उपाधि

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह का आयोजन मंगलवार को मोरहाबादी परिसर स्थित दीक्षांत मंडप में संपन्न हुआ। इस समारोह में 65 टॉपरों के साथ ही 81 गोल्ड मेडलिस्ट को उपाधि दी गयी। साथ ही 2859 छात्रों को भी उपाधि दी गयी। इसमें पीजी, पीएचडी तथा अपने विषयों के टॉपर मेधावियों को कुलाधिपति सह राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया।



मौके पर राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि शिक्षा से ही देश आज वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। हाल के कुछ वर्षों में भारतीय युवाओं ने अपनी शिक्षा से विश्व के सभी बड़े संस्थानों, उद्यमों के शीर्ष स्थान को प्राप्त किया है। आज यूरोप और अमेरिका हमारी ओर देख रहे हैं। राष्ट्र का सम्मान पश्चिम की नजर में बढा है तो इसका कारण हमारी शिक्षा, हमारे संस्कार और देश की युवा शक्ति हैं। कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय उच्च और रोजगारपरक शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर अग्रसर है। आज शिक्षा के बाद दीक्षा दी जा रही है। आज का भारत युवाओं का भारत है। रांची विश्वविद्यालय के छात्रों ने कई क्षेत्रों में राज्य एवं विवि का गौरव बढाया है। हमारे छात्रों ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है।

## परिभ्रमण | छात्रों ने मसूरी पर्वत श्रृखंलाओं में प्राकृतिक संसाधनों को देखा

# दुर्लभ पौधों की बारीकी से जानकारी ली

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के वानिकी संकाय के 39 सदस्यीय यूजी छात्रों के शैक्षणिक परिभ्रमण दल ने प्राध्यापक डॉ. आशीष कुमार चक्रवर्ती एवं डॉ. ज्योतिष कुमार केरकेट्टा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मसूरी के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में ऊंचाईवार ओक, पाईन, देवदार आदि वृक्षों के बदलते क्रम तथा पर्वत में दिशात्मक पहलू का प्रभाव और उसमें वानस्पतिक अंतर का अध्ययन किया। साथ ही दल ने मसूरी के पर्वत श्रृखंलाओं में प्राकृतिक संसाधन का आकलन के अलावा प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के अंतर्गत चुना पत्थर के पूर्व में हुए खनन एवं वनों के विनाश का अध्ययन किया। छात्रों ने मसूरी के पर्वत श्रृखंलाओं में सीढ़ीनुमा खेती संरक्षण के उपायों को करीब से जाना। मसूरी स्थित कंपनी बाग में स्थानीय पेड़-पौधे एवं दुर्लभ पौधों की प्रजाति का बारीकी से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान छात्रों में लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान, देहरादून में प्रशिक्षुओं से भेंट में वानिकी सबंधी ज्ञान से प्रभावित हुए। इसके उपरांत छात्रों ने देहरादून स्थित प्रसिद्ध वन अनुसंधान संस्थान में वनवर्धन, काष्ट वन उपज, वन कीट विज्ञान और काष्ट के विकृति विज्ञान संग्रहालयों में जाकर वानिकी सबंधी व्यापक जानकारियों का दो दिनों तक अध्ययन किया। काष्ट एवं अन्य वश्यो की गहन तकनीकी जानकारियों के लिए संस्थान के वनोपज प्रभाग में काष्ट की सीजनिंग उपचार और रूपांतरण के विभिन्न तरीकों की क्रमिक विधि की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। प्राध्यापक डॉ. ज्योतिष कुमार केरकेट्टा ने बताया कि 15 दिवसीय शैक्षणिक परिभ्रमण के दौरान सभी संस्थानों एवं प्रभागों से काफी बढ़िया सहयोग प्राप्त हो रहा है। वानिकी से जुड़े विभिन्न स्थानीय संस्थानों एवं प्रभागों में प्रत्यक्ष तकनीकी लाभ से सभी छात्र काफी उत्साहित है। प्राध्यापक डॉ आशीष कुमार चक्रवर्ती ने बताया कि आगामी कार्यक्रमों में छात्रों का दल वन अनुसंधान संस्थान के अन्य प्रभागों के अलावा वानस्पतिक उद्यान, हर्बेरियम, बांस वाटिका और राष्ट्रीय वन पुस्तकालय एवं सुचना केंद्र का भी अवलोकन करेंगे।




**Government of Jharkhand**
**Urban Development Department**
**Latehar Nagar Panchayat , Latehar**

**e- Procurement Notice (Short Tenders Notice)**
**NIT No. - UDD/LNP/01/2023-24**

Notice No. - Date –

| S.L. No. | Tender ID | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शहरी परिवहन मद से | | | | | | |
| 1 | 01/LNP/01/ 2023-24 | वार्ड सं0 01 में करकट टोला में पुराने पी0सी0सी0 से आम पेड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 500800.00 | 10100.00 | 5000.00 | दो माह |
| 2 | 02/LNP/01/ 2023-24 | वार्ड सं0 02 में जोगेन्द्र ठाकुर के घर से प्रमोद उपाध्याय के घर होते हुए देवी मण्डप तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 708000.00 | 14200.00 | 5000.00 | दो माह |
| 3 | 03/LNP/01/ 2023-24 | वार्ड सं0 02 में राजकुमार उपाध्याय के घर से कुआँ होते हुए निरंजन उपाध्याय के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 240100.00 | 4900.00 | 5000.00 | एक माह |
| 4 | 04/LNP/01/ 2023-24 | वार्ड सं0 05 में कल्लु सिंह के घर से गणेश राम के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 973300.00 | 19500.00 | 5000.00 | दो माह |
| 5 | 05/LNP/01/ 2023-24 | वार्ड सं0 11 तापाखास में अधिवक्ता संघ परिसर में झंडोत्तोलन स्थल के चारो तरफ पेबर ब्लॉक बिछाने का कार्य। | 742100.00 | 14900.00 | 5000.00 | दो माह |
| 6 | 06/LNP/01/ 2023-24 | वार्ड सं0 11 में समाहरणालय परिसर में बाये तरफ पार्किंग क्षेत्र में पेबर ब्लॉक बिछाने का कार्य। | 405900.00 | 8200.00 | 1000.00 | एक माह |
| 7 | 07/LNP/01/ 2023-24 | वार्ड सं0 11 में केश्वर आहार पथ से अंनजय जी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 256400.00 | 5200.00 | 1000.00 | एक माह |
| 8 | 08/LNP/01/ 2023-24 | वार्ड सं0 14 में बसंती कुंवर के घर से सम्पती देवी के घर होते हुए शामु उरांव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 962000.00 | 19300.00 | 5000.00 | दो माह |
| 9 | 09/LNP/01/ 2023-24 | वार्ड सं0 15 में विशुनपुर मोड़ से दिपक सिंह के घर होते हुए संतोष डुंगडुंग के घर तक गार्डवॉल (विशुनपुर मोड़ से एस0पी0 शर्मा के चारहदिवारी) सहित पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 2356400.00 | 47200.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 10 | 10/LNP/01/ 2023-24 | वार्ड सं0 15 बाईपास रोड मोड से सहकारिता विभाग होते हुए मुरारी डीलर के धर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण कार्य। | 881900.00 | 17700.00 | 5000.00 | दो माह |
| नागरीक सुविधा मद से | | | | | | |
| 11 | 11/LNP/01/ 2023-24 | वार्ड सं0 05 में वार्ड पार्षद के घर से पचन चौक तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 433900.00 | 8700.00 | 1000.00 | एक माह |
| 12 | 12/LNP/01/ 2023-24 | वार्ड सं0 07 में अशोक राम के घर से नरेश लाल रवि के घर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1402400.00 | 28100.00 | 5000.00 | दो माह |
| 13 | 13/LNP/01/ 2023-24 | वार्ड सं0 07 में सुधीर प्रजापति के घर से जयंत्री नदी तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 570200.00 | 11500.00 | 5000.00 | दो माह |
| 14 | 14/LNP/01/ 2023-24 | वार्ड सं0 08 में देवी मण्डप के बगल से दशरथ प्रसाद के घर होते हुए सदर थाना के चारहदिवारी तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 592300.00 | 11900.00 | 5000.00 | दो माह |
| 15 | 15/LNP/01/ 2023-24 | वार्ड सं0 08 में उपेन्द्र पासवान के घर से शिवपुरी रोड़ तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 497700.00 | 10000.00 | 1000.00 | एक माह |
| 16 | 16/LNP/01/ 2023-24 | वार्ड सं0 09 में वैष्णों माता मंदिर के बगल से बरगद वृक्ष होते हुए मेन रोड़ में पुराने नाली तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1646100.00 | 33000.00 | 5000.00 | दो माह |
| 17 | 17LNP/01/2 023-24 | वार्ड सं0 10 में संतोष सिंह के घर से कन्हैया मिस्त्री के घर होते हुए आहर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1219600.00 | 24400.00 | 5000.00 | दो माह |
| 18 | 18LNP/01/2 023-24 | वार्ड सं0 12 अम्वाटिकर में शाहिद रजा के घर से अमानुल्ला के धर होते हुए वसीम अंसारी के घर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 1755200.00 | 35200.00 | 5000.00 | दो माह |
| 19 | 19/LNP/01/ 2023-24 | वार्ड सं0 11, 13 एवं 14 में कमेश्वर उरांव के घर से बंसत बिहार के आगे सम्पर्क नाली तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 लिंक नाली निर्माण कार्य। | 923100.00 | 18500.00 | 5000.00 | दो माह |
| 20 | 20/LNP/01/ 2023-24 | वार्ड सं0 13 कैथोलिक चर्च से बंसत कच्छप के धर / सरकारी भवन होते हुए फुटलकी आहर तक स्लैब सहित आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 2335100.00 | 46800.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 21 | Date of Publication of Tender on website | | 04.05.2023 at 11:00 AM | | | |
| 22 | Mode of Submission of bids | | E-Tendering https//:jharkhandtenders.gov.in | | | |
| 23 | Date start of submission of bids | | 05.05.2023 at 10:00 am | | | |
| 24 | Last Date/Time of submission of bids | | 25.05.2023 upto 03:00 pm | | | |
| 25 | Date of Technical & Financial Bid opening (online) | | 26.05.2023 upto 05:00 pm | | | |
| 26 | Last Date/Time of submission at office Cost Of BOQ, Earnest Money and Tender Document | | 25.05.2023 upto 05:00 pm | | | |
| 27 | Name & Address of office inviting tender | | Executive officer Nagar Panchayat, Latehar | | | |
| 28 | Contact No. of Procurement officer | | 9308707021/ 9472752385 | | | |
| 29 | Helpline number of e-Procurement cell | | 9308707021/ 9472752385 | | | |

NOTE : Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

(Shekhar Kumar)
Executive Officer
Nagar Panchayat, Latehar

PR.NO.296273 Urban Development(23-24):D

# अमेरिका में कोविड टीका की अनिवार्यता हो रही खत्म, जोकोविच खेल सकते हैं यूएस ओपन



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया के नंबर एक सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच इस साल यूएस ओपन में खेल सकते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका ने अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए कोविड-19 टीकाकरण अनिवार्यता को हटाने की घोषणा कर दी है। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन टीका नहीं लेने के चलते यूएस ओपन सहित कई टूर्नामेंटों से चूक गए थे। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा, हम घोषणा कर रहे हैं कि प्रशासन 11 मई को संघीय कर्मचारियों, संघीय कांट्रैक्टर और अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रियों के लिए कोविड-19 वैक्सीन की अनिवार्यता समाप्त कर देगा। उसी दिन कोविड-19 सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल भी समाप्त हो जाएगा। सर्बियाई खिलाड़ी ने इस सालत की शुरूआत में अमेरिकी अधिकारियों से कोविड टीका नहीं लेने के बावजूद संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने के लिए विशेष अनुमति मांगी थी। हालांकि, उनको प्रवेश से वंचित कर दिया गया और इस तरह मार्च में इंडियन वेल्स और मियामी ओपन से वो हट गए।

## 300वीं करियर जीत के साथ मेदवेदेव अंतिम 16 में



**मैड्रिड।** दानिल मेदवेदेव ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अपने करियर में पहली बार मैड्रिड ओपन के अंतिम 16 में जगह बना ली। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार दूसरी सीड मेदवेदेव पहला सेट विश्व में 96वीं रैंकिंग के खिलाड़ी एलेक्जेंडर शिवचेंको से 4-6 से हार गए लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-1 से जीता और निर्णायक सेट में कड़े संघर्ष में 7-5 से जीत हासिल करते हुए मैच दो घंटे 42 मिनट में समाप्त कर दिया। 27 वर्षीय मेदवेदेव ने इस तरह अपने प्रोफेशनल करियर की 300वीं जीत हासिल की और अंतिम 16 में उनका मुकाबला एशियन करातसेव से होगा जिन्होंने 16वीं सीड एलेक्स डी मिनौर को तीन सेटों में 6-3, 4-6, 6-4 से हराया। जान-लेनार्ड स्ट्रफ ने दुसान लाजोविच को 6-7 (2), 6-3, 6-3 से हराकर अंतिम 16 में जगह बना ली। महिला टूर्नामेंट में दूसरी सीड आर्यना सबालेंका ने मीरा आंद्रीवा को पराजित किया। 31वीं सीड इरेना कामेला बेगू ने लुडमिला सैम्सोनोवा को 6-4, 6-4 से और मिस्त्र की मायर शेरिफ ने बेल्जियम की एलिस मर्टेंस को 6-4, 0-6, 6-4 से हराया।

## सितसिपास अंतिम 16 में, फ्रिट्ज ने गारिन को हराया



**मैड्रिड।** डोमिनिक थिएम को तीसरे सेट के टाई ब्रेक में हराकर मैड्रिड ओपन में अपने अभियान की शानदार शुरूआत करने वाले यूनान के स्टेफानोस सितसिपास ने सेबेस्टियन बाएज के खिलाफ महत्वपूर्ण मौकों पर अंक बटोरते हुए जीत हासिल की और अंतिम 16 में जगह बना ली। सितसिपास ने 7-5, 3-6, 6-3 से जीत हासिल की और इस सत्र में क्ले कोर्ट पर अपना रिकॉर्ड 8-2 पहुंचा दिया। सितसिपास का अगला मुकाबला बेनार्बे जपाटा मिराल्स से होगा जिन्होंने क्वालीफायर रोमन सफिउलीन को 6-3, 3-6, 6-3 से पराजित किया। यूनानी खिलाड़ी यदि इस सप्ताह एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीत लेते हैं तो वह विश्व रैंकिंग में तीसरे नंबर पर पहुंच जाएंगे और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच से 1000 अंकों के करीब पहुंच जाएंगे। यह उनकी सत्र की पहली ट्रॉफी होगी। उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन और पिछले सप्ताह बार्सिलोना के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। अन्य बड़े मुकाबले में क्ले कोर्ट पर अपने पहले खिताब की तलाश में लगे टेलर फ्रिट्ज ने क्रिस्टियन गारिन को तीसरे राउंड में सोमवार को 6-1 7-6(4) से हराया।

# दिल्ली ने गुजरात को दिया 131 रनों का लक्ष्य



**एजेंसी। अहमदाबाद**

दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन के 44वें मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस को जीत के लिए 131 रन का टारगेट दिया है। टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 130 रन पर बनाए हैं। गुजरात के अहमदाबाद स्टेडियम में दिल्ली की ओर अमन खान ने सबसे ज्यादा 51 रन बनाए। अक्षर पटेल ने 27 और रिपल पटेल ने 23 रन का योगदान दिया। मोहम्मद शमी ने चार विकेट झटके। मोहित शर्मा को दो और राशिद खान को एक विकेट मिला। अमन खान ने 51 रन की अहम पारी खेली। उन्होंने 41 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। अमन ने इस लीग में पहला अर्धशतक जमाया। अमन ने अक्षर पटेल के साथ 50 और रिपल के साथ 53 रन जोड़े। 23 पर 5 विकेट गंवाने के बाद अक्षर पटेल और अमन पटेल ने दिल्ली की बिखरती पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों ने 54 बॉल पर 50 रन की पार्टनरशिप की। इस साझेदारी को मोहित शर्मा ने अक्षर पटेल को चलता किया। दिल्ली की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पहले पावरप्ले में 28 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए। फिल सॉल्ट, डेविड वॉर्नर, राइली रूसो, मनीष पांडेय और प्रियम गर्ग सस्ते में पवेलियन लौट गए। मोहम्मद शमी ने दिल्ली को चार झटके दिए। एक बल्लेबाज रनआउट हुए। मिचेल मार्श आज बीमार होने के कारण नहीं खेल रहे हैं। उसके जगह पर राइली रुसो को मौका मिला है। खलील अहमद की भी वापसी हुई है। वहीं गुजरात टीम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। गुजरात टाइटंस : हार्दिक पांड्या (कप्तान), रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), अभिनव मनोहर, विजय शंकर, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, नूर अहमद, मोहम्मद शमी, मोहित शर्मा, जोशुआ लिटिल। इम्पैक्ट प्लेयर्स : शुभमन गिल, साईं किशोर, श्रीकर भरत, साईं सुदर्शन, शिवम मावी। दिल्ली कैपिटल्स : डेविड वार्नर (कप्तान), फिलिप साल्ट (विकेटकीपर), मनीष पांडे, राइली रुसो, प्रियम गर्ग, अक्षर पटेल, रिपल पटेल, अमन हकीम खान, कुलदीप यादव, एनरिक नॉर्त्या, इशांत शर्मा। ?????इम्पैक्ट प्लेयर्स : खलील अहमद, ललित यादव, यश ढुल, प्रवीण दुबे, अभिषेक पोरेल। गुजरात 12 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल के टॉप पर और दिल्ली 6 हार के बाद बॉटम पर है। दिल्ली को इस स्टेज से प्लेऑफ में पहुंचने के लिए सभी मुकाबले जीतने होंगे, वहीं गुजरात को फिर से प्लेऑफ में पहुंचने के लिए महज 2 जीत चाहिए। डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस टूनार्मेंट के अह तक 8 में से 6 मैच जीतकर 12 अंकों के साथ पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है। टीम ने कोलकाता और राजस्थान के खिलाफ ही मैच गंवाए हैं। दिल्ली के खिलाफ होम ग्राउंड पर जीत दर्ज कर टीम पहले स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर सकती है। दिल्ली के खिलाफ उनके 4 विदेशी खिलाड़ी राशिद खान, नूर अहमद, जोशुआ लिटिल और डेविड मिलर हो सकते हैं। साई सुदर्शन ने सीजन के पिछले मैच में दिल्ली के खिलाफ फिफ्टी लगाई थी, लेकिन उन्हें सिलेक्ट करने के लिए कप्तान हार्दिक पंड्या को विजय शंकर या अभिनव मनोहर में से किसी एक को बैठाना होगा। दिल्ली ने टूनार्मेंट की शुरूआत लगातार 5 मैच हारकर की थी, लेकिन फिर 2 मुकाबले जीते।

# विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले चोटों ने बढ़ाई भारतीय टीम की चिंता



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय टेस्ट टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले एक बड़ा झटका लगा है क्योंकि सोमवार को आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ मैच में केएल राहुल और जयदेव उनादकट को चोट लग गई है। प्रमुख सलामी बल्लेबाज केएल राहुल और तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट को क्रमशः हैमस्ट्रिंग और कंधे की चोट लगी है, जिसने भारतीय टेस्ट टीम की चिंताओं को बढ़ा दिया है। बाएं हाथ के तेज उनादकट रविवार को नेट सत्र में फॉलो-थ्रू के दौरान एक तार से टकराकर चोटिल हो गए। इसके बाद 31 वर्षीय उनादकट ने प्रशिक्षण छोड़ दिया। उनका 7 जून से द ओवल में एकमात्र विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में खेलना संदिग्ध है।

उनका चोटिल होना भारतीय तेज गेंदबाजी के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि हाल ही में स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के पीठ की सर्जरी हुई है और वह टीम का हिस्सा नहीं हैं। उनादकट उन पांच गेंदबाजों में से एक हैं जिन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम में शामिल किया गया है, हालांकि शार्दुल ठाकुर और उमेश यादव का फिटनेस भी संदेह में है। राहुल की हैमस्ट्रिंग की चोट ने बल्लेबाजी पक्ष की भी चिंता बढ़ा दी है। टीम को पहले से ही श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत की कमी खल रही थी और अब उसमें नया नाम राहुल का जुड़ गया है। अजिंक्य रहाणे संभवतः एक साल में अपना पहला टेस्ट मैच खेलेंगे, जिसमें शुभमन गिल कप्तान रोहित शर्मा के साथ शीर्ष क्रम में शामिल होंगे। चेतेश्वर पुजारा और विराट कोहली को नंबर 3 और नंबर 4 पर मानते हुए, रहाणे नंबर 5 पर आएंगे।

## नेपाल ने यूएई को हराकर एशिया कप के लिए किया क्वालीफाई



**काठमांडू।** नेपाल ने एसीसी प्रीमियर कप क्रिकेट का खिताब जीत लिया। आज मंगलवार को नेपाल ने यूएई के खिलाफ जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया है। खिताब जीतकर नेपाल एशिया कप क्रिकेट खेल सकेगा। यूएई ने कल यानी सोमवार को नेपाल को 118 रन का टारगेट दिया था। बारिश के कारण खेल रोके जाने के बाद आज फिर से खेल शुरू किया गया। जवाब में नेपाल ने 30.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर यह लक्ष्य हासिल किया।

## फीबा ओलंपिक प्री-क्वालीफाइंग टूर्नामेंट : भारतीय पुरुष टीम ग्रुप ए में



**एजेंसी। नई दिल्ली**

इस साल 12 से 20 अगस्त तक होने वाले फीबा ओलंपिक प्री-क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के एशियन लेग के लिए भारतीय पुरुष बास्केटबॉल टीम को ग्रुप ए में चीनी ताइपे, दक्षिण कोरिया और बहरीन के साथ रखा गया है। इंटरनेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (फीबा) ने सोमवार को ड्रॉ निकाला। टूर्नामेंट के एशियन लेग के स्थान के बारे में बाद में पुष्टि की जाएगी। कजाकिस्तान, सऊदी अरब, इंडोनेशिया और सीरिया एशियाई ड्रॉ के ग्रुप बी में हैं। पुरुषों की फीबा विश्व रैंकिंग के आधार पर, ड्रॉ के लिए आठ टीमों को दो टीमों के चार पॉट में विभाजित किया गया था। सीरिया और भारत को तीसरे पॉट में रखा गया था। ग्रुप ए में उच्चतम रैंक वाली टीम दक्षिण कोरिया है, जो वर्तमान में फीबा बास्केटबॉल रैंकिंग में 38वें स्थान पर है, इसके बाद चीनी ताइपे (69), भारत (82) और बहरीन (84) हैं।

पेरिस 2024 पुरुषों की बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मेजबान फ्रांस सहित कुल 12 टीमें शामिल होंगी। फीबा बास्केटबॉल विश्व कप 2023, जो इस साल अगस्त और सितंबर में फिलीपींस, जापान और इंडोनेशिया द्वारा सह-मेजबानी की जाएगी, इनमें से सात टीमों के भाग्य का फैसला करेगा।

दो चरण के फीबा ओलंपिक योग्यता टूर्नामेंट चार अंतिम स्थान निर्धारित करेंगे।

## राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का कैलेंडर जारी

### एक नवंबर से 23 जनवरी, 2024 तक होगा आयोजन

### 18 खेलों में 25 हजार से ज्यादा खिलाड़ी होंगे शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में स्कूली स्तर पर खेल को बढ़ावा देने और माइक्रो लेवल पर अच्छे खिलाड़ियों को चुनने के लिए झारखंड में शिक्षा परियोजना परिषद ने राज्यस्तरीय खेलो झारखंड के लिए साल 2023-24 का वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया है। इसमें कुल 18 खेलों को शामिल किया गया है। परियोजना निदेशक किरण पासी ने बताया कि खेल निदेशालय के निदेशक को पत्र जारी कर खेल कैलेंडर के तहत खिलाड़ियों को तमाम सुविधाएं मुहैया कराने, खेल के लिए स्थान और जरूरी उपकरण उपलब्ध कराने को कहा गया है। कैलेंडर के मुताबिक खेलों का आयोजन एक नवंबर से शुरू होकर 23 जनवरी, 2024 तक चलेगा। सभी 18 इवेंट में कुल 25,416 प्रतियोगी भाग लेंगे। सभी खेल का आयोजन रांची के खेल गांव समेत राजधानी में मौजूद अन्य स्टेडियम में होगाा। एक से पांच नवंबर तक एथलेटिक्स, तीरंदाजी और हॉकी प्रतियोगिता होगी। सात से 10 नवंबर तक जुडो, ताइक्वांडो और मुक्केबाजी की प्रतियोगिता होगी। कबड्डी और कुश्ती की प्रतियोगिताएं 22 से 26 नवंबर के बीच कुल पांच दिन होंगी। 30 नवंबर से तीन दिसंबर के बीच कराटे, वुशु और शतरंज की प्रतियोगिताएं होंगी। वॉलीबाल और खो-खो का आयोजन सात दिसंबर से 11 दिसंबर तक कराया जाएगा। फुटबॉल और बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं 15 दिसंबर से 19 दिसंबर के बीच 5 दिन तक कराई जाएंगी। 21 दिसंबर से 22 दिसंबर तक बैंड प्रतियोगिता होगी। 11 जनवरी से 13 जनवरी के बीच तीन दिन तक झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान परिषद, रातू, रांची में योग प्रतियोगिताएं होंगी। साइकिलिंग की प्रतियोगिता 17 से 18 जनवरी के बीच खेल गांव में होगी। सबसे अंत में 20 से 23 जनवरी तक क्रिकेट की प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें कुल 720 खिलाड़ी भाग लेंगे। सबसे ज्यादा एथलेटिक्स में 2736 खिलाड़ी शामिल होंगे।

**आईपीएल 2023** | **गंभीर के साथ तकरार के बाद कोहली का पोस्ट**

# हम जो कुछ भी देखते हैं, वह एक संदर्भ है



**एजेंसी। नई दिल्ली**

विराट कोहली एक बार फिर सुर्खियों में हैं। आईपीएल 2023 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बीच सोमवार को खेले गए मैच के बाद गौतम गंभीर के साथ विराट कोहली की 'गंभीर' कहासुनी हो गई जो काफी चर्चा में है। मैच के बाद कोहली और गंभीर के बीच तीखी नोकझोंक हुई और दोनों को अलग करने के लिए दूसरे खिलाड़ियों को हस्तक्षेप करना पड़ा।

यह घटना तब हुई जब आरसीबी ने लो स्कोरिंग थ्रिलर में एलएसजी को 18 रनों से हरा दिया। गंभीर और कोहली को इसके बाद गर्मागरम बहस करते देखा गया और दोनों टीमों के खिलाड़ियों को बीच-बचाव करना पड़ा। पहले गंभीर ने कोहली से बात कर रहे एक एलएसजी खिलाड़ी को अपनी ओर खींच लिया और कोहली से अलग कर दिया। सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आए हैं जिसमें कोहली और गंभीर बहस करते नजर आ रहे हैं। कोहली द्वारा कही गई किसी बात पर एलएसजी मेंटॉर गंभीर अपनी नाराजगी जताते हुए दिखाई दे रहे हैं जिसके बाद एलएसजी खिलाड़ियों ने अपने पूर्व भारतीय टीम के साथी को आगे बढ़ने से रोका।

इस बीच, कोहली ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक नोट पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने पूर्व रोमन सम्राट मार्कस ऑरेलियस को कोट किया जिन्होंने 161 से 180 ईस्वी तक शासन किया। वो एक दार्शनिक भी थे।

अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में, पूर्व कप्तान ने कहा, हम जो कुछ भी सुनते हैं वह एक राय है, तथ्य नहीं। हम जो कुछ भी देखते हैं वह एक संदर्भ में होता है, जरूरी नहीं सच हो। इससे पहले, खेल के बाद हाथ मिलाने के दौरान कोहली की एलएसजी तेज गेंदबाज नवीन-उल-हक के साथ कहासुनी हो गई। लांकि, कोहली और गंभीर दोनों पर आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 100 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है, जबकि एलएसजी गेंदबाज नवीन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

### कुंबले ने कोहली-गंभीर की बहस पर कहाः यह देखना अच्छा नहीं था

**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शानदार गेंदबाजी करते हुए लखनऊ सुपर जायंट्स को सोमवार रात यहां आईपीएल मुकाबले में 18 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु ने 20 ओवर में 126/9 रन का मामूली स्कोर बनाया। कप्तान फाफ डुप्लेसी ने सर्वाधिक 44 रन बनाये जबकि उनके जोड़ीदार विराट कोहली ने 31 रन का योगदान दिया। दोनों ने ओपनिंग साझेदारी में नौ ओवर में 62 रन जोड़े। बेंगलुरु के गेंदबाजों ने बेहतरीन और कसी हुई गेंदबाजी की और लखनऊ को 19.5 ओवर में 108 रन पर निपटा दिया। स्पिनर कर्ण शर्मा और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने क्रमशः 2/20 और 2/15 विकेट लिए। इस बीच मैच के बाद कोहली और लखनऊ टीम के मेंटर पूर्व भारतीय ओपनर गौतम गंभीर के बीच कुछ गरमा गरम बहस देखी गई जिसे लेकर जियोसिनेमा के आईपीएल विशेषज्ञ अनिल कुंबले कुछ नाराज दिखे। उन्होंने कहा, काफी भावनाएं थीं लेकिन आप इन भावनाओं को यहां नहीं दिखा सकते। यह महत्वपूर्ण है कि आपके बीच बातचीत हो लेकिन इस तरह की बहस स्वीकार्य नहीं है।

